CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: ccl Time: 03-11-2026 22:40 Color:



# NBT नवभारत टाइम्स






**सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, बेटे की तरफ से माता-पिता ने लगाई थी गुहार**

# पहली बार इच्छामृत्यु की इजाज़त

■ राजेश चौधरी/इला श्रीवास्तव, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने बुधवार को 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की इजाजत दे दी। इच्छामृत्यु पर यह ऐतिहासिक फैसला है, क्योंकि देश में इस तरह का यह पहला मामला है। गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स (AIIMS) को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की अपील पर सुनाया। उनकी प्रशंसा करते हुए कोर्ट ने कहा कि परिवार ने कभी हरीश का साथ नहीं छोड़ा। किसी से प्यार करने का मतलब है, सबसे बुरे समय में भी उनकी देखभाल करना।



हरीश की देखभाल में जीजान से लगे हैं उनके माता-पिता।

> यह दुखद है। हमारे लिए मुश्किल फैसला है, लेकिन इस लड़के को यूं अपार दुख में नहीं रख सकते। हम उस स्टेज में हैं, जहां आखिरी फैसला लेना होगा। -जस्टिस जेबी. पारदीवाला



- गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन के हरीश राणा 13 साल से लाइफ सपोर्ट पर हैं
- इच्छामृत्यु का फैसला सुनाते समय जस्टिस जस्टिस जेबी. पारदीवाला हो गए भावुक

## बेटे की पीड़ा देखी नहीं जाती, इसलिए लिया ये फैसला: मां

**हरीश राणा** चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए और पूरे शरीर में लकवा मार गया। वह कोमा में चले गए। डॉक्टर्स ने क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी बताई। इसमें मरीज पूरी तरह फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर पर निर्भर रहता है। राणा परिवार दिल्ली के द्वारका से पांच साल पहले गाजियाबाद आ गया था। हरीश की मां ने कहा, 'बेटे के इलाज के लिए 2021 में दिल्ली के महावीर एनक्लेव में तीन मंजिला मकान बेचना पड़ गया। बेटे की असहनीय पीड़ा, मस्तिष्क में गंभीर चोटें, स्थायी अचेत अवस्था देखी नहीं जाती। उसे इस पीड़ा से मुक्ति दिलाने के लिए दुखी मन से ऐसा करने का फैसला लेना पड़ा।' हरीश के पिता अशोक राणा कहते हैं, 'हमने कोर्ट का रुख तब किया, जब एहसास हुआ कि बेटे की स्थिति असाध्य और लाइलाज है। सुप्रीम कोर्ट ने AIIMS दिल्ली को निर्देश दिया कि राणा को पैलिएटिव केयर में भर्ती किया जाए, ताकि उनका उपचार धीरे-धीरे वापस लिया जा सके। केंद्र सरकार से कहा कि सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पंजीकृत चिकित्सकों का पैनल बनाए रखें, ताकि उन्हें द्वितीयक मेडिकल बोर्ड में नामित किया जा सके। कोर्ट अपने क्षेत्र के न्यायिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दें कि वे मेडिकल बोर्ड द्वारा उपचार हटाने के निर्णय की सूचना प्राप्त करें। » गुड़गांव टाइम्स

> हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के बाद मार गया था लकवा

## स्पीकर पर 'अविश्वास' ध्वनि मत से गिरा प्रस्ताव



**10 घंटे चर्चा** गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी को घेरा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**लोकसभा स्पीकर** ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। 10 घंटे से ज्यादा चली चर्चा के बाद ध्वनि मत से इसे खारिज कर दिया गया। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि सदन में उन्हें बोलने से रोका गया। पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हकीकत यह है कि वह (राहुल) बोलना ही नहीं चाहते। अक्सर सत्र के दौरान विदेश में रहते हैं। » पेज 6

### अब CEC के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

**पश्चिम बंगाल** में एसआईआर को लेकर जारी विवाद के बीच विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी तेज कर दी है। टीएमसी की इस पहल को कई विपक्षी दलों का समर्थन मिला है। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा के करीब 120 और राज्यसभा के 60 सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।


## बाइक रैली में आ रही हैं आप?

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर NBT गुड़गांव में लाया है आपके लिए ऑल वुमन बाइक रैली में शामिल होने का मौका। आज ही करा लें रजिस्ट्रेशन।
» देखें गुड़गांव टाइम्स

ऐसे बनें हिस्सा
7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें

जगह: लेजर वैली, कंक्रीट पार्किंग, सेक्टर-29, गुड़गांव
तारीख: संडे,22 मार्च 2026

NBT ALL WOMEN BIKE RALLY 2026


# गैस के इंतज़ाम क्या-क्या?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


**सिर्फ दिल्ली-NCR** ही नहीं, बल्कि एमपी, राजस्थान, यूपी, नॉर्थ ईस्ट, साउथ सब जगह गैस की सप्लाई लगभग ठप होने की खबरें हैं। कई राज्यों ने कमर्शल गैस सिलिंडर की सप्लाई पर रोक लगा दी है। रेस्तरां और होटल बंद होने की नौबत आ गई है। अमेरिका-इस्राइल और ईरान की जंग की वजह से होर्मुज जलमार्ग के रास्ते गैस सप्लाई ठप हो गई है, इस वजह से चूल्हे, तंदूर, स्टोव से काम चलाना पड़ रहा है। ग्राहकों की कतार लगने और बुकिंग के लिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के फोन नंबरों पर कॉल कनेक्ट नहीं होने की शिकायतों के बीच सरकार ने बुधवार को कहा कि घरेलू उपयोग वाले LPG सिलिंडर की आपूर्ति सामान्य तौर पर बुकिंग के बाद करीब ढाई दिनों में होती है, इसलिए अगर सिलिंडर बुक किया जाएगा तो ढाई दिनों के अंदर आपूर्ति होगी। अफवाहों के चलते सिलिंडर बुकिंग के लिए आपाधापी मचाने की जरूरत नहीं है। बुधवार को ही गृह सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और DGP के साथ मीटिंग की और उनसे कहा कि वे किसी भी तरह की जमाखोरी और कालाबाजारी न होने दें। सरकार ने तेल एवं गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और शिपिंग मिनिस्ट्री के अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग भी कराई। वहीं, दिल्ली में रेस्टोरेंट व्यवसायियों की असोसिएशन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि गैस न मिल पाने से कई रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर आ हैं। ज्यादातर के पास एक-दो दिन का ही स्टॉक है। पहाड़गंज और करोल बाग में कुछ रेस्टोरेंट्स बंद होने की बात भी सामने आई है। » पेज 3 और 12

> होर्मुज के रास्ते गैस सप्लाई ठप होने से किल्लत

### सरकार ने कहा, बुकिंग के बाद ढाई दिनों में ही मिल रहा LPG सिलिंडर

### केंद्र का राज्यों को जमाखोरी और कालाबाज़ारी रोकने का निर्देश





**संकट से कैसे बचे?** बेंगलुरु के रेस्टोरेंट्स में कमर्शल LPG की कमी होने पर स्टोव का सहारा, नागपुर में चूल्हे में लकड़ी जलाकर बन रहा खाना।

### 2 भारतीयों की मौत, और कहां क्या हुआ?

- भारत सरकार ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में दो भारतीयों की मृत्यु हो गई है और एक अन्य लापता है। ईरान में अभी करीब 9000 भारतीय हैं।
- ईरान ने दुबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। दो ड्रोन एयरपोर्ट के पास गिरे। इसमें चार लोग घायल हुए, जिनमें एक भारतीय भी शामिल है।
- अमेरिका के रक्षा विभाग ने बताया कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान से जुड़े लगातार हमलों के पहले 10 दिन के दौरान लगभग 140 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।
- वैश्विक तेल मानक कच्चा तेल 5.76% बढ़कर 92.36 डॉलर प्रति बैरल हो गया। सेंसेक्स 1,342.27 अंक गिरकर 76,863.71 अंक पर और निफ्टी 394.75 अंक गिरकर 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।

**ईरान के माइन बिछाने वाले 16 शिप खत्म: US**

## 3 जहाजों पर हमला, भारत आ रहा थाई शिप भी शिकार

■ एपी, पैरिस

**ईरान ने** बुधवार को फारस की खाड़ी में कई कमर्शल जहाजों पर हमला किया। होर्मुज स्ट्रेट में एक थाई कार्गो जहाज 'मयूरी नारी' पर हमले के बाद उसमें आग लग गई। ओमान की नौसेना ने 20 लोगों को बचा लिया, जबकि तीन क्रू सदस्य लापता बताए जा रहे हैं। थाई शिप मयूरी नारी भारत में कांडला आ रहा था। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने कहा है कि बुधवार को ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आस-पास तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। इससे तेल से भरपूर इस इलाके पर कब्जा करने का अभियान और तेज हो गया है, क्योंकि दुनिया भर में एनर्जी की चिंताएं बढ़ रही हैं। वहीं अमेरिकी सेना ने दावा किया कि मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के माइन बिछाने वाले 16 जहाजों को खत्म कर दिया। इसके पहले ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट में बिछाई गई समुद्री माइंस को तुरंत हटाएं।



**होर्मुज स्ट्रेट** में आग के बाद जलता दिखा थाईलैंड का शिप मयूरी नारी।

### बेकसूरों को खतरे में ना डाला जाए: भारत

भारत ने कहा, संघर्ष में कमर्शल शिपिंग को मिलिट्री हमले का टारगेट बनाया जा रहा है। बेकसूर सिविलियन क्रू मेंबर्स को खतरे में डालने या किसी और तरह से नेविगेशन और कॉमर्स की आजादी में रुकावट डालने से बचना चाहिए।

### 28 भारतीय जहाज, 778 नाविक फंसे

फारस की खाड़ी में 28 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं, जिन पर 778 नाविक सवार हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इनमें से 24 जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी भाग में 677 नाविकों के साथ मौजूद हैं।

### गैस इफेक्ट: कहीं चाय महंगी, कहीं खाना बंद

1. गैस की किल्लत के बीच मुंबई में 5 रुपये वाली कटिंग चाय 10 की मिल रही है।
2. मुंबई एनएससीआई में लंच के वक्त अब ओवन वाला खाना ही परोसा जाएगा।
3. अयोध्या के अमावा मंदिर की 'राम रसोई' स्थगित। रोज 10 हजार लोग भोजन करते हैं।
4. दिल्ली हाई कोर्ट की कैंटीन में एलपीजी खत्म होने से पूरा खाना नहीं बन पा रहा है।
5. लखनऊ में तंदूर पर खाना बन रहा है। कई जगह शादियां-समारोह पोस्टपोन हो रहे हैं।
6. बेंगलुरु में पिज्जा और इडली की सेल बढ़ गई है।
7. इंदौर की मशहूर चाट-चौपाटी पर बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल शुरू हो गया है।
8. वृंदावन में भंडारे का प्रसाद अब लकड़ी और कोयले से बनाया जाएगा।
9. हरियाणा में कई जगह सिलिंडर के लिए लंबी कतारें लगीं। सरकार को भेजी गई जानकारी के मुताबिक, इंडियन ऑयल के पास अभी स्टॉक लगभग 3.5 दिनों का है।

**CBI को फटकार**

### बिल्डर-बैंक गठजोड़ की जांच में देरी, SC नाराज


■ PTI, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिल्डरों और बैंकों के कथित गठजोड़ की जांच को लेकर CBI को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि जांच में देरी से बायर्स की परेशानी और बढ़ेगी, इसलिए जांच तेज करनी चाहिए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने CBI के उस सुझाव पर नाराजगी जताई, जिसमें कुछ मामलों की जांच राज्य एजेंसियों को सौंपने की बात कही गई थी। कोर्ट ने कहा कि सभी मामलों की जांच CBI करेगी। कोर्ट नोएडा, ग्रेनो और गुड़गांव के 1,200 से ज्यादा बायर्स की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।



**सुप्रीम कोर्ट बोला**

### NCERT की किताबों के लिए बनाएं समिति

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह एक हफ्ते में डोमेन एक्सपर्ट की एक समिति बनाए, जो एनसीईआरटी की किताबों में लीगल स्टडीज से जुड़े पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दे। समिति में एक पूर्व जज, एक शिक्षाविद् और एक प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ होंगे। भोपाल स्थित नैशनल जुडिशल अकैडमी को भी इससे जोड़ा जाएगा। मामला एनसीईआरटी की 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब से जुड़ा है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित 'आपत्तिजनक' सामग्री होने पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।



**फटाफट क्रिकेट का रोमांच 28 मार्च से**

## RCB, सनराइजर्स के बीच पहला मैच



**डिफेंडिंग चैंपियन** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच से होगा आगाज

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**बीसीसीआई** ने बुधवार को आईपीएल 2026 के पहले फेज का शेड्यूल घोषित कर दिया। 28 मार्च से शुरू हो रहे इस सीजन में डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB), सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से भिड़ेगी। यह मैच बेंगलुरु में होगा। हालांकि, बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले सभी मैच कर्नाटक सरकार की ओर से नियुक्त एक्सपर्ट कमिटी से मंजूरी के बाद ही होंगे। तमिलनाडु, असम और पश्चिम बंगाल में चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद पूरा शेड्यूल आएगा। 29 मार्च को मुंबई इंडियंस मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। बीसीसीआई के मुताबिक, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, बेंगलुरु में पांच और रायपुर में दो घरेलू मैच खेलेगी। दोपहर के मैच 3:30 और शाम के मैच 7:30 बजे शुरू होंगे।

### CSK के सीईओ बोले- सभी मैच खेलेंगे धोनी

**चेन्नै सुपर किंग्स** (सीएसके) के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा है कि टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी आईपीएल 2026 के सभी मैच खेल सकते हैं।



उनके रोल पर आखिरी फैसला टीम प्रबंधन करेगी। विकेटकीपिंग के सवाल पर उन्होंने कहा, "यह क्रिकेट का फैसला है, जो क्रिकेट स्टाफ लेगा, प्रशासनिक स्टाफ नहीं। इसलिए वे तय करेंगे कि वह बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे या विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर, या एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर।'

### मुकद्दस रमज़ान

| | |
|---|---|
| **इफ्तार गुरुवार** | |
| सुन्नी | 6:27 pm |
| शिया | 6:39 pm |
| **सहरी शुक्रवार** | |
| सुन्नी | 5:17 am |
| शिया | 5:05 am |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,863.71 (-1,342.27) |
| निफ्टी | 23,866.85 (-394.75) |
| रुपया/US डॉलर | 91.92 (-0.09) |
| रुपया/यूरो | 106.96 (-0.03) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,65,600 (+900) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,75,000 (-4,275) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 36.8°

17.8° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 6:28 गुरुवार | सूर्योदय 6:33 शुक्रवार

अधिकतम तापमान 36, न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP10 User: cci Time: 03-11-2026 22:38 Color:



मैं फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों और मौजूदा हालात पर चर्चा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से मिला। प्रेजिडेंट ट्रंप ने कहा है कि ईरान टीम का टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका में स्वागत है। -जियानी इन्फेंटिनो, फीफा प्रेजिडेंट



**278**

मैच खेले हैं महेंद्र सिंह धोनी ने IPL में बतौर कप्तान। वह IPL में बतौर कप्तान सर्वाधिक मैच खेलने वाले प्लेयर हैं। दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा (272) और तीसरे नंबर पर विराट कोहली (267) हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. नाहिद राणा किस देश के क्रिकेटर हैं?
A) भारत B) बांग्लादेश C) ऑस्ट्रेलिया D) पाकिस्तान

2. टी20I रैंकिंग्स में नया नंबर-1 बोलर कौन है?
A) वरुण चक्रवर्ती B) जसप्रीत बुमरा C) राशिद खान D) आदिल राशिद

**कल के जवाब**
1. C) चीनी ताइपे 2. B) वेल्स

**लकी WINNERS**

1. यामिनी, नजफगढ़, दिल्ली
2. महेंद्र जैन, गुरुग्राम, हरियाणा
3. आलोक सक्सेना, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

### IPL के आगामी सीजन के शुरुआती 20 मैचों का कार्यक्रम हुआ जारी

# आ गया क्रिकेट का 'विराट टाइम'

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** टी20 वर्ल्ड कप के बाद अब फैंस के लिए 'क्रिकेटेनमेंट' में डूबने का वक्त आ गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) ने बुधवार को आगामी एडिशन के मैचों का शुरुआती कार्यक्रम साझा किया, जिससे यह साफ हो गया कि नए सीजन का पहला मैच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 28 मार्च को खेला जाएगा। RCB और SRH के बीच IPL सीजन के उद्घाटन मैच में यह दूसरी बार आमना-सामना होगा। इससे पहले 2017 में दोनों टीमें ओपनिंग मैच में भिड़ी थीं, जब हैदराबाद मौजूदा चैंपियन था और बेंगलुरु उपविजेता। हैदराबाद के लिए यह IPL ओपनर में दूसरी बार हिस्सा लेने का मौका होगा, जबकि RCB सातवीं बार टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगी। राजस्थान रॉयल्स इस एडिशन में गुवाहाटी में अपने तीन मैच खेलकर अपने सीजन के गुवाहाटी चरण का समापन करेगी। टीम के बाकी चार घरेलू मैच उसके मेन होम ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में खेले जाएंगे। इस सीजन में दो अन्य टीमें के भी सेकेंडरी होम ग्राउंड होंगे। RCB रायपुर में दो मैच खेलेगी, जबकि पंजाब किंग्स तीन मैच धर्मशाला में खेलेगी।

**पश्चिम एशिया में संघर्ष का भी असर:** BCCI ने बुधवार को पहले 20 मैच का कार्यक्रम जारी किया है। पूरे टूर्नामेंट का कार्यक्रम तब घोषित किया जाएगा जब तीन राज्यों तमिलनाडु, असम और पश्चिम बंगाल में होने वाले चुनावों की तारीख घोषित हो जाएंगी। 2008 में IPL की शुरुआत के बाद से जब भी देश में आम चुनाव हुए हैं तब-तब टूर्नामेंट का कार्यक्रम दो चरणों में जारी किया गया है। BCCI के दिमाग में राज्य चुनावों के अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष भी सबसे अहम होगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का असर अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा पर पड़ा है जिससे प्रमुख हवाई अड्डों जैसे दोहा और दुबई में संचालन पर भारी प्रतिबंध लगने से कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इसी कारण साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम के कुछ खिलाड़ी टी20 विश्व कप समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी अपने देश नहीं लौट पाए हैं। अब यह देखना बाकी है कि इन दोनों देशों के खिलाड़ी आईपीएल टीमों से समय पर जुड़ पाते हैं या नहीं। एक टीम अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों के जाने में काफी देर हो गई। उन्हें समय पर वापस भारत लाना मुश्किल काम होगा। साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से हवाई किराए काफी बढ़ गए हैं।'

**CSK को है भरोसा:** चेन्नै सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि उनके वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी अकील हुसैन और डेवाल्ड ब्रेविस अपने पहले मैच से काफी पहले टीम में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'हमें उनकी तरफ से किसी देरी की उम्मीद नहीं है।' शुरुआती सप्ताहांत का दूसरा मैच मुंबई इंडियंस और KKR के बीच वानखेड़े स्टेडियम में होगा जिससे इस हफ्ते कोई "डबल-हेडर' नहीं होगा।

### कोहली ने शुरू की प्रैक्टिस

**267** IPL मैचों और 259 पारियों में विराट कोहली ने 8661 रन बनाए हैं। उनका ऐवरेज 39.54 और स्ट्राइक रेट 132.85 रहा है।

**2025** के सीजन में विराट ने 15 मैचों में 54.75 की औसत से 657 रन बनाए थे और टीम को IPL इतिहास का पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय टी20 से संन्यास ले चुके हैं इसलिए क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में उन्हें देखने के लिए फैंस IPL का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। विराट ने भी आगामी नए सीजन की तैयारियां शुरू कर दी है। RCB के पूर्व कप्तान का नेट्स में अभ्यास करते हुए वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। कोहली द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक रील में 37 वर्षीय बल्लेबाज को प्रैक्टिस सेशन के दौरान कड़ी मेहनत करते हुए देखा गया, जहां वह नए IPL सीजन की तैयारी के लिए बल्लेबाजी पर खास ध्यान दे रहे हैं। यह वीडियो सामने आते ही प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ गया और कमेंट सेक्शन में बाढ़ आ गई।



बैटिंग प्रैक्टिस के लिए तैयार होते विराट


### IPL 2026 का शुरुआती कार्यक्रम

| तारीख | मैच | वेन्यू |
|---|---|---|
| 28 मार्च | RCB vs SRH | बेंगलुरु |
| 29 मार्च | MI vs KKR | मुंबई |
| 30 मार्च | RR vs CSK | गुवाहाटी |
| 31 मार्च | PBKS vs GT | मुल्लांपुर |
| 1 अप्रैल | LSG vs DC | लखनऊ |
| 2 अप्रैल | KKR vs SRH | कोलकाता |
| 3 अप्रैल | CSK vs PBKS | चेन्नै |
| 4 अप्रैल | DC vs MI | दिल्ली |
| 4 अप्रैल | GT vs RR | अहमदाबाद |
| 5 अप्रैल | SRH vs LSG | हैदराबाद |
| 5 अप्रैल | RCB vs CSK | बेंगलुरु |
| 6 अप्रैल | KKR vs PBKS | कोलकाता |
| 7 अप्रैल | RR vs MI | गुवाहाटी |
| 8 अप्रैल | DC vs GT | दिल्ली |
| 9 अप्रैल | KKR vs LSG | कोलकाता |
| 10 अप्रैल | RR vs RCB | गुवाहाटी |
| 11 अप्रैल | PBKS vs SRH | मुल्लांपुर |
| 11 अप्रैल | CSK vs DC | चेन्नै |
| 12 अप्रैल | LSG vs GT | लखनऊ |
| 12 अप्रैल | MI vs RCB | मुंबई |

### मुंबई और चेन्नै की महानता बराबर: कुंबले

**मुंबई:** पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि मुंबई इंडियंस और CSK को IPL के इतिहास की 'सबसे महान टीम' के मामले में लगभग बराबर माना जा सकता है। कुंबले ने कहा, "जब आप IPL की सबसे महान टीम की बात करते हैं तो मुंबई इंडियंस, CSK के बेहद करीब हैं, बल्कि लगभग बराबर ही हैं क्योंकि दोनों में फर्क करना मुश्किल है। CSK हमेशा चयन में निरंतरता रखती है और ऐसे प्लेयर्स को चुनती है जो पहले से खुद को साबित कर चुके हों। पिछले साल हमने कुछ युवा प्लेयर्स को टीम में जगह बनाते देखा। वहीं मुंबई इंडियंस ने थोड़ा अलग रास्ता अपनाया और ऐसे खिलाड़ियों को तलाशा जिन्हें पहले ज्यादा लोगों ने नहीं देखा था या जो घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। हार्दिक, क्रुणाल और जसप्रीत जैसे खिलाड़ी इसी तरह टीम में आए और फिर सबने देखा कि उन्होंने कितना शानदार प्रदर्शन किया। हाल ही में नेहल वढेरा जैसे खिलाड़ी भी सामने आए।

# भारत को पाक से पांच गुना ज्यादा प्राइज मनी




**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** चैंपियन भारत को ICC की तरफ से सर्वाधिक 24.2 करोड़ रुपये मिले जबकि ICC टूर्नामेंट्स में अमूमन टॉप पर रहने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस बार सिर्फ 2.85 करोड़ रुपये की इनामी राशि के साथ ही संतोष करना पड़ा। वहीं टीम इंडिया का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तानी टीम को 4.84 करोड़ रुपये मिले, जोकि भारत के इनाम के मुकाबले 19.4 करोड़ रुपये (लगभग 5 गुना कम) कम है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 21.35 करोड़ रुपये का अंतर है। ICC ने टूर्नामेंट के सफल समापन के बाद खिलाड़ियों के लिए बुधवार को निर्धारित 11.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर (93.41 रुपये) के विशाल प्राइज पूल का अंतिम वितरण जारी किया है, जिसमें यह अंतर निकलकर सामने आया। हर टीम को जीत और स्थान के आधार पर अतिरिक्त बोनस भी दिया गया।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

### ICC में अब है बराबरी का नियम

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** अपनी मेंस टीम और विमिंस टीम के लिए जो इनाम घोषित करती है उसमें बड़ा फर्क होता है लेकिन ICC ने साल 2024 में विमिंस टी20 वर्ल्ड कप के प्राइज मनी में कई गुना की बढ़ोतरी कर क्रिकेट को उन चुनिंदा खेलों की लिस्ट में शामिल किया था, जिसमें महिला और पुरुष वर्ल्ड कप का प्राइज मनी बराबर है। साल 2024 में चैंपियन बनने वाली विमिंस टीम को भी 11.25 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 103 रुपये) इनाम में मिले थे। BCCI भी अगले वर्ल्ड कप के लिए ऐसा कुछ कर सकता है। बीसीसीआई द्वारा मेंस टीम को 131 इनाम देने की घोषणा की गई, जो 2024 में विमिंस टीम के इनाम से 156.86 प्रतिशत ज्यादा है।

## फटाफट खबरें

### भांबरी क्वॉर्टर फाइनल में

**इंडियन वेल्स:** भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की जोड़ी इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के मेंस डबल्स क्वॉर्टर फाइनल में पहुंच गई। दोनों ने सैंडर एरेंड्स और सिरी लेहेका को 6-4, 6-4 से हराया। एक घंटे 14 मिनट चले मुकाबले में उन्हें एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं झेलना पड़ा। इस जोड़ी का अगला मुकाबला ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावसोरी से होगा।

### आयुष, उन्नति हारी

**बासेल:** स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों को पहले दौर में निराशा झेलनी पड़ी। मेंस सिंगल्स में आयुष शेट्टी को कनाडा के ब्रायन यांग ने 21-18, 21-19 से हराया। विमिंस सिंगल्स में उन्नति हुड्डा चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान से हार गईं। हालांकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने जीत दर्ज कर प्री-क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। अम्साकरुणन और अर्जुन भी अगले दौर में पहुंचे।

### जैस्मिन को बढ़त

**गुरुग्राम:** जैस्मिन शेखर ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण के पहले दौर में दो अंडर-70 का स्कोर बनाकर एकल बढ़त हासिल की। उन्होंने अमेच्योर लावण्या गुप्ता पर एक शॉट की बढ़त बनाई, जिनका स्कोर एक अंडर 71 रहा। मन्नत बराड़ 72 के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पहले दिन केवल तीन खिलाड़ी ही पार या उससे बेहतर स्कोर बना सकीं।



प्लेयर ऑफ द मैच नाहिद राणा

# नाहिद के आगे पाकिस्तान ने किया सरेंडर

**एजेंसियां, ढाका:** तेज गेंदबाज नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने पहले वनडे में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। राणा ने 24 रन देकर पांच विकेट झटके, जो उनके वनडे करियर का पहला पांच विकेट हॉल रहा। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने भी ऑफ स्पिन से 29 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान की टीम 30.4 ओवर में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। यह बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का वनडे में अब तक का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले 1999 विश्व कप में पाकिस्तान 161 रन पर आउट हुआ था। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने तंजीद हसन (67* रन) की बदौलत महज 15.1 ओवर्स में दो विकेट खोकर 115 रन बनाकर आसान जीत दर्ज कर ली।

क्रिकेट कनेक्ट

### 'द हंड्रेड' में ऋचा और दीप्ति को मिला कॉन्ट्रैक्ट

**लंदन:** इंग्लैंड की 'द हंड्रेड' लीग के महिला खिलाड़ी ड्राफ्ट में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी भी देखने को मिली। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को नीलामी में फ्रेंचाइजी ने अपने साथ जोड़ा, जबकि स्मृति मंधाना पहले ही सीधे अनुबंध के जरिए लीग में शामिल हो चुकी थीं। ऋचा घोष को मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने 50,000 पाउंड (करीब 61 लाख रुपये) में खरीदा। दिलचस्प बात यह रही कि भारतीय बल्लेबाज के लिए केवल इसी फ्रेंचाइजी ने बोली लगाई। दूसरी ओर अनुभवी भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को सनराइजर्स लीड्स ने 27,500 पाउंड (करीब 34 लाख रुपये) में खरीदा।

### अमेलिया की हैटट्रिक

**डुनेडिन:** न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर (5/22) ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे वनडे में हैटट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह वनडे क्रिकेट में हैटट्रिक लेने वाली तीसरी कीवी महिला खिलाड़ी बन गईं। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 303 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 27.1 ओवर में 103 रन पर सिमट गई।

**टी20I रैंकिंग्स**

### ईशान करियर बेस्ट नंबर-2 पर पहुंचे

**पीटीआई, दुबई:** ईशान किशन ने बुधवार को जारी की गई टी20 इंटरनैशनल रैंकिंग्स में बल्लेबाजों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। यही नहीं, ईशान अब टॉप पर काबिज अपने साथी प्लेयर अभिषेक शर्मा से केवल 4 अंक पीछे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 317 रन बनाने वाले ईशान के करियर बेस्ट 871 अंक हैं, जबकि अभिषेक के 875 अंक हैं। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट छठे पायदान और इंग्लैंड के जैकब बेथेल 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग्स में बदलाव आया है। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।



ईशान किशन

# प्लेयर्स की वापसी पर ICC की सफाई

**एजेंसियां, दुबई:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण टी20 वर्ल्ड कप के बाद घर वापस न लौट पाने वाले खिलाड़ियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। उसने आलोचकों के उन सुझावों को 'अनुपयोगी और गलत' करार दिया जिनमें कहा गया है कि खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था सुरक्षा से इतर अन्य कारणों से प्रभावित थी।

**फंसे प्लेयर्स लौटने लगे घर:** ICC ने यात्रा कार्यक्रम का विवरण देते हुए कहा कि साउथ अफ्रीकी टीम बुधवार को स्वदेश रवाना होना शुरू हो गई है और उसके चार खिलाड़ी और उनके परिवार के पांच सदस्य विमान में सवार हो चुके थे। साउथ अफ्रीकी टीम के बाकी 29 सदस्य अगले 24 घंटों में स्वदेश रवाना हो जाएंगे। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज टीम के नौ सदस्य पहले ही अपने देशों के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 सदस्यों के लिए अगले 24 घंटों के भीतर भारत से रवाना होने वाली उड़ानों में बुकिंग करा ली गई है। ICC ने वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका की टीमों के लिए मंगलवार को अलग-अलग कमर्शल फ्लाइट्स की बुकिंग की।

**भेदभाव के आरोप पर बोले:** संस्था ने कहा है कि साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के मामले में की गई व्यवस्था का इंग्लैंड या किसी अन्य देश के लिए पहले की गई व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं है। यह व्यवस्था अलग-अलग परिस्थितियों, रूट्स के ऑप्शन और अलग-अलग यात्रा स्थितियों पर आधारित थी।'



हम इस बात को पूरी तरह से खारिज करते हैं कि प्लेयर्स को उनके घर वापस भेजने के निर्णय सुरक्षा, व्यावहारिकता और खिलाड़ियों के हितों से इतर किसी अन्य कारण से लिए गए हैं। विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्मों पर हालात को नहीं जानने वाले लोग जो बातें कह रहे हैं वे अनुपयोगी और गलत हैं। - ICC

**वॉर का असर**

### एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप टली

**एजेंसियां, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात का असर अब खेल आयोजनों पर भी पड़ने लगा है। इसी क्रम में अप्रैल में अहमदाबाद में होने वाली एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप को स्थगित कर दिया गया है। अब यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता 12 से 17 मई 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। पहले इसका आयोजन 1 से 10 अप्रैल तक प्रस्तावित था। एशियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन (AWF) ने आधिकारिक बयान जारी कर इस बदलाव की पुष्टि की। AWF के अनुसार मध्य पूर्व और खाड़ी क्षेत्र में मौजूदा हालात के कारण कई देशों के प्रतिनिधिमंडलों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

अप्रैल की जगह मई में कराई जाएगी चैंपियनशिप

# नवनीत की हैटट्रिक से भारत की सेमीफाइनल में हुई एंट्री

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नवनीत कौर की हैटट्रिक की बदौलत भारतीय टीम ने वेल्स को FIH विमिंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के मैच में 4-1 की करारी शिकस्त सौंपी। इस जीत के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी अपना स्थान पक्का कर लिया है। भारत ने पूल स्टेज में सात अंकों के साथ पूल-बी शीर्ष स्थान हासिल किया। जबकि इतने ही अंकों के साथ स्कॉटलैंड दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम-4 में पहुंची। भारतीय टीम वेल्स के खिलाफ ड्रॉ के जरिए भी सेमीफाइनल में पहुंच जाती, लेकिन मेजबान ने दबदबा स्थापित करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। भारत 13 मार्च को इटली के खिलाफ अपना सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी।

**हॉकी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर**



हैटट्रिक लगाने वाले नवनीत कौर

**वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप**

### भारतीय बॉक्सर्स ने लगाए तगड़े पंच

**एजेंसियां, बैंकॉक:** प्रियांश सहरावत, एल अंबेकर और साहिल दुहान ने वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप के चौथे दिन जीत दर्ज की। प्रियांश ने लातविया के बॉक्सर पर सर्वसम्मत फैसले से 5-0 की एकतरफा जीत हासिल की। एल अंबेकर ने 50 किग्रा वर्ग में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज को 5-0 से हराया। इसके बाद 60 किग्रा वर्ग में साहिल ने भी ताजिकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी को सर्वसम्मत फैसले से हराया। हालांकि अमन सिवाच को यूक्रेन के बॉक्सर ने मात दी।



बॉक्सर साहिल

# क्वॉर्टर फाइनल की तरफ बढ़े बायर्न और एटलेटिको

**एजेंसियां, पैरिस:** बायर्न म्यूनिख और एटलेटिको मैड्रिड ने बड़ी जीत हासिल करके चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए, लेकिन लिवरपूल और बार्सिलोना को अब भी कड़ी मेहनत करनी होगी। बायर्न म्यूनिख ने अटलांटा को 6-1 से करारी शिकस्त दी, जबकि टीम के टॉप गोल स्कोरर हैरी केन इस मैच में नहीं खेल रहे थे। उनकी अनुपस्थिति में माइकल ओलिस ने दो गोल किए। दूसरी तरफ एटलेटिको मैड्रिड ने टॉटनहम को 5-2 से शिकस्त दी।

**फुटबॉल कॉर्नर**



बायर्न म्यूनिख के माइकल ओलिस

वहीं, मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने मॉन्टेरी में 31 मार्च को होने वाले वर्ल्ड कप इंटरकॉन्टिनेंटल क्वॉलिफायर के लिए इराक के खिलाड़ियों को वीजा जारी करना शुरू कर दिया है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। यात्रा सामान्य लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। शाम के समय योजना पूरी होने से लाभ होगा। अतिथि आगमन से खर्च बढ़ना संभव है। निश्चिंत रहें।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा। दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें, समाज में सम्मान बढ़ेगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
राशि स्वामी बुध नीच प्रभाव विशेष भाव में और तृतीय पराक्रम भाव में केतु परिभ्रमण से युति बनाकर मन को दुखित करेगा। राजनीतिक गतिविधियों में भी रुकावट रहेगी। अचानक के बाद नवनिर्माण की रूप रेखा बनेगी। रात के समय किसी मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
राशि स्वामी चंद्रमा धनु राशि का होकर सप्तम जाया केंद्र भाव में आनंदप्रद भ्रमण है। जीवन साथी एवं व्यापार में साझीदारी का सहयोग मिलेगा। सद्‌कार्यों में रुचि बनी रहेगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें। मित्रों और ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है, समाज में स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। चल रहे सामयिक कार्यों में सजगता बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे, एकादश घर में कर्क राशि का बृहस्पति उच्च फलकारक है, अवरोध-विरोध के चलते भी खुद से सोचे हुए सभी कार्य सिद्ध होंगे।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
द्वादश भाव में केतु योग और सप्तम घर में शनि उत्तम स्थिति के देने वाले हैं। इसलिए समाज में आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ आंतरिक स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं, घबराएं नहीं। शाम से लेकर रात तक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न रहेगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपकी राशि का स्वामी शुक्र सांसारिक सुख भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष प्रगति के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा किए प्रयास सफल होंगे। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। सतर्क रहें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपका आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की सहायता करने से जो आत्म संतुष्टि आपको प्राप्त होती है, उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। शाम का समय देव दर्शन में व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज मंगल द्विविध पारिवारिक अशांति तथा असफलता के वातावरण को विपरीत बना सकता है। लेकिन आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रात का समय आनंद में बीतेगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से तनाव हो सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें। दोस्ती में किसी संपत्ति स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के कामों से दूर रहें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। चंद्रमा द्वादश भाव में किसी महान सफलता का कारक होगा। वहीं मात्र में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले कई दिनों से चला आ रहा मनमुटाव (पत्नी से) भी समाप्त हो जाएगा। कठिनाइयों को बातचीत से सुलझा लें।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में संतान पक्ष से संतुष्टि व हर्षदायक है। दिन अच्छा है, जिन जातकों ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम से रात तक का समय भी मेल-मिलाप में बीतेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष शनि के पाद से प्रवेश कर रहा है, जो अधिक दृष्टिकोण से मध्यम फलदायी लेकिन संघर्ष के बाद सफलता का प्रतीक है। वर्ष के आरंभ में मंगल का प्रभाव आपके कार्यक्षेत्र पर गहरा पड़ेगा। अतीत के अनुभवों से लाभ होगा और नए व्यापारिक अनुबंधों का सूत्रपात होगा।
22 मार्च से 30 अप्रैल के बीच आयात-निर्यात से जुड़े व्यवसायियों की बाधाएं दूर होंगी और स्वर्णिम अवसरों की प्राप्ति होगी। मई और जून के महीनों में पुराने रुके हुए मामले सुलझने से आपकी समृद्धि में वृद्धि होगी। हालांकि, जुलाई में गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है।
वर्ष के उत्तरार्ध वाली अवस्था में आप किसी भव्य धार्मिक नई परियोजना से जुड़ेंगे। सितंबर और अक्टूबर में आपकी एकाग्रता और कार्यकौशल कठिन से कठिन जोखिमों को सहज बना देगा। नवंबर-दिसंबर तक आपके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा। जनवरी से फरवरी 2026 के मध्य सुख-सुविधाओं और पर्यटन पर व्यय के योग बनेंगे। कामों में कठिनाई आने पर बृहस्पतिवार रात एक पाव चने की दाल भिगोएं और गुरुवार सुबह उसमें आधा पाव गुड़ मिलाकर गाय को खिलाएं। विद्यार्थियों के लिए साल उत्तम रहेगा।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(शुक्रवार, 13 मार्च 2026)

राष्ट्रीय मिति फाल्गुन 22, शक संवत 1947, चैत्र कृष्ण, दशमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर फाल्गुन मास प्रविष्टे 30, रमजान 23, हिजरी 1447 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 13 मार्च 2026 ई। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, बसंत ऋतु। राहु काल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। दशमी तिथि सुबह सूर्योदय से लेकर अगले दिन सुबह 8 बजकर 11 मिनट तक के बाद एकादशी तिथि का आरंभ। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 3 मिनट तक के बाद उत्तराषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। व्यतीपात योग पूर्वाह्न 10 बजकर 32 मिनट तक के बाद वरीयान योग का आरंभ। विष्टि करण शाम 7 बजकर 21 मिनट तक के बाद विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात धनु राशि पर संचार करेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 2 | |
| 4 | | 2 | 8 | 6 | | | | |
| | | | | 1 | 4 | | 6 | |
| | | 1 | | | | | 3 | 9 |
| | 8 | 7 | | | | 2 | 4 | |
| 5 | 9 | | | | | 6 | | |
| | 7 | | 1 | 8 | | | | |
| | | | | 5 | 3 | 1 | | 6 |
| | 5 | | | | 6 | | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बब्लू डब्लू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बड्डूथ बुड्ढक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैपी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण | 21:00 चीस |
| 13:30 भ से भडे | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP11 User: cci Time: 03-11-2026 21:32 Color:



**टीम में तालमेल बेहतर करे मुस्कान**

कई स्टडी बताती है कि जब लोग मुस्कुराकर काम करते है, तो टीम में तालमेल बेहतर होता है। माहौल पॉजिटिव रहता है और लोग अपने काम को ज्यादा उत्साह और मन लगाकर पूरा करते हैं।

## विचार

सच्ची खुशी बाहर से नहीं आती। यह तब मिलती है जब हम अपने काम, मेहनत और सीखने में संतोष महसूस करते हैं। असली सफलता वही है, जो भीतर से खुशी का अहसास दिलाए।

**- अल्बर्ट आइंस्टीन**
(Albert Einstein)


## ज़रा हंस लें

पिता ने पहली बार वट्सऐप इंस्टॉल किया और सीधे बेटे को मेसेज कर दिया। **पिता:** बेटा कोई जोक्स भेजो, बोर हो रहा हूं। **बेटा:** अभी मैं पढ़ाई कर रहा हूं। **पिता:** हाहाहा... बहुत मस्त है, और भेजो।

## कविता

### मैं गांव में हूं

AI Image



ये खेत-खलिहान कोयल की आवाजें
और कौआ के कांव-कांव में हूं,
मैं गांव में हूं।।
ये दौड़ती रेलगाड़ियां, भागते लोग
और शहरों के शोर से दूर...
सुकून के छांव में हूं,
मैं गांव में हूं।।
ये लहलहाती फसलें,
ये पगडंडी रास्ते
और नदियों के बीच नाव में हूं,
मैं गांव में हूं।।
न बहकावे में हूं, न दबाव में हूं।
न टेंशन में हूं, न तनाव में हूं।
मैं गांव में हूं।।

**- गौरव सिंह गोलू, NBT रीडर**

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

**धरती के सबसे ठंडे महाद्वीप पर दर्ज हो रहे देश की महिलाओं के कदमों के निशान**


# बर्फीली दीवारें पिघला रही इनके हौसलों की तपिश

Sneha.Bhura
@timesofindia.com

■ **अंटार्कटिका की** वह बर्फ, जहां तापमान कई बार -50 डिग्री तक गिर जाता है और तेज हवाएं हड्डियां जमा देती है। लेकिन अब दुनिया के सबसे ठंडे महाद्वीप पर भारत की महिलाओं के कदमों के निशान भी दर्ज हो चुके हैं। सिक्किम की 42 साल की पर्वतारोही मनीता प्रधान के लिए यह सफर किसी सपने जैसा था। वह इससे पहले माउंट एवरेस्ट और रूस के एल्ब्रस जैसे ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ चुकी थी, लेकिन अंटार्कटिका के माउंट विंसन की चोटी पर पहुंचकर उनकी खुशी अलग ही थी। 12 दिसंबर को जब उन्होंने इस चोटी पर कदम रखा, तो खुशी में एक नेपाली गाने पर डांस करने लगी। मनीता अपने राज्य से यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली महिला है।

यह जीत आसान नहीं थी। यात्रा से करीब दो हफ्ते पहले ही उनके स्पॉन्सर पीछे हट गए थे। लेकिन मनीता ने हार नहीं मानी। उन्होंने उधार लेकर तैयारी की और जल्दी-जल्दी सामान पैक कर निकल पड़ी। इतनी जल्दबाजी थी कि गद्दा और ट्रेकिंग पोल तक साथ ले जाना भूल गई। चिली के पुंटा एरेनास से यूनियन ग्लेशियर तक के कठिन सफर और खतरनाक चढ़ाई के बाद जब वह चोटी पर पहुंची, तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे।

दरअसल, आज की पीढ़ी के लिए यह रास्ता सुदीप्ता सेनगुप्ता और अदिति पंत जैसी वैज्ञानिकों ने बनाया था। 1980 के दशक में जब सुदीप्ता अंटार्कटिका पहुंची, तो कई लोगों ने मजाक उड़ाया कि वहां ब्यूटी पार्लर के बिना महिलाएं क्या करेंगी। लेकिन उन्होंने अपने शोध से सबको जवाब दिया। उन्होंने पत्थरों पर रिसर्च की और भारत के पहले रिसर्च स्टेशन 'दक्षिण गंगोत्री' के निर्माण में अहम भूमिका निभाई।



दिल्ली की काम्या ने रोवन शॉट्स को किया फतह

### 18 की उम्र और फ्रॉस्टबाइट का दर्द पर नहीं रुके कदम

दिल्ली की काम्या कार्तिकेयन ने महज 18 साल की उम्र में वो कर दिखाया जो बड़े-बड़े नहीं कर पाते। उन्होंने दुनिया के सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों (Seven Summits) को फतह कर लिया है। दिसंबर में जब वो साउथ पोल पहुंचने के लिए 111 किलोमीटर तक स्कीइंग कर रही थी, तब बर्फीले तूफानों ने उनका रास्ता रोका। उनकी आंखों के चश्मे पर सांसें जम गई थी और नाक पर फ्रॉस्टबाइट (Frostbite) हो गया था। काम्या कहती है कि कॉर्पोरेट स्पॉन्सर आज भी ऐसे खेलों पर पैसा लगाने से कतराते हैं क्योंकि इसमें कोई मेडल नहीं मिलता। पर अंटार्कटिका की पुकार इन सब मुश्किलों से बड़ी है।



एथलीट कविता चंद

### ज़ख्मों को जूतों में छिपाकर चढ़ती रहीं

कॉर्पोरेट प्रोफेशनल और एथलीट कविता चंद की कहानी भी बड़ी इमोशनल है। विंसन की चढ़ाई एवरेस्ट से बिल्कुल अलग थी। वहां न तो कोई कुली (Sherpa) था और न ही बने-बनाए टेंट। अपना सारा बोझ खुद उठाना पड़ता है, यहां तक कि अपना कचरा (Poop) भी वापस बेस कैंप लाना पड़ता है। चढ़ाई के दौरान कविता के पैरों में छाले पड़ गए थे, खून और पस निकल रहा था, पर वो जूतों को उतार भी नहीं सकती थी। उनके 10 साल के बेटे ने कमरे की दीवार पर लगे नक्शे पर मां का हर कदम ट्रैक किया। जब वो एयरपोर्ट पहुंची, तो बेटे के शब्द थे, 'मां, आपने कर दिखाया!' अंटार्कटिका की बर्फीली वादियों में अब भारत की इन बेटियों की कामयाबी की गूंज है। ये महिलाएं दिखा रही हैं कि अगर दिल में पक्का इरादा हो, तो दुनिया का सबसे ठंडा कोना भी आपका रास्ता नहीं रोक सकता।

# शुगर में भी खा सकेंगे प्रोटीन से भरा खास डिजाइनर चावल

■ एनबीटी रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अक्सर लोग** डायबिटीज की कंडिशन होने पर चावल खाने से परहेज करते हैं। लेकिन भारत के वैज्ञानिकों ने 'डिजाइनर चावल' विकसित किया है, जिससे शुगर को मैनेज करने में मदद मिलती है।

एक तरफ, हमारा देश दुनिया के डायबिटीज कैपिटल कहा जाता है। यहां सफेद चावल मुख्य भोजन में शामिल है, जिसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स हाई होता है। पॉलिश किया हुआ सफेद चावल मुख्य रूप से स्टार्च होता है, जिसे शरीर जल्दी से शुगर में बदल देता है। लाखों लोग इसके कारण भले ही पर्याप्त कैलोरी खा रहे हों लेकिन प्रोटीन की कमी से जूझ रहे हैं। वैज्ञानिक और औद्योगिक रिसर्च संगठन CSIR ने बुधवार को बताया कि डिजाइनर चावल में सामान्य अनाज की तुलना में तीन गुना अधिक प्रोटीन है। सामान्य चावल में लगभग 6–8% प्रोटीन होता है, डिजाइनर वर्जन में 20% से अधिक प्रोटीन है। यह लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स (55 से कम) को बनाए रखता है।

तिरुवनंतपुरम में CSIR-NIIST के वैज्ञानिकों ने टूटे हुए चावल को पोषक तत्वों से भरपूर शक्ति में बदलने का काम किया है। सी. आनंदरामकृष्णन बताते हैं कि यदि पारंपरिक चावल मुख्य रूप से स्टार्च से बना एक घर है, तो वैज्ञानिकों ने स्टार्च के एक महत्वपूर्ण पोल को हटा दिया और इसे प्रोटीन पोल से बदल दिया।



भारत के वैज्ञानिकों ने विकसित किया 'डिजाइनर चावल'

### स्वाद में भी बेहतर

टीम ने टूटे हुए चावल को चुना, जो आमतौर पर छूट पर बेचे जाते हैं। इसे पीसकर आटा बनाया और इसे प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों जैसे कि आयरन, फोलिक एसिड, और विटामिन बी12 के साथ मिलाया। फिर उन्होंने इस मिश्रण को ऐसे अनाज में री-असेंबल किया जो बिल्कुल उसी तरह दिखते, महसूस होते और स्वाद लेते हैं जैसे कि हम जानते हैं। यह सामान्य चावल से भी बेहतर स्वाद देता है क्योंकि इसमें प्रोटीन की मात्रा बढ़ी हुई है।

**'वेलकम गर्ल' कैंपेन के जरिए अस्पताल में ही परिवार को दी जाती है खास किट**


# रूढ़ियां OUT, लड़कियों का welcome

Anusree.Bhattacharya
@timesofindia.com

■ **दस साल** पहले IIM कलकत्ता के पुराने स्टूडेंट हरपाल वाला ने अपने दोस्त की बेटी के ससुराल वालों को कुछ ऐसा करते देखा जिससे वह हिल गए- उन्होंने अपनी नई जन्मी पोती को गोद में लेने से मना कर दिया, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह लड़की थी। उस पल ने वाला के दिल को तोड़ दिया। अमेरिका में जन्मे आंत्रप्रेन्योर वाला ने अपने इस गुस्से को ऐक्शन में बदला और 'वेलकम गर्ल' नाम का एक कैंपेन शुरू किया। इसके बाद पूरे भारत में 3.25 लाख से ज्यादा बच्चियों के जन्म का जश्न मनाया जा चुका है।

इस कैंपेन का मकसद बहुत साफ है। जब किसी परिवार में बेटी जन्म लेती है तो अस्पताल में ही परिवार को एक खास किट दी जाती है। इसमें बच्ची के कपड़े, पैरेंटिंग से जुड़ी एक छोटी किताब और एक चिट्ठी होता है। इसमें माता-पिता को यह संदेश दिया जाता है कि उनकी बेटी बोझ नहीं है बल्कि खुशी और गर्व की वजह है। इस कैंपेन को देश भर में फैलाने में 25,000 से ज्यादा गायनाकोलॉजिस्ट की बड़ी भूमिका है। ये डॉक्टर अक्सर सबसे पहले यह देखते हैं कि बेटी के जन्म पर परिवार का रिएक्शन कैसा है। इसलिए वे इस कैंपेन के फ्रंटलाइन एंबेसडर बन गए हैं। हरपाल वाला एक फार्मा कंपनी के फाउंडर-डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान इस पहल को और आगे बढ़ाया और इसके बाद से यह कैंपेन लगातार फैलता जा रहा है। गुजरात में ही हजारों नवजात बेटियों का इस कार्यक्रम के जरिए वेलकम किया जा चुका है।








हरपाल वाला की 'वेलकम गर्ल' पहल से जुड़े हैं 25,000 गायनाकोलॉजिस्ट

### बेटी के जन्म पर हो खुशी


हरपाल वाला का कहना है कि बेटी के जन्म को लेकर समाज में जो सोच है, वह सिर्फ गांवों तक सीमित नहीं है। यह सोच पढ़े-लिखे और संपन्न परिवारों में भी देखने को मिलती है। इस कैंपेन से जुड़ी डॉक्टर पूजा मिश्रा कहती है कि आज भी कई परिवारों में बेटी के जन्म पर निराशा दिखाई देती है। इसलिए जरूरी है कि लोगों में लगातार जागरूकता बढ़ाई जाए ताकि बेटी के जन्म को हर जगह खुशी के साथ मनाया जाए।

### 'खास है यह सम्मान'

डॉ. मनप्रीत कौर का कहना है कि समाज में यह समझ बननी चाहिए कि बेटी का जन्म भी उतना ही खुशी का अवसर है जितना बेटे का। वहीं इस किट को पाने वाली अंकिता कहती है कि बेटी के जन्म के पहले ही दिन इस तरह सम्मान और खुशी के साथ वेलकम होता देखना बहुत अच्छा महसूस कराता है। एक अन्य मां सनाया ठक्कर ने भी इस पहल के पीछे छिपी संवेदना और सोच की सराहना की।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 03-11-2026 22:20 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## जब सीरियल ब्लास्ट से दहल गई मुंबई

आज ही के दिन 1993 में मुंबई में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इन हमलों में 257 लोगों की जान गई और सैकड़ों घायल हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और एयर इंडिया बिल्डिंग जैसी जगहों को निशाना बनाया गया था। मास्टरमाइंड दाऊद इब्राहिम और टाइगर मेमन था। 1992 के दंगों का बदला लेने के लिए यह साजिश रची गई थी। इस मामले में याकूब मेमन को 2015 में फांसी दी गई।



## आंतरिक सुरक्षा और मजबूत होगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में हमारी आंतरिक सुरक्षा और मजबूत होगी। AI और अडवांस्ड डेटा एनालिसिस से सुरक्षा एजेंसियां आतंकी गतिविधियों का पहले ही अनुमान लगा लेंगी। शहरों में स्मार्ट कैमरे, ड्रोन निगरानी और ऑटो सिक्योरिटी नेटवर्क होंगे। साइबर सुरक्षा भी बेहद सशक्त होगी, क्योंकि भविष्य में डिजिटल हमले बड़ा खतरा बन सकते हैं। AI बेस्ड कमांड सेंटर पुलिस, सेना, खुफिया एजेंसियों के बीच तुरंत सूचना साझा करेंगे, जिससे खतरों पर तेजी से कार्रवाई संभव होगी।



AI Images

# PM ने दिया भरोसा, पश्चिम एशिया में अपने लोगों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

■ पीटीआई/आईएएनएस, कोच्चि/एर्नाकुलम

**पीएम नरेन्द्र** मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और राहुल गांधी की आलोचना की। साथ ही कहा कि कांग्रेस पश्चिम एशिया संकट के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। पीएम ने कहा कि आज का भारत अपने नागरिकों को कहीं भी फंसा हुआ नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीयों की हरसंभव मदद के लिए काम कर रही है।

पीएम ने यह भी कहा कि खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों का वहां की सरकारें पूरा ध्यान रख रही हैं। इसके लिए उन्होंने उन देशों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। केरल की जनसभा में मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर चिंता जाहिर की। पीएम ने कहा, 'वेस्ट एशिया में जो कुछ हो रहा है, उससे आप सभी का चिंतित होना बहुत स्वाभाविक है। हमारे लाखों भाई-बहन वहां काम करते हैं। जब भी हमारा कोई देशवासी संकट में पड़ता है तो हमारी सरकार उसे सुरक्षित बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देती है। आज का भारत अपने नागरिकों को संकट में अकेला नहीं छोड़ता है।'

> जनसभा में कहा, फंसे लोगों की मदद की जा रही है

इसके साथ ही पीएम ने खाड़ी देशों का भी आभार जताया जो विषम परिस्थिति में फंसे लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।

PTI



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केरल में जनसभा के अलावा रोडशो भी किया।

### खरगे ने कहा, पीएम संसद में जवाब दें

■ पीटीआई, नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध और देश में रसोई गैस के संकट को लेकर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। पीएम नरेन्द्र मोदी सदन में इस पर जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सच जानने का अधिकार है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मोदी सरकार के नकली सूत्र आधारित आश्वासन उसकी पूर्ण अक्षमता को उजागर करते हैं।'

## विदेश मंत्रालय ने कहा- दो भारतीयों की मौत, एक लापता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच सरकार ने बुधवार को कहा कि खाड़ी देशों में मौजूद भारतीयों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने कहा कि ईरान में अभी करीब 9000 भारतीय हैं और वहां दूतावास उनके लगातार संपर्क में है। वहां भारतीय छात्रों और तीर्थयात्रियों को तेहरान के बाहर सुरक्षित शहरों में भेजा गया है। सरकार ने यह भी बताया कि खाड़ी क्षेत्र में दो भारतीयों की मृत्यु हो गई है और एक अन्य लापता है। वहीं, शिपिंग मिनिस्ट्री में स्पेशल सेक्रेटरी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, 'अभी भारतीय झंडे वाले 28 जहाज फारस की खाड़ी वाले इलाके में हैं। इनमें से 24 जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम की ओर हैं, जिन पर 677 भारतीय हैं। 4 जहाज होर्मुज स्ट्रेट के पूरब की ओर हैं, जिन पर 101 भारतीय हैं।

> सरकार बोली, फारस की खाड़ी में 28 जहाज हैं

# जहाज़ों पर ईरान के हमले तेज़, आगे बैंक भी टारगेट

## दुबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला, घायलों में भारतीय भी

■ एपी, दुबई

**ईरान ने** ऊर्जा संकट बढ़ने और अमेरिकी और इस्राइली हवाई हमलों के बीच फारस की खाड़ी में कमर्शल जहाजों पर हमला किया। उसने दुबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट को भी निशाना बनाया। ईरान के दो ड्रोन दुबई एयरपोर्ट के पास गिरे। इस हमले में चार लोग घायल हुए, जिनमें एक भारतीय भी शामिल है। हालांकि, उड़ान प्रभावित नहीं हुई। ईरान के नेताओं ने बातचीत की संभावनाओं से इनकार कर दिया और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को चेतावनी देते हुए इस्राइल और खाड़ी के अरब देशों पर नए हमले शुरू कर दिए।

ईरान ने पश्चिम एशिया में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने की घोषणा की है। इससे पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान के तट पर थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज पर एक मिसाइल गिरी, जिससे पोत में आग लग गई। कुवैत ने कहा कि देश के रक्षा तंत्र ने ईरान के आठ ड्रोन मार गिराए जबकि सऊदी अरब ने शैबाह तेल क्षेत्र की ओर जा रहे पांच ड्रोनों को निशाना बनाया।

Agency



ईरान के केरमान एयरपोर्ट पर हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### मोजतबा युद्ध की शुरुआत में हुए घायल: इस्राइल

**इस्राइल का** मानना है कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मोजतबा खामेनेई युद्ध की शुरुआत में ही घायल हो गए थे। यह जानकारी एक इस्राइली खुफिया अधिकारी और एक रिजर्व सैनिक ने साझा की। CNN के मुताबिक, मोजतबा खामेनेई युद्ध के पहले दिन पैर में फ्रैक्चर और चेहरे पर चोट आई। खामेनेई की बाईं आंख के आसपास भी चोट आई। चेहरे पर मामूली कट लग गए। उधर, ईरान की ओर से कहा गया कि मोजतबा घायल हैं लेकिन सुरक्षित हैं। ईरानी राष्ट्रपति के बेटे यूसुफ पेजेश्कियान ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट में यह बात लिखी।

### सैकड़ों जहाज़... लोकेशन गलत

होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जहाज GPS जैमिंग का शिकार हो रहे हैं। इससे जहाजों के ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम पर असर पड़ता है। उनकी असली लोकेशन पता नहीं चल रही। यह GPS सिग्नल में जानबूझकर पैदा की गई गड़बड़ी होती है। इससे जहाज अपनी लोकेशन गलत दिखाने लगते हैं या उनकी लोकेशन मिलती ही नहीं है।

### ईरान से 14-15 को लौटेंगे स्टूडेंट्स

जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स असोसिएशन ने बुधवार को दावा किया कि ईरान में फंसे लगभग 100 भारतीय छात्रों की वतन वापसी के लिए विदेश मंत्रालय के पास कोई ठोस प्लान नहीं है। वे 14 और 15 मार्च को कमर्शल फ्लाइट्स से भारत लौटेंगे। यह इस्राइल-ईरान तनाव के बीच लौटने वाले छात्रों का यह पहला ग्रुप होगा। वे आर्मेनिया पहुंचेंगे और फ्लाइट्स से रवाना होंगे।

### खाड़ी युद्ध के 12वें दिन क्या-क्या हुआ



इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया।

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बुधवार को बातचीत की।
- **WHO ने दी चेतावनी, ईरान के तेल ठिकाने पर हुए हमलों के बाद सांस से जुड़ी समस्या हो सकती है**
- ईरान से जुड़े ग्रुप ने US मेडिकल टेक्नॉलजी कंपनी स्ट्राइकर पर साइबर हमले की जिम्मेदारी ली।
- ऊर्जा जरूरत के लिए जापान अपने आपातकालीन तेल भंडार का एक हिस्सा जारी करेगा।
- इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी के सदस्य देशों के इमरजेंसी भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी होगा।

## ईरान की माइंस बिछाने वाली 16 बोट डुबोए... क्या होती हैं ये बोट?

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका ने दावा किया है कि ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में माइंस बिछाना शुरू किया है। यह भी कहा कि माइन बिछाने वाली ईरान की 16 बोट पर हमला कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है। माइन लेयर क्या है, कैसे काम करती है और इंडियन नेवी की कितनी क्षमता है। इन सब सवालों के जवाब हमने अलग-अलग जानकारों से बात कर जाना:

**इंडियन नेवी की कितनी क्षमता?**
नेवी के पास जो पहले माइंस स्वीपर थे उनमें भी माइंस बिछाने की क्षमता थी। नेवी के पास अभी माइन लेयर शिप नहीं है लेकिन नेवी के पास जो एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (ASW-SWC) हैं, उनमें ये क्षमता है कि वे जरूरत पड़ने पर माइन ले जा सकते हैं और बिछा सकते हैं। नेवी के पास अभी 4 ASW-SWC हैं और नेवी को 12 और मिलने हैं। यह जहाज तटीय और उथले पानी में दुश्मन की सबमरीन को खोजने और नष्ट करने के लिए बनाया गया है।



16 ईरानी बोट पर हमले का US का दावा

### क्या हैं माइन लेयर्स?

माइन लेयर्स यानी माइंस बिछाने वाले शिप। शिप में माइंस को रखने की जगह चाहिए साथ ही उसका आकार भी अलग होता है। माइन बिछाने वाले शिप में एक माइन रेल होती है। इसे एक पटरी की तरह समझ लीजिए। इसके बीच-बीच में माइन होती हैं। ये तय पॉजिशन पर माइन ड्रॉप करते हैं।

### शिप में नहीं ले जा सकते माइन?

समुद्र में बिछाने वाली माइन को ले जाने के लिए खास शिप होते हैं लेकिन माइन बिछाने के लिए सबमरीन और एयरक्राफ्ट का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। सबमरीन के टारपीडो ट्यूब में डालकर माइंस ले जा सकते हैं।

### माइंस का किस तरह इस्तेमाल?

द्वितीय विश्व युद्ध में और ईरान-इराक युद्ध में समुद्री माइंस का खूब इस्तेमाल हुआ था। माइंस का दो तरह का इस्तेमाल होता है। पहला अपने बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए। दूसरा इस्तेमाल दुश्मन के बंदरगाहों के आसपास लगाना। इससे बंदरगाह से बाहर निकलें तो वे नष्ट हो जाएं।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी





**रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं**

1. US में 50 साल बाद नई रिफाइनरी बनेगी। किस भारतीय कंपनी से हुई डील?
A. टाटा B. रिलायंस C. IOC
2. लोकसभा के स्पीकर के खिलाफ अविश्वास का संकल्प किस रूप में गिरा?
A. ध्वनि मत B. बहुमत C. इनमें से कोई नहीं
3. भारत ने किस देश से 3 करोड़ बैरल तेल खरीदा है?
A. रूस B. इराक C. कुवैत
4. मोबाइल रिचार्ज का मुद्दा उठाने वाले राघव चड्ढा किस सदन से सांसद हैं?
A. लोकसभा B. विधानसभा C. राज्यसभा
5. व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी का कौन है?
A. जॉर्जिया मेलोनी B. कैरोलिन लेविट C. उर्सुला वॉन डेर लेयेन

**कल के जवाब**
A1 B. शिवसेना (शिंदे) A2 B. इंडिगो A3 C. 52.88% A4 A. 13 करोड़ A5 B. ओम बिरला

**लकी विनर्स**



1. ऊषा अग्रवाल, दिल्ली
2. नीता यादव, दिल्ली
3. बलबीर सिंह, गाजियाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

## रूसी तेल पर छूट थोड़े समय के लिए: US

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन: अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के लिए भारत को अस्थायी रूप से रूसी तेल खेपें को स्वीकार करने की अनुमति दी है। यह पहले से जहाजों पर लदी हुई थीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत, अमेरिका का अच्छा सहयोगी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, 'भारत में हमारे सहयोगियों ने अच्छा व्यवहार किया है और उन्होंने प्रतिबंधित रूसी तेल खरीदना पहले ही बंद कर दिया था। इससे रूस को फायदा नहीं होगा।' दूसरी ओर, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि भारत, दुनिया भर में तेल की स्थिर कीमतें बनाए रखने में एक महान सहयोगी रहा है।



कैरोलिन लेविट

## तीन करोड़ बैरल तेल भारत ने रूस से खरीदा

■ NBT रिपोर्ट

**भारत की** तेल रिफाइनरी कंपनियों ने रूस से लगभग 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह कदम अमेरिका से तेल खरीद की छूट मिलने के बाद उठाया गया। इंडियन ऑयल और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों ने तेल खरीदे हैं। पश्चिम एशिया से तेल सप्लाई में आई कमी को पूरा करने के लिए खरीद की अनुमति मिली।

सौदों की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार, अमेरिका की ओर से खरीद की अनुमति (ग्रीन सिग्नल) देने के बाद भारतीय रिफाइनरियों ने तेल खरीदा। सौदों की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि यह तेल पहले ही जहाजों में लदा हुआ था, लेकिन अभी किसी को आवंटित नहीं किया गया था और इसका बड़ा हिस्सा पहले से ही एशियाई समुद्री क्षेत्र में मौजूद था। इंडियन ऑयल और रिलायंस ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। भारत पहले पारंपरिक रूप से रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदता था।

File Photo



साल 2022 से रूस से ज्यादा तेल खरीद रहा था भारत।

### खाड़ी के देशों से तेल खरीद रहा था भारत

भारत पिछले साल से अमेरिकी दबाव के कारण रूसी तेल की खरीद कम कर रहा था। उसकी जगह सऊदी अरब और इराक से तेल ले रहा था। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण वहां से आपूर्ति प्रभावित हो गई। छूट दिए जाने के बाद रूसी तेल खरीदा।

**पश्चिम एशिया युद्ध के बाद देशों से संपर्क किया जा रहा**

## संघर्ष में रणनीतिक हैसियत साधने की कोशिश कर रही है डिप्लोमेसी

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया युद्ध के बाद उथल-पुथल के दौर में दुनिया के तमाम देश इस क्षेत्र के देशों के साथ संपर्क में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं। मंगलवार रात विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि उनकी ईरान के विदेश मंत्री से विस्तार में बातचीत हुई। युद्ध शुरू होने के बाद ये दोनों देशों के बीच तीसरी ऐसी बातचीत थी। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने 28 फरवरी और 5 मार्च को भी फोन पर बात की थी।

**भारत को अपनी आवाज दर्ज करानी होगी:** पश्चिम एशिया के एक्सपर्ट अनवर ओमैर कहते हैं कि भारत जानता है कि जंग जितनी खिंचेगी, उससे भारत को उतना ज्यादा नुकसान है। नुकसान महज तेल की सप्लाई और डायस्पोरा से जुड़ी असुरक्षा का ही नहीं है लेकिन ध्यान रखने वाली बात ये है कि इस क्षेत्र में भारत की रणनीतिक पोजिशन अहम है। ईरान में सत्ता में बदलाव होता दिख नहीं रहा। भारतीय विदेश नीति फिलहाल सभी पक्षों के साथ संपर्क में रहकर अपनी मौजूदगी जताने की कोशिश कर रही है।


File Photo



हाल ही में जयशंकर और ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री की मुलाकात हुई थी।

### पश्चिमी देशों से लेकर पश्चिम एशिया तक

विदेश मंत्री ने बीते दिन जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ भी बात की थी। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार राजीव डोगरा कहते हैं कि भारत की विदेश नीति फिलहाल पश्चिम एशिया में मौजूद भारतीयों के हित और उनकी वापसी से जुड़ी है। इसके साथ ही भारत डायलॉग और डिप्लोमेसी के अपने सिद्धांत पर ही चलता दिखना चाहता है। यही वजह है कि पीएम मोदी पश्चिम एशिया के राष्ट्राध्यक्षों से लगातार संपर्क में बने हैं। विदेश मंत्री जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष के साथ संपर्क बनाए हुए हैं।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: cci Time: 03-11-2026 22:25 Color:



# घर से लेकर होटल-रेस्टोरेंट में असर




गैस पर संकट : कमर्शल सिलिंडर की किल्लत से हर शहर पर असर दिख रहा है, मुंबई में एक होटल में लगा यह नोटिस




## कई रेस्टोरेंट्स पर ताला लगने की नौबत आ गई

### 'गैस संकट' ने निकाली काम-धंधे की हवा

■ नई दिल्ली

**कमर्शल एलपीजी** सिलिंडर की बढ़ती किल्लत और आसमान छूते दामों ने दिल्ली के रेस्टोरेंट बिजनेस को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। रेस्टोरेंट व्यवसायियों की एसोसिएशन से जुड़े सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गैस सिलिंडर न मिल पाने के कारण दिल्ली के कई रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर आ गए हैं। पहाड़गंज और करोल बाग में कुछ रेस्टोरेंट्स बंद किए जाने की बात भी सामने आई है। कारोबारियों का कहना है कि इस संकट से उबरने की फिलहाल कोई सूरत नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कई रेस्टोरेंट संचालक अब गैस के बजाय किचन में लकड़ी या कोयले से काम चला रहे हैं, तो वहीं कुछ इंडक्शन चूल्हे का इस्तेमाल भी शुरू हो गया है।



रेस्टोरेंट संचालक गैस के बजाय किचन में लकड़ी या कोयले से काम चला रहे हैं

रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सूत्रों ने बताया कि उनकी समस्याओं पर गौर करने के लिए केंद्र सरकार ने अधिकारियों की जो कमिटी बनाई है, उस कमिटी के सदस्यों के साथ उनकी बात हुई है, फिलहाल इस समस्या का कोई ठोस समाधान निकलता नजर नहीं आ रहा है। ऊपर से ब्लैक मार्केट में सिलिंडर इतना महंगा बिक रहा है कि अब वह कई लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है। ऐसे में कुछ रेस्टोरेंट कारोबारी अपनी टाइमिंग चेंज करने और दिन में रेस्टोरेंट बंद रखने पर भी विचार कर रहे हैं। कारोबारियों ने यह भी कहा है कि अगर स्थिति इसी तरह की रही, तो न केवल कई रेस्टोरेंट बंद हो जाएंगे, बल्कि जो चालू रहेंगे वहां का खाना महंगा भी हो सकता है।

**पहाड़गंज और करोल बाग में कुछ रेस्टोरेंट्स बंद किए**

वहीं होटल महासंघ के पवन मित्तल ने बताया कि कई बजट होटल, जो आस-पास के ढाबों या रेस्टोरेंट्स से अपने कस्टमर्स के लिए खाना मंगाते थे, उनके सामने अब संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि जगह-जगह छोटे-छोटे ढाबे, रेस्टोरेंट और टेकअवे फूड आउटलेट बंद हो रहे हैं। ऐसे में उन्हें कस्टमर्स को कहना पड़ रहा है कि वो खाने का इंतजाम खुद देख लें। दूसरी तरफ खाने की चीजों की रेहड़ी लगाने वालों को भी गैस सिलिंडर नहीं मिल रहा है।

## दिल्ली में ईंधन की कोई किल्लत नहीं : सरकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और पीएनजी की सप्लाई पूरी तरह से सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। सरकार ने जनता से अपील की है कि गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक घबराहट या भंडारण से बचें। बुधवार को दिल्ली के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, दिल्ली पुलिस, राजस्व विभाग, इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड और विभिन्न तेल कंपनियों के सीनियर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

**मुख्य सचिव ने बुधवार को की समीक्षा बैठक**

बैठक में इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 9 मार्च 2026 को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए घरेलू (डोमेस्टिक) पीएनजी और सीएनजी की सप्लाई, उसके उचित और समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली में घरेलू उपयोग के लिए पीएनजी की कोई कमी नहीं है। साथ ही प्राथमिकताओं का पुनः निर्धारण करते हुए औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगभग 80 प्रतिशत तक निर्बाध गैस सप्लाई को निर्धारित कर दिया गया है।

तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है और कंपनियों के पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। बुकिंग के बाद औसतन 2 से 3 दिनों के भीतर सिलिंडर घर तक पहुंचाया जा रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि कमर्शल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति के लिए तेल कंपनियों द्वारा कुछ दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं, जिनके तहत शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता दी जा रही है।

सरकार ने गैस की किसी भी प्रकार की चोरी या कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए दिल्ली पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## हाई कोर्ट की कैंटीन पर असर, नहीं बनेगा खाना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता के स्थानीय प्रभाव को दिखाते हुए, दिल्ली हाई कोर्ट के वकीलों की कैंटीन को सभी मेन कोर्स मील (खाना) बनाने की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है। 11 मार्च को जारी एक नोटिस में इस निलंबन की जानकारी साझा की गई, जिसकी वजह एलपीजी गैस सिलेंडरों की अचानक और गंभीर अनुपलब्धता है, जिससे रसोई में पके हुए खाने को परोसने की प्रक्रिया संभव नहीं हो पा रही है।

**ग्राहक ऐसा रिफ्रेशमेंट ले सकते हैं, जिन्हें पकाने की जरूरत नहीं होती**

कैंटीन प्रबंधन संभालने वाले संदीप शर्मा ने साफ किया कि भले ही चूल्हे ठंडे हैं, कैंटीन पूरी तरह से बंद नहीं है। ग्राहक अब भी रिफ्रेशमेंट ले सकते हैं जिन्हें पकाने की जरूरत नहीं होती, जैसे सैंडविच, सलाद और फ्रूट चाट आदि। हालांकि, प्रबंधन ने माना कि नियमित गैस आपूर्ति कब तक बहाल होगी, इस बारे में कोई तय समय सीमा नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ईंधन उपलब्ध होते ही पूरा मेन्यू बहाल कर दिया जाएगा। कैंटीन अधिकारियों ने इस व्यवधान के लिए माफी मांगी है और संकट से प्रभावित वकीलों और अदालत के कर्मचारियों से समझ और सहयोग की अपील की है।

## रिएलिटी चेक

## पैनिक की वजह से गैस सिलिंडर लेने वालों की लग रही है भीड़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**द्वारका सेक्टर-9** के इलाके गैस गोदाम के बाहर बुधवार को भी पूरे दिन गैस लेने वालों की भीड़ लगी रही। हालांकि, जो लोग गैस डिलिवरी के 25 दिन बाद की बुकिंग के साथ आ रहे हैं, उन्हें सिलिंडर मिल रहा है, लेकिन जो इससे पहले आ रहे हैं, उन्हें खाली लौटना पड़ रहा है। सबसे बड़ी किल्लत कमर्शल गैस सिलिंडर को लेकर बनी हुई है। इससे रेस्टोरेंट और ढाबा चलाने वाले परेशान हैं।

**लोग बोले- हालात ऐसे कि ब्लैक में भी नहीं मिली गैस**

वहां भारत गैस एजेंसी के स्टाफ ने कहा कि घरों में इस्तेमाल होने वाले गैस की कोई कमी नहीं है, बस बुकिंग लास्ट डिलिवरी के 25 दिन के बाद होनी चाहिए। अभी गैस को लेकर पैनिक हो गया है, जिनके पास घरों में गैस सिलिंडर भरा हुआ है, वे भी सिलिंडर लेकर पहुंच रहे हैं। उत्तम नगर में छोले भटूरे की दुकान चलाने वाले मनीष गुप्ता ने बताया कि गैस के बिना काम बंद हो गया है। हम ब्लैक में लेकर काम करते थे, अब ब्लैक में भी सिलिंडर नहीं मिल रहा है। मौके पर हमें कई लोग कमर्शल सिलिंडर लेने की जद्दोजहद करते दिखे, लेकिन किसी को भी सिलिंडर नहीं मिला।

वहीं मौजूद इंडेन गैस के गोदाम के स्टाफ ने कहा कि गैस की दिक्कत नहीं है, बस शर्त यह है कि 25 दिन के बाद की बुकिंग हो। उन्होंने बताया कि कमर्शल गैस सिलिंडर की सप्लाई कंपनी से नहीं हो रही है। छोटे दुकानदार परेशान हैं। कुछ लोग गैस होने के बाद भी दूसरा सिलिंडर भरवाने की कोशिश में हैं, उन्हें डर है कि बाद में गैस नहीं मिलेगी।



लोग अब गैस कंपनियों के गोदामों में भी पहुंचने लगे हैं

## डिलिवरी नहीं मिलने पर गैस गोदामों पर पहुंच रहे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**'मैं सुबह** से एलपीजी सिलिंडर के लिए गोदाम के चक्कर काट रहा हूं, लेकिन सिलिंडर नहीं मिल रहा है। गोदाम के कर्मचारी कह रहे हैं कि अगर आपने पहले से सिलिंडर बुक कराया है, तभी आपको सिलिंडर मिलेगा।' यह कहना है हरकेश सिंह का, जो बुधवार को द्वारका सेक्टर-9 स्थित गैस एजेंसी के गोदाम पर सिलिंडर के लिए भटक रहे थे। इस तरह की परेशानी सिर्फ हरकेश की ही नहीं थी, बल्कि इन जैसे कई लोगों की थी।

द्वारका सेक्टर-9 हॉस्पिटल के पास स्थित एचपी गैस सर्विस के केयर टेकर हरिओम के अनुसार गोदामों में एलपीजी सिलिंडर की कमी नहीं है।

लेकिन, सिलिंडर सिर्फ उन लोगों के लिए है, जो पहले बुकिंग कर चुके हैं। बुकिंग का पीरियड 25 दिन हो गया है। इससे पहले गैस की बुकिंग नहीं हो रही है। जिन लोगों ने बुकिंग नहीं कराई है, उन्हें गोदाम से सिलिंडर नहीं दिया जा रहा है। जिन लोगों ने बुकिंग कराई है और 25 दिन हो चुके हैं, उन्हें एक सिलिंडर पर 913 रुपये देना पड़ रहा है। गोदाम से ले जाने पर 35 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कमर्शल सिलिंडर की शॉर्टेज चल रही है।




**गोदामों के स्टाफ** ने बताया कि अब पहले के मुकाबले गोदाम पर कम ट्रक पहुंच रहे हैं, सप्लाई प्रभावित हुई है। बुकिंग कराने के बाद जिन उपभोक्ताओं के पास कन्फर्मेशन आई है, उन्हें यहां से भी गैस से भरा सिलिंडर दिया जा रहा है।

## गोदाम पर भी नहीं मिल रहा सिलिंडर, लोग हो रहे परेशान

■ राम त्रिपाठी, गांधी नगर

**गांधी नगर** के बुध बाजार रोड पर रसोई गैस की दो कंपनियों के गोदाम हैं। यहां सुबह 10 बजे के बाद गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं की भीड़ लगने लगती है। बुधवार को यहां एलपीजी सिलिंडर बुक कराने और सिलिंडर ले जाने के लिए आए कई लोगों को मायूस लौटना पड़ा। यहां गैस की किल्लत साफ नजर आ रही है। इसके अलावा गोदाम के बुकिंग काउंटर का सर्वर कई घंटे तक डाउन रहने की शिकायत भी लोगों ने की।

इंडेन कंपनी के गोदाम के मैनेजर नीरज ने बताया कि पहले रोज 2 ट्रक एलपीजी सिलिंडर लेकर आते थे। अब एक ही ट्रक आ रहा है। एक ट्रक में गैस से भरे करीब 360 सिलिंडर होते हैं। उन्होंने बताया कि बुकिंग कराने के बाद जिन उपभोक्ताओं के पास कन्फर्मेशन आई है, उन्हें यहां से भी गैस से भरा सिलिंडर दिया जा रहा है। यहां आए लोगों का कहना है कि अब बुकिंग पीरियड 25 दिन कर दिया गया है।

### उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया


घर में मेहमान आने वाले हैं। एक सिलिंडर खाली पड़ा हुआ है। दूसरा एकाध दिन में खत्म होने वाला है। कोई जवाब नहीं मिल रहा कि सिलिंडर कब आएगा। -लीला





दोनों सिलिंडर खाली पड़े हैं। बुकिंग कराए लंबा समय हो गया है। सिलिंडर नहीं आया है। गोदाम से भी जानकारी नहीं मिल रही है। अब क्या करूं। -फरजाना

सिलिंडर बुक कराए कई दिन हो गए हैं। 81 साल की उम्र हो गई है। ठीक से चल नहीं पाता हूं। सर्वर काम नहीं कर रहा। ताजा जानकारी तक नहीं मिल पा रही है। -काशी लाल



## लोगों ने कहा, 3 दिन में भी नहीं मिला सिलिंडर

■ राजेश पोद्दार, नरेला

**बुधवार को** नरेला के माता मनसा देवी रोड स्थित तीन गैस एजेंसियों के गोदाम पर सिलिंडर लेने आने वाले लोगों की भीड़ दिखाई दी। पहले जहां गैस सिलिंडर सीधे घर तक पहुंच जाते थे, वहीं अब कई लोग बाइक, स्कूटर और साइकिल पर खाली सिलिंडर लेकर खुद ही गोदाम से भरा हुआ सिलिंडर लेने आ रहे हैं।

**कई जगह कमर्शल सिलिंडर की बिक्री प्रभावित**

वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि 2-3 दिन पहले बुकिंग की थी, लेकिन अभी तक डिलिवरी नहीं हुई है। इसके बाद वह एजेंसी पहुंचे, जहां उन्हें बताया गया कि बुकिंग स्लिप दिखाकर गोदाम से ही सिलिंडर लिया जा सकता है। गैस एजेंसी के कर्मचारियों का कहना है कि फिलहाल वही लोग सिलिंडर लेने आ रहे हैं जिनकी होम डिलिवरी किसी कारण से नहीं हो पाई या जिन्हें तुरंत सिलिंडर की जरूरत है। इंडियन गैस एजेंसी के एक डिलिवरी बॉय ने बताया कि इन दिनों बुकिंग सर्वर में भी दिक्कत आ रही है। कई बार ग्राहकों को दो से तीन बार प्रयास करने के बाद ही बुकिंग हो पाती है। इसके कारण डिलिवरी भी तीन से चार दिन की देरी से हो रही है। वहीं, एचपी गैस एजेंसी के कर्मचारियों का कहना है कि उनके यहां फिलहाल सिलिंडर की कमी नहीं है। हालांकि वे केवल उन्हीं लोगों को सिलिंडर दे रहे हैं जिनके पास बुकिंग की पर्ची है। नरेला के विशाल एन्क्लेव निवासी दीपांशु ने बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले सिलिंडर बुक किया था, लेकिन डिलिवरी नहीं पहुंची। एजेंसी पहुंचे और पर्ची दिखाने के बाद सिलिंडर दे दिया गया। वहीं झंडा चौक निवासी रतन सिंह ने बताया कि दोबारा बुकिंग कराने पर एजेंसी जाकर गैस मिली।





### जमाखोरी भी शुरू हुई

**अचानक नॉन** रजिस्टर गैस की सप्लाई रुकने से छोटे सिलिंडरों में गैस भरकर बेचने वाले कुछ लोगों ने जमाखोरी शुरू कर दी है। ऐसे में मजदूरों और छोटे दुकानदारों को गैस 220 से 250 प्रति किलो तक में खरीदनी पड़ रही है। गैस की किल्लत का असर चाय, समोसा और अन्य खाने-पीने के ठेले लगाने वाले दुकानदारों पर भी पड़ रहा है। लोगों के अनुसार, बाजार में अब गैस सिलिंडरों की ब्लैक मार्केटिंग भी शुरू हो गई है। 14 किलो वाला घरेलू सिलिंडर और 19 किलो वाला कमर्शल सिलिंडर 2500 से लेकर 3000 तक में बेचा जा रहा है, वह भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा, जिससे लोग परेशान हैं।

**2500 से 3000 में बेचा जा रहा घरेलू और कमर्शल सिलिंडर**



गोदामों पर भी भीड़ लगने लगी है, सिलिंडर बुक कराने और ले जाने के लिए आए कई लोगों को मायूस लौटना पड़ा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 03-11-2026 22:20 Color:



Sridhara Ks




## बेंगलुरु-पुणे में 80% होटल बंद होने की आशंका

बेंगलुरु-पुणे के कई इलाकों में लंबी कतारें लग गई हैं। एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक नहीं होने से लोगों को धूप में इंतजार करना पड़ रहा है। कारोबारियों के पास केवल दो-तीन दिन का गैस स्टॉक बचा है। पुणे होटल असोसिएशन के अध्यक्ष गणेश शेट्टी ने बताया कि पुणे-बेंगलुरु में करीब 80% होटल बंद होने की आशंका जताई जा रही है। गैस आपूर्ति प्रभावित होने से होटल कारोबार के साथ वड़ा पाव ठेले, चाइनीज स्टॉल, अमृततुल्य चाय की दुकानें और अन्य विक्रेता भी प्रभावित होंगे।

NBT




## 35 फैक्ट्रियां गैस नहीं मिलने से बंद हुईं

मेरठ के औद्योगिक क्षेत्रों की असोसिएशन की मानें तो जिले में 47 हजार उद्योगों पर असर पड़ा है। मेरठ IIA के वाइस चेयरमैन राजीव अग्रवाल का कहना है कि गैस, प्लास्टिक की किल्लत से शहर में यूनिट बंद होने लगे हैं। बागपत जिले में गैस की 32 एजेंसियां हैं। यहां 35 फैक्ट्रियों में सिलिंडर नहीं मिलने से काम बंद हो गया है। मुरादाबाद मंडल के रामपुर, अमरोहा और संभल जिलों में इंडियन गैस सर्विस ने होटलों और रेस्टोरेंट में सिलिंडर की सप्लाई रोक दी है।

PTI




## 9 हज़ार रेस्तरां और बार बंद होने के कगार पर

मुंबई, पुणे और नागपुर में कॉमर्शल गैस की भारी कटौती की गई है। पुणे में नगर निगम ने गैस शवदाह गृह अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। राज्य के करीब 9,000 रेस्तरां और बार पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। मुंबई में होटल असोसिएशन 'आहार' (AHAR) ने चेतावनी दे चुका है कि अगर सप्लाई नहीं सुधरी, तो अगले दो दिनों में आधे से ज्यादा यानी 50% होटलों पर ताले लग सकते हैं। मुंबई में कुछ रेस्तरां ने गैस नहीं मिलने के बाद अंगीठी पर खाना बनाना शुरू किया है।

## फैक्ट फाइल

**■ 250 मिलियन बैरल**
भारत के पास इतना कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जो करीब 4,000 करोड़ लीटर के बराबर है।

**■ 3 रणनीतिक भंडार**
भारत के बड़े तेल भंडार मैंगलोर, पाडुर और विशाखापत्तनम में स्थित हैं।

**■ 40 देशों से इंपोर्ट**
पिछले दशक में भारत ने जिन देशों से तेल खरीदा है उनकी संख्या 27 से बढ़ाकर 40 कर दी है।



**■ 40% तेल होर्मुज से**
भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग इतना हिस्सा ही होर्मुज स्ट्रेट से होकर आता है।

**■ तेल आने के रूट कई**
भारत का करीब 60% तेल अन्य समुद्री रास्तों से आता है।

**■ 258 मिलियन मीट्रिक टन रिफाइनिंग क्षमता**
भारत की सालाना तेल रिफाइनिंग क्षमता इतनी है, जो दुनिया में चौथे स्थान पर है।

**■ 230 मिलियन मीट्रिक टन खपत**
भारत की सालाना घरेलू तेल खपत लगभग इतनी है, जो उसकी रिफाइनिंग क्षमता से कम है।

**■ 20% एथेनॉल**
भारत का यह कार्यक्रम हर साल लगभग 60 लाख टन कच्चे तेल की जरूरत को कम कर देता है।

**■ 1.36 लाख करोड़ बचे**
2014 के बाद से एथेनॉल कार्यक्रम के कारण भारत ने 1.36 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बचाई है।

**■ 24,500 करोड़ घाटा**
युद्ध के बाद से फ्यूल की कीमतें स्थिर रखने के लिए IOC, BPCL और HPCL ने इतना नुकसान सहा।


डेटा सोर्स: सरकारी सूत्र

### देश-भर में गैस सिलिंडर के लिए मारामारी

# बाकी सब ठीक है!

**कई शहरों से LPG की किल्लत की खबरें आ रही हैं। रेस्तरां और फैक्ट्री संचालकों ने कहा, कमर्शल गैस सिलिंडर मिल ही नहीं रहा। LPG की कमी से कई रेस्तरां और फैक्ट्रियां बंद होने की कगार पर हैं। हालात ऐसे हैं कि शादी-ब्याह के किचन से लेकर छोटे रेस्तरां तक लकड़ी और कोयले पर खाना पकाने की नौबत आ गई है। कई जगह कैंटीन बंद हो गईं। IRCTC ने माइक्रोवेव और इंडक्शन के इस्तेमाल को कहा है। घरेलू सिलिंडर के लिए भी लंबी कतारें लग रही हैं। जमीनी हालात भले ही खराब दिख रहे हों, लेकिन केंद्र सरकार का दावा है कि बाकी सब ठीक है, घबराने की जरूरत नहीं है।**

Sandeep Rasal



NBT रियलिटी चेक

भट्टियां धधक रहीं
गैस नहीं मिलने पर लखनऊ में गेस्ट हाउस कैटरर्स ने भट्टियों पर खाना बनाना शुरू कर दिया।

## उत्तर प्रदेश

### 4-5 दिन की वेटिंग



लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में बुकिंग के 4-5 दिन बाद भी डिलीवरी नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग की टीम ने तेल और रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए नोएडा से गोरखपुर तक कई जगह छापे मारे।

### वृंदावन: लकड़ी जलाएंगे

मथुरा जिले के वृंदावन में रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत से निजात पाने के लिए कई आश्रम, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों ने लकड़ी और गोबर के उपले का प्रयोग करने पर विचार किया है। वृंदावन की गैस एजेंसियों को 7 मार्च से सिलिंडर की आपूर्ति पर रोक लगी है। रेस्टोरेंट संचालक भी लकड़ी और कोयला से खाना बनाने की तैयारी में हैं।

### अयोध्या में भंडारा बंद

राम मंदिर की सीता रसोई को छोड़कर बाकी होटलों और रेस्टोरेंट के सामने कामर्शल गैस सिलिंडर का संकट बना हुआ है। मंदिरों में प्रसाद के तौर पर चढ़ने वाले लड्डू के निर्माण भी कम हो रहा है। राम मंदिर से सटे अमावा मंदिर में 2019 से दोनों समय निशुल्क भोजन की व्यवस्था की जा रही थी, लेकिन सिलिंडर के संकट से अब शाम का भोजन वितरण बंद कर दिया गया है। यह जानकारी अमावा मंदिर ट्रस्ट व पटना के महावीर ट्रस्ट के सचिव सायन किशोर ने दी है।




## इन शहरों में लोग परेशान

PTI




### बुज़ुर्ग, छात्र और मरीज़ों को दिक्कत

बेंगलुरु होटल असोसिएशन का कहना है कि अगर सप्लाई बहाल नहीं हुई होटल बंद करने पड़ेंगे। कई बुजुर्ग, छात्र और मरीज खाने के लिए होटलों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में आम लोगों को भारी दिक्कत होगी। वहीं, कर्नाटक के फूड और सिविल सप्लाई मंत्री के एच मुनियप्पा ने कहा कि LPG सप्लाई को लेकर किसी चिंता की जरूरत नहीं है, क्योंकि तेल कंपनियों ने भरोसा दिया है कि हर परिवार को महीने में एक घरेलू सिलिंडर मिलेगा।

PTI




### उद्योगों पर असर, रोजगार पर संकट


झारखंड में कमर्शल सिलिंडर की आपूर्ति बंद हो गई है। झारखंड के खाद्य-आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस मुद्दे पर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को एक पत्र लिखा है। डॉ. अंसारी ने पत्र में कहा है कि अगर उद्योगों और होटलों को गैस की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो राज्य की औद्योगिक गतिविधियां ठप पड़ सकती हैं और हजारों श्रमिकों का निवाला छिन सकता है।

PTI




### गैस एजेंसियों के बाहर कतारें

कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई अन्य जगह रसोई गैस एजेंसियों के कार्यालयों और ऑटो के लिए LPG गैस भरवाने वाले केंद्रों पर लंबी कतारें नजर आईं। हालांकि 'पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन' के अधिकारियों ने कहा कि राज्य भर के सभी 'फिलिंग स्टेशनों' पर पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सामान्य रही। ड्राइवरों ने शिकायत की कि उन्हें ईंधन लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।




### इलेक्ट्रिक और सोलर हीटर पर कुकिंग

मध्य प्रदेश के होटल संचालकों ने कहा कि कीमत बढ़ने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहा है। शादी के सीजन में इस तरह की शॉर्टेज ने दिक्कत बढ़ा दी है। कुछ जगह भट्टियों की मदद से खाना तैयार किया जा रहा है, लेकिन रेस्तरां में मुश्किल हो रही है। इंदौर की 56 दुकानों वाली छप्पन चौपाटी ट्रेडर्स असोसिएशन की प्रेसिडेंट गुंजन शर्मा ने बताया कि हमने इलेक्ट्रिक अप्लायंसेज खरीदे हैं और इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

PTI




### शादी का खर्च 30 हज़ार तक बढ़ेगा!

जयपुर कैटरिंग डीलर्स कमिटी के अनुसार, ढाबे, रेस्तरां कमर्शल सिलिंडरों पर निर्भर हैं, जिससे रसोई संचालन मुश्किल हो रहा है। राजस्थान टेंट डीलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष रवि जिंदल के मुताबिक, गैस की कमी से शादी समारोहों का खर्च 25-30 हजार रुपये तक बढ़ सकता है। गैस न मिलने पर फैक्टरियों का उत्पादन रुक सकता है। जयपुर के गोविंदगढ़ में बोरोसिल की इकाई में उत्पादन बंद हो चुका है।

PTI




### गैस एजेंसियों के पास रही भीड़

असम के अधिकतर जिलों में एजेंसी के पास सिलिंडर के लिए लंबी लाइनें दिखीं। रेस्तरां संचालकों ने कहा कि सिलिंडर नहीं मिल रहा है, वहीं घरेलू सिलिंडर भी 4-5 दिनों बाद मिलने की बात कही जा रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और किसी तरह की घबराहट में आने की जरूरत नहीं है।

NBT




### कई जगह लगी लंबी कतारें

हरियाणा में कई जगह सिलिंडर के लिए लंबी कतारें लगीं। सरकार को भेजी गई जानकारी के मुताबिक, इंडियन ऑयल के पास अभी स्टॉक लगभग 3.5 दिनों का है। भारत पेट्रोलियम के पास लगभग 7.1 दिनों तक की घरेलू आपूर्ति के लिए स्टॉक उपलब्ध है। वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम का स्टॉक लगभग 5.8 दिनों का है। पहले एक से 2 दिन में घरेलू सिलिंडर की डिलीवरी हो जाती थी। अब इसमें एक हफ्ते तक का टाइम लग रहा है। हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि अभी स्थिति सामान्य है। किसी प्रकार का पैनिक की जरूरत नहीं है। वहीं, राजधानी चंडीगढ़ में भी LPG का संकट गहराता जा रहा है।

## 'बुकिंग के बाद ढाई दिनों में ही मिल रही गैस'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**देश के** कई हिस्सों में LPG सिलिंडरों के लिए ग्राहकों की कतार लगने और बुकिंग के लिए ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के फोन नंबरों पर कॉल कनेक्ट नहीं होने की शिकायतों के बीच सरकार ने बुधवार को कहा कि घरेलू उपयोग वाले LPG सिलिंडर की आपूर्ति सामान्य तौर पर बुकिंग के बाद करीब ढाई दिनों में होती है, इसलिए अगर सिलिंडर बुक किया जाएगा तो ढाई दिनों के अंदर आपूर्ति होगी। बुधवार को ही गृह सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और DGP के साथ मीटिंग और उनसे कहा कि वे किसी भी तरह की जमाखोरी और कालाबाजारी न होने दें। वहीं, राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने LPG सिलिंडरों की आपूर्ति में दिक्कतों का मुद्दा उठाया।

पश्चिम एशिया में युद्ध से बने हालात में सरकार ने तेल एवं गैस मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और शिपिंग मिनिस्ट्री के अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग कराई। इसमें तेल एवं गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, "फीडबैक से लग रहा है कि अफवाहों के चलते कुछ पैनिक बुकिंग और जमाखोरी हो रही है। घरेलू उपयोग वाले LPG के लिए हमारा जो नॉर्मल डिलीवरी साइकल है, वह करीब ढाई दिनों का बना हुआ है। इसलिए अगर आप सिलिंडर बुक कर रहे हैं, तो ढाई दिनों के अंदर आपको सिलिंडर की आपूर्ति होगी। घबराहट में बुकिंग करने की कोई आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।" उन्होंने कहा, "यह एक वैश्विक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन भारत में ईंधन आपूर्ति नियंत्रण में है। घरों और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। वैश्विक अनिश्चितता की इस अवधि के दौरान जहां भी संभव हो, ईंधन का संरक्षण करें।"



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: anil.rana@timesofindia.com Time: 03-11-2026 22:20 Color:



## फटाफट खबरें

### डॉलर के मुकाबले 16 पैसे लुढ़का रु.

पीटीआई, मुंबई: पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी और डॉलर की मजबूती का असर भारतीय रुपये पर भी पड़ा है। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे गिरकर 92.01 के स्तर पर बंद हुआ। RBI रेफरेंस रेट के मुताबिक रुपये का भाव 91.92 रहा।

### 'पेंशन पर 1 लाख से ज़्यादा शिकायतें'

पीटीआई, नई दिल्ली: पिछले साल सीपेंग्राम्स (CPENGRAMS) ऑनलाइन प्लैटफॉर्म के जरिए पेंशन से जुड़ी एक लाख से ज्यादा शिकायतें मिलीं। बुधवार को लोकसभा में यह जानकारी दी गई।



सीपेंग्राम्स एक ऑनलाइन पोर्टल है, जहां पेंशन पाने वाले लोग अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। उन्हें ट्रैक कर सकते हैं और अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक लिखित जवाब में बताया कि इस पोर्टल पर साल 2023 में 78,675, साल 2024 में 1,12,215 और साल 2025 में 1,07,731 पेंशन शिकायतें मिलीं। वहीं, शिकायतों को सुलझाने की बात करें, तो साल 2023 में 72,902, साल 2024 में 1,07,701 और 2025 में 1,13,272 शिकायतों का समाधान किया गया।

### SAIL की बिक्री में 14% इजाफा

वि, नई दिल्ली : देश के सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी (11 महीने) की अवधि के दौरान अब तक की अपनी सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 18.24 मिलियन टन (MT) की रेकॉर्ड कुल बिक्री हासिल की। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14% की वृद्धि दर्शाती है। इसी दौरान सेल ने 1.11 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक नकद संग्रह भी हासिल किया।

# निवेशकों को डरा रहा कच्चा तेल


## झुलसा शेयर बाजार: सेंसेक्स 1342 और निफ्टी 395 अंक टूटकर बंद

पीटीआई, मुंबई : पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने निवेशकों को डरा दिया है। इसके चलते बुधवार को शेयर बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी करीब 2 फीसदी नीचे गिरकर बंद हुए।

30 शेयरों वाला BSE सेंसेक्स 1,342.27 अंक (1.72%) लुढ़ककर 76,863.71 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी 394.75 अंक (1.63%) टूटकर 23,866.85 पर बंद हुआ। ग्लोबल मार्केट में ब्रेंट क्रूड (कच्चा तेल) 5.76% उछलकर 92.86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्केई 1.43% और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.40% बढ़ा।

BSE के सेक्टरों की बात करें तो ऑटो 3.06%, बैंक इंडेक्स 2.06%, प्राइवेट बैंक 2.03%, टॉप-10 बैंक 2.03% और फाइनेंशियल सर्विसेज 1.99% गिर गए।

AI Image



- युद्ध के डर से शेयर बाजार में डर का माहौल, रिलायंस और बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली
- बुधवार को एक ही दिन में 5.14 लाख करोड़ रुपये कम हो गए

### किचन सामान बनाने वाली कंपनियों में चमक

कमर्शल एलपीजी (LPG) सिलिंडरों की सप्लाई में आई रुकावट की खबरों के बीच बुधवार को किचन का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। बटरफ्लाई का शेयर 14.69% तक उछल गया। वहीं, स्टोव क्राफ्ट में 11.74%, टीटीके प्रेस्टीज में 10.37% की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ फूड डिलिवरी और रेस्टोरेंट सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई।

### बड़ा रिस्क लेने से बच रहे हैं निवेशक

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

निवेशक पश्चिम एशिया में मौजूदा माहौल को देखते हुए कोई भी बड़ा रिस्क लेने से बच रहे हैं। तनाव की वजह से कच्चे तेल की सप्लाई रुकने की आशंका, बढ़ती महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ने वाले असर को लेकर निवेशक डरे हुए हैं। अब सबकी नजर अमेरिका और भारत के महंगाई के आंकड़ों पर है, तब तक बाजार में ऐसी ही सतर्कता बनी रह सकती है।

### 2% गिरा बाजार

- सेंसेक्स : 1,342.27 अंक (1.72%)
- निफ्टी : 394.75 अंक (1.63%)
- कच्चा तेल : $92.86 प्रति बैरल (5.76% की बढ़त)
- सबसे बड़ा लूजर : बजाज फाइनैंस (5.01% गिरावट)
- FII बिकवाली (मंगलवार) : 4,672.64 करोड़ रुपये
- DII खरीदारी (मंगलवार) : 6,333.26 करोड़ रुपये
- जेब पर मार : शेयर बाजार में भारी गिरावट की वजह से निवेशकों के 5.14 लाख करोड़ रुपये डूबे
- सेक्टरों का हाल : ऑटो और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा मार पड़ी
- लोगों में डर : तनाव के चलते सप्लाई चेन रुकने और महंगाई बढ़ने की आशंका

# US में 50 साल बाद खुलेगी नई रिफाइनरी, रिलायंस से हुई डील

पीटीआई, वॉशिंगटन/नई दिल्ली: भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज अमेरिका में नई तेल रिफाइनरी बनाने में पार्टनर बनेगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इसका ऐलान करते हुए इसे अमेरिका के इतिहास की सबसे बड़ी डील बताया है। पिछले 50 सालों में यह अमेरिका की पहली नई बड़ी रिफाइनरी होगी, जो पूरी तरह से अमेरिकी कच्चे तेल (शेल ऑयल) का इस्तेमाल करेगी। रिलायंस ने यहां बनने वाले ईंधन को 20 साल तक खरीदने का करार किया है, जिससे अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। हालांकि रिलायंस की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

यह नई रिफाइनरी टेक्सस के ब्राउन्सविल (Brownsville) में स्थापित की जाएगी। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह पूरी तरह से अमेरिका के ही शेल ऑयल (shale oil) पर चलेगी। इस प्रोजेक्ट को 'अमेरिका फर्स्ट रिफाइनिंग' (AFR) नाम की कंपनी लीड कर रही है।

AI Image



### खास बातें

- **बड़ी डील:** 50 साल बाद अमेरिका में पहली बार कोई नई बड़ी रिफाइनरी बनने जा रही है।
- **रिलायंस की एंट्री:** रिलायंस पहली बार अमेरिका के रिफाइनिंग सेक्टर में सीधा निवेश कर रही है।
- **लंबा करार:** रिलायंस ने ईंधन की खरीद के लिए 20 साल का एग्रीमेंट किया है।

रिलायंस ने इस रिफाइनरी में बनने वाले फ्यूल को खरीदने के लिए 20 साल का एग्रीमेंट साइन किया है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2026 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में होने की उम्मीद है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में रिलायंस का नाम लेते हुए इसे 300 बिलियन डॉलर (तकरीबन 25 लाख करोड़ रुपये) की ऐतिहासिक डील कहा। ट्रंप ने कहा कि इससे देश की सुरक्षा मजबूत होगी और अरबों डॉलर का आर्थिक फायदा होगा।

हालांकि, AFR कंपनी ने रिलायंस का सीधा नाम लिए बिना कहा कि उन्हें एक बड़ी ग्लोबल कंपनी से भारी-भरकम निवेश मिला है।

एक बार तैयार होने के बाद यह 1977 के बाद अमेरिका में बनने वाली पहली बड़ी तेल रिफाइनरी होगी। यह पहली बार होगा जब रिलायंस अमेरिका में कोई तेल रिफाइनरी बनाएगी। यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल बाजार में हलचल है। जिसे लेकर पूरी दुनिया टेंशन में है।

# फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स पर घट सकते हैं ऑर्डर

AI Image




NBT रिपोर्ट, बेंगलुरु: पश्चिम एशिया में चल रही जंग की वजह से रसोई गैस (LPG) की सप्लाई कम हो गई है। इसका असर अब ऑनलाइन खाना मंगाने वालों पर भी पड़ सकता है। ET के मुताबिक, देश भर में कई रेस्टोरेंट्स पर गैस की कमी का असर दिख रहा है। इससे जोमैटो, स्विगी और Ownly जैसे फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स पर ऑर्डर्स में बड़ी गिरावट आने की आशंका है। हालांकि, स्विगी और जोमैटो ने अभी इस पर कोई जवाब नहीं दिया है।

एक फूड डिलिवरी कंपनी के सीनियर अधिकारी ने बताया कि रेस्टोरेंट्स की गैस खत्म हो रही है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई और कोलकाता में अभी हालात थोड़े ठीक हैं, लेकिन कुछ दिन में वहां भी स्थिति बिगड़ सकती है। पुणे में NRAI की प्रमुख सैली जहांगीरदार ने बताया कि मंगलवार शाम तक करीब 10,000 छोटे-बड़े रेस्टोरेंट और क्लाउड किचन या तो बंद हो गए हैं या अपनी आधी क्षमता पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पूरा फूड सेक्टर इसकी चपेट में है। जब रेस्टोरेंट ऑर्डर ही नहीं ले पाएंगे, तो डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स पर ऑर्डर खुद-ब-खुद कम हो जाएंगे। इसका असर डिलिवरी पार्टनर्स (गिग वर्कर्स) और रेस्टोरेंट के कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है।


# कच्चे तेल के संकट के बीच इलेक्ट्रिक कारों की नीति को लेकर उठे सवाल

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

नई दिल्ली : पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते क्रूड ऑयल और नैचरल गैस की आपूर्ति में बाधा पड़ने के बीच संसद की एक स्थायी समिति ने इलेक्ट्रिक वीइकल्स को बढ़ावा देने की नीति पर सवाल उठाए हैं। समिति ने कहा कि इस नीति में असंतुलन है। कमिटी ने PM ई-ड्राइव स्कीम में इलेक्ट्रिक फोर वीलर्स को शामिल नहीं करने पर भी प्रश्न किए और कहा कि इन गाड़ियों के दाम बहुत ज्यादा हैं, लिहाजा ग्राहकों को सब्सिडी दी जाए, जिससे इलेक्ट्रिक कारों को बढ़ावा मिल सके।

> संसद की समिति ने कहा, दाम ज्यादा, ग्राहकों को सब्सिडी दे सरकार

AI Image



संसद में बुधवार को पेश की गई भारी उद्योग मंत्रालय से जुड़ी रिपोर्ट में समिति ने कहा कि 'परंपरागत कारों के मुकाबले e-फोर वीलर्स की काफी ऊंची लागत के बावजूद PM ई-ड्राइव स्कीम में इन्हें शामिल नहीं करने से संभावित ग्राहक आगे नहीं आ रहे। ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव के तहत मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े इंसेंटिव तो दिए जाते हैं, लेकिन इससे उपभोक्ता के लिए किफायत का सवाल हल नहीं हो रहा।'

रिपोर्ट में कहा गया, 'कंज्यूमर को सब्सिडी नहीं देने से मिडल क्लास और प्राइवेट खरीदारों के बीच फोर वीलर सेगमेंट का आकर्षण कम रह सकता है।'

समिति ने सलाह दी है कि 'इलेक्ट्रिक फोर वीलर्स के लिए इंसेंटिव की एक समयबद्ध व्यवस्था पीएम ई-ड्राइव फ्रेमवर्क के तहत तत्काल शुरू की जाए या एक अलग स्कीम ही चला दी जाए। ये इंसेंटिव बैटरी कैपेसिटी, गाड़ी की क्षमता और कीमतों की सीमा के आधार पर दिए जाएं, जिससे परंपरागत गाड़ियों और ई-वीइकल्स के बीच लागत का बड़ा अंतर घटे।' समिति ने समय-समय पर इस बात का आकलन करने को भी कहा है कि PLI मैन्युफैक्चरिंग इंसेंटिव्स से रिटेल प्राइस में ठीकठाक कमी आ रही है या नहीं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की योजना की समीक्षा करने की जरूरत है। उसने कहा कि '4150 करोड़ रुपये के मिनिमम इन्वेस्टमेंट की सीमा और इंपोर्ट पर रियायती कस्टम्स ड्यूटी होने के बावजूद इस स्कीम के तहत 21 अक्टूबर 2025 की डेडलाइन तक किसी भी कंपनी ने आवेदन नहीं किया।' समिति ने स्कीम टु प्रमोट मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक पैसेंजर कार्स इन इंडिया (SPMEPCI) के बारे में यह बात कही।

# 'FDI नियमों में ढील चीनी कंपनियों के लिए नहीं'

AI Image



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रेस नोट 3 के नियमों में बदलाव करते हुए भारत की थल सीमा से जुड़े देशों से फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट की राह आसान बनाने की जो मंजूरी पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग में मंगलवार को दी गई थी। इस बारे में बुधवार को कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि चीन, हॉन्गकॉन्ग या भारत के पड़ोसी देशों में रजिस्टर्ड कंपनियों के मामले में नियम नरम नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऑटोमैटिक रूट से FDI की मंजूरी की रियायत केवल उन विदेशी कंपनियों के लिए होगी, जिनमें चीन सहित भारत के पड़ोसी देशों के लोगों की हिस्सेदारी 10% तक ही हो। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न सेक्टरों में FDI के लिए जो सीमाएं हैं, उनका पालन होगा।

अप्रैल 2020 में प्रेस नोट 3 की व्यवस्था लागू होने के बाद से यह नियम था कि किसी भी ऐसी विदेशी कंपनी के FDI प्रस्ताव को ऑटोमैटिक के बजाय शीर्ष सरकारी स्तर से मंजूरी की जरूरत होती थी, जिसमें चीन सहित भारतीय थल सीमा से जुड़े किसी भी देश के नागरिक के पास एक भी शेयर हो।

डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के जॉइंट सेक्रेटरी जय प्रकाश शिवहरे ने कहा कि थल सीमा से जुड़े पड़ोसियों के निवेशकों के लिए सभी प्रतिबंध अब भी लागू हैं। वहां के निवेशकों या इकाइयों के लिए कोई छूट नहीं दी गई है। छूट इन देशों से बाहर की विदेशी कंपनियों के मामले में है, जिनमें इन देशों के बेनेफिशियल ओनर्स के पास हिस्सेदारी 10% से कम हो और उनके पास कंपनी का कंट्रोल न हो।

## NBT हरियाणा

www.nbt.in

### गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

NBT न्यूज, जींद : सफीदों स्थित गीता कालोनी की अवैध फैक्टरी में आग से नौ महिला मजदूरों की मौत के बाद परिजनों में रोष है। बुधवार को परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा जोड़ने, फायर ब्रिगेड कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा आर्थिक सहायता की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की।


TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that help us cope with your loss"

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727


### राशन डिपो में धांधली के आरोपी फूड इंस्पेक्टर और SI पर FIR

NBT न्यूज,कुरुक्षेत्र

AI Image



कुरुक्षेत्र के लाडवा में राशन डिपो से जुड़े मामले में खाद्य और आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ बुधवार को FIR दर्ज हुई है। दोनों पर डिपो होल्डर के पिता से जबरन डिपो चलवाने और हर महीने 10 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगा है। डिपो होल्डर की मौत के बाद राशन सप्लाई चलती रही। मामला ग्रीवांस कमिटी में चल रहा है। डिपो होल्डर सोनू नारंग की शिकायत के बाद विभागीय स्तर पर जांच शुरू हुई थी।

जांच में सामने आया कि पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर 2022 के नियमों के अनुसार राशन डिपो की सप्लाई पास के डिपो से अटैच होनी चाहिए, लेकिन लाडवा में 4 डिपो की सप्लाई दूर-दूर के डिपो के साथ जोड़ी गई। अंशुल गर्ग के पिता नरेश गर्ग को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। नरेश गर्ग ने आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर नवीन कुमार और सब-इंस्पेक्टर अशोक हुड्डा ने उन पर दबाव डालकर बयान लिखवाया। डिपो होल्डर के पिता ने कहा कि आरोपियों ने उनके बेटे की मौत के बाद उसे दफ्तर बुलाया और जबरन डिपो चलाने का दबाव डाला। उसे किसी झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। डिपो की कमाई से हर महीने 10 हजार रुपये देने का आरोप भी लगाया। डिपो होल्डर अंशुल गर्ग की मौत के बाद उसके नाम पर राशन की सप्लाई जारी रही। सप्लाई लेने से जुड़े बिलों पर कई जगह अंशुल गर्ग और कुछ जगह उसके पिता के साइन मिले।


TIMES interact
Connecting People Connecting Needs
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Ritika Alreja W/o Nishant Chugh R/o H.No- 584 Sector-4 Gurgaon Haryana-122001 have changed my name to Ritika Chugh for all purpose

मैं, रेखा गुप्ता पुत्र रामानंद गुप्ता निवासी मकान नम्बर 438, गली नंबर 19ए, गुरुग्राम-122001। मैंने भविष्य के सभी कार्यों के लिए अपना नाम रेखी से बदलकर रेखा गुप्ता रख लिया है

I, KELA DEVI W/o NARESH KUMAR R/o SUTHANA(42), REWARI, REWARI Haryana-123001 have changed my name from KELA DEVI to GUDDI.

I Baljit Singh S/o Lakhmi Chand R/o H.No.2 Near Moji Wala Kuan Gurugram Hr. have changed my name from Baljit to Baljit Singh for all purposes.

I, Manjula Raghav W/o Sh. Raj Kumar Singh Rawat R/o H.No. 816/1, Gali No-8, Near Sitaram Mandir, Ashok Vihar Ph-1, Gurugram have changed my name from Manju Lata to Manjula Raghav for all future purpose

I, DEEPAK CHAUDHARY S/o BIRI SINGH Father of BABY ONE OF NEHA R/O FLAT NO E-406 TOWER E, M2K COUNTY HEIGHTS SECTOR -25 DHARUHERA DISTT REWARI have changed my minor Daughter name from BABY ONE OF NEHA TO PRISSHA CHAUDHARY.

I, Harsh Bhargava S/o Mr. Sudeep Bhargava, 22 years, R/o H.No. 479, Hawali Ram Niwas, Qutubpur, Rewari, hereby state that my name is incorrectly listed as Harsh on my birth certificate and passport. My correct name is Harsh Bhargava.

मैं, जयंती देवी पत्नी नम्बर 6384067 नायक दलीप सिंह निवासी गांव बड़ा बास डाकखाना जिला गुरुग्राम। घोषणा करती हूं मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम जयंती देवी है व मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम जानकी देवी दर्ज है। मेरा सही नाम जयंती देवी है।

WE Pooja Singhal w/o Arjun Kumar & Arjun Kumar s/o Ghanshyam Das both are declare that Have Changed My Daughter Name From Yashri To Yashri Singhal,her DOB - 06-10-2016,R/o-504,IC4,Essel Tower,near Mg road Gurgaon, haryana-122002 for all purposes

I, Ompati W/o No. 2440067 Ex. Sep. Banwari have changed my name to Omwati. In future I should be known as Omwati for all future purposes.

खोया एवं पाया

I, Ravi S/o Babu Lal R/o H. No : 78, Near Shiv Mandir Medawas Colony, Buwapur Sector 64, Badshahpur, Gurugram, Haryana - 122101 have Lost my Allotment Letter of PH-EWS-11-12 in EWS EMAAR Palm Hills SECTOR 77 Gurgaon on 01/03/2026 from Gurgaon. Anyone finds do not misuse and conact at 9810798750

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

हम कमला पत्नी छित्तर व छित्तर पुत्र श्री छोटू राम निवासीगण मकान नं.- 3079/30, नजदीक माता मंदिर, राजेंद्रा पार्क जिला गुरुग्राम हरियाणा सूचित करते हैं हमने अपने पुत्र महिपाल व उसकी पत्नी सविता को उनके दुर्व्यवहार की वजह से अपनी सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके साथ सम्बन्ध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा कोई वास्ता नहीं होगा।

मैं, ओमप्रकाश पुत्र जिले सिंह निवासी गांव-फतेहपुर, तहसील-बादली, जिला-झज्जर घोषणा करता हूं कि मैं अपने पुत्र इन्द्रजीत व इसकी पत्नी अनीता को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेन-देन करने व संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com


# हरियाणा और चंडीगढ़ में 19 जगहों पर ED ने मारा छापा


## 590 करोड़ के IDFC फर्स्ट बैंक 'घोटाले' में कार्रवाई हुई

NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के खातों से जुड़े करीब 590 करोड़ रुपये के कथित बैंक घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा और चंडीगढ़ में 19 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी की यह कार्रवाई उन कारोबारी संस्थाओं और लोगों के खिलाफ की गई, जिन पर आरोप है कि उन्होंने इस मामले में आरोपियों की मदद करते हुए पैसे के असली स्रोत को छिपाने में भूमिका निभाई। सूत्रों के मुताबिक यह मामला हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के उन पैसों से जुड़ा है, जिन्हें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) के रूप में जमा किया जाना था।

> जूलरी कारोबारियों और रियल एस्टेट एजेंटों पर शक

AI Image



### 'फर्ज़ी कंपनियों से लेनदेन कर रकम छिपाई'

आरोप है कि बैंक के कुछ पूर्व अधिकारियों और अन्य लोगों ने मिलकर इन पैसों को एफडी में जमा करने की जगह दूसरी जगहों पर ट्रांसफर कर दिया और बाद में इन्हें निजी कामों में इस्तेमाल किया। ईडी की शुरुआती जांच में सामने आया है कि घोटाले की रकम को छिपाने के लिए कई फर्जी कंपनियों के जरिए लेनदेन किया गया। जांच एजेंसी का कहना है कि बड़ी रकम पहले अलग-अलग कंपनियों में ट्रांसफर की गई, बाद में इन पैसों को सोने की खरीद और रियल एस्टेट में निवेश के नाम पर निकाल लिया गया। इस मामले में चंडीगढ़ के एक होटल कारोबारी विक्रम वधवा का नाम भी सामने आया है। छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से जुड़े अहम सुराग जुटाए हैं।

### इंडस्ट्रियल इलाकों में तैनात रहेगी ऐंबुलेंस

AI Image



NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में राज्यपाल और हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष प्रोफेसर असीम कुमार घोष गुरुवार को लोकभवन से रेडक्रॉस की नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने बुधवार को बताया कि वर्ष 2025 में राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने हरियाणा रेडक्रॉस मुख्यालय का दौरा किया था, तब उन्होंने रेडक्रॉस सेवाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से 10 ऐंबुलेंस उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। उसी घोषणा के अनुरूप अब इन नई ऐंबुलेंसों को लोकभवन से हरी झंडी दिखाई जाएगी। इन एंबुलेंस को औद्योगिक एसोसिएशनों को सौंपा जाएगा ताकि वहां कार्यरत श्रमिकों को आपातकालीन स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मिकों को दुर्घटना या अचानक स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचाने की सुविधा मिल सके।

### स्कूलों में टीचर-स्टूडेंट्स रेश्यो पर हाई कोर्ट सख्त

NBT न्यूज, चंडीगढ़



पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुपात को लेकर सख्ती दिखाते हुए मंगलवार को हरियाणा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से रिपोर्ट तलब की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान दिए गए आदेश के बावजूद जवाब दाखिल नहीं करने पर नाराजगी जताई। हाई कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि अगली सुनवाई तक सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया तो अदालत इस मामले में सख्त आदेश जारी कर कार्रवाई कर सकती है।

हालांकि अदालत ने हलफनामे में दिए गए आंकड़ों की जांच के बाद पाया कि ये आंकड़े शिक्षा के अधिकार अधिनियम की अनुसूची में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक (मिडिल) स्कूलों के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। इस पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह अतिरिक्त हलफनामा दाखिल कर पूरी जानकारी प्रस्तुत करें।

#### 21 अप्रैल तक डिटेल में हलफनामा तलब

अदालत ने स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में 21 अप्रैल तक विस्तृत हलफनामा दाखिल करें। इस हलफनामे में सरकारी स्कूलों में शिक्षक और छात्रों के अनुपात और बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से बतानी होगी। एक रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि हरियाणा के कुछ जिलों में 500 विद्यार्थियों पर केवल एक शिक्षक कार्यरत है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 03-11-2026 22:37 Color:



# जज से केस वापस लेना 'बहुत गंभीर मामला': दिल्ली HC

Prachi Yadav
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : 'बेंच हंटिंग' के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए दिल्ली की एक अदालत ने एक वादी (केस दायर करने वाला शख्स) को फटकार लगाई, जिसने न्यायिक पक्षपात का आरोप लगाकर अपने मामले को ट्रांसफर करने की कोशिश की थी। कानूनी तौर पर, बेंच हंटिंग का मतलब अपनी पसंद के जज या बेंच से अपने मामले की सुनवाई कराने की कोशिश करना है, ताकि अनुकूल फैसला मिल सके।

प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज संजय शर्मा-I ने वादी संजीव तोमर के आवेदन को खारिज कर दिया। इसे अपमानजनक करार देते हुए न्यायपालिका पर गैरजरूरी आरोप लगाने के लिए अदालत ने तोमर पर 10,000 का जुर्माना भी लगाया।

यह मामला कड़कड़डूमा में नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की एक अदालत का है। आवेदक संजीव तोमर ने अपने सिविल केस (संजीव तोमर बनाम ज्योति गर्ग और अन्य) को डिस्ट्रिक्ट जज आशीष गुप्ता की अदालत से ट्रांसफर करने की मांग की। तोमर की मुख्य शिकायत पक्षपात की आशंका से जुड़ी थी। उन्होंने अपने आवेदन में कहा कि जब जज गुप्ता एडिशनल चीफ जूडिशल मैजिस्ट्रेट के रूप में कार्यरत थे, तो उन्होंने तोमर के खिलाफ विवादित संपत्ति के संबंध में सोनिया विहार पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। तोमर ने यह भी आरोप लगाया कि समन जारी करने से पहले केस को बनाए रखने की योग्यता (मेंटेनेबिलिटी) के बारे में जज के लगातार सवाल पक्षपातपूर्ण मानसिकता का प्रमाण थे।



'बेंच हंटिंग' के खिलाफ दिल्ली HC का दिखा कड़ा रुख

हालांकि, अदालत ने इन तर्कों को पूरी तरह से निराधार पाया। प्रतिवादियों के वकील ने कहा कि निचली अदालत ने असाधारण रूप से सहयोग किया था, यहां तक कि तोमर को अपने केस में दो बार संशोधन करने की इजाजत भी दी थी।

अपने आदेश में, जज संजय शर्मा-I ने 6 मार्च को पारित आदेश में जोर देकर कहा कि किसी अन्य क्षेत्राधिकार में न्यायिक अधिकारी के पिछले आदेश उन्हें उन्हीं पक्षों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए अयोग्य नहीं बनाते। उन्होंने साफ किया कि यह जांचना कि कोई केस कानूनी रूप से बनाए रखने लायक है या नहीं, न्यायिक प्रक्रिया का एक मौलिक हिस्सा है और यह पक्षपात नहीं है।

राजकोट कैंसर सोसायटी के ऐतिहासिक उदाहरण का हवाला देते हुए, अदालत ने कहा कि किसी मामले का ट्रांसफर एक "बहुत गंभीर मामला" है, क्योंकि यह अप्रत्यक्ष रूप से एक जज की अखंडता और योग्यता पर सवाल उठाता है। सिर्फ अनुमान इस तरह के कदम को उचित नहीं ठहरा सकते। ऐसे आवेदन के लिए, अदालत ने तोमर को शाहदरा बार एसोसिएशन को एक हफ्ते के भीतर 10,000 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया।






तरुण मर्डर केस: पुलिस ने दी सफाई, जिस आरोपी को लेकर है अफवाह, उसे 5 मार्च को ही पकड़ चुके हैं

# 'नाबालिग आरोपी के लापता होने की खबर है अफवाह'


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

उत्तम नगर में तरुण हत्याकांड में एक नाबालिग आरोपी के लापता होने को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के बीच पुलिस ने स्थिति स्पष्ट की है। पुलिस ने लोगों से इस भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करने की अपील की है।

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार, इस मामले में अब तक दो नाबालिग को पकड़ा है। इनमें एक नाबालिग आरोपी वही है, जिसको लेकर अफवाह फैलाई जा रही है। इसे 5 मार्च को ही पकड़ लिया गया था। सोशल मीडिया पर जो खबरें वायरल हो रही हैं, वे उसी नाबालिग से संबंधित हैं। पुलिस ने बताया कि संबंधित नाबालिग को कानून के अनुसार जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद बोर्ड ने उसे ऑब्जर्वेशन होम भेजने का आदेश दिया।

डीसीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में हत्या से संबंधित धाराओं के साथ-साथ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी लगाई गई हैं। अब तक इस मामले में कुल 16 लोगों को पकड़ा जा चुका है। जिनमें 14 एडल्ट आरोपी (जिनमें 3 महिलाएं भी शामिल हैं,और दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इलाके की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है।

साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक जानकारी पर नजर रखने के लिए लगातार सोशल मीडिया नजर रखी जा रही है। फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम समेत अन्य प्लेटफॉर्म पर गलत जानकारी फैलाने वाले अकाउंट्स की निगरानी की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने या अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



MCD ने एक आरोपी के घर पर चलाया था बुलडोजर

### तरुण की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जित

दूसरी ओर पीड़ित परिवार ने मंगलवार को हरिद्वार जाकर तरुण की अस्थियों का विसर्जन किया। इस दौरान परिवार के कई लोग वहां मौजूद रहे। परिवार वारदात में शामिल बाकी आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगा रहा है। दावा किया जा रहा है कि आरोपी परिवार के सात से आठ रिश्तेदारों का घर उसी गली में है। वारदात वाली रात वे सभी लोग इकट्ठा हो गए थे।

- अब तक इस मामले में कुल 16 लोगों को पकड़ा जा चुका है, जिनमें 14 आरोपी बालिग (3 महिलाएं भी) और दो नाबालिग हैं
- पुलिस का कहना है कि इलाके में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, अभी वहां फोर्स तैनात है

### अमन कमिटी के साथ लगातार हो रही बैठकें

डीसीपी कुशल पाल सिंह के अनुसार इलाके में तनाव कम करने के लिए पुलिस ने स्थानीय अमन कमिटी के साथ कई बैठकें की हैं। इन बैठकों में दोनों पक्षों के लोगों को बुलाकर घटना की वास्तविक स्थिति और जांच की जानकारी दी जा रही है। पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक जानकारी से दूर रहें।

अधिकारियों का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व दोनों पक्षों के बीच गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं, इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, 'स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है। इलाके में लोगों में किसी तरह का डर या दहशत का माहौल नहीं है और पुलिस लगातार निगरानी कर रही है।'

# रैली में बाइकों के शोर से ज़्यादा गूंजी महिलाओं के हौसले की कहानियां



रविवार को हुई ऑल वुमन बाइक रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुई थी महिलाएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बीते रविवार की सुबह कनॉट प्लेस (CP) से नवभारत टाइम्स (NBT) की ऑल वुमन बाइक रैली निकली। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जब बाइक और स्कूटर लेकर सड़कों पर उतरीं, तो एक अलग ही नजारा था। लेकिन, इस रैली की असली हाइलाइट रफ्तार नहीं, बल्कि इसमें शामिल महिलाओं की इंस्पायरिंग कहानियां रहीं।

एमसीडी कर्मचारी मंजू शर्मा अपनी सास लक्ष्मति देवी को टू-व्हीलर पर पीछे बिठाकर लाईं। वे संदेश देना चाहती थीं कि सास-बहू की जोड़ी दुनिया में सुपरहिट हो सकती है। मंजू ने बताया कि उनकी सास उनकी बेस्ट फ्रेंड है और हर काम में सपोर्ट करती हैं। वहीं, हरियाणा सरकार से रिटायर्ड हेड मिस्ट्रेस लक्ष्मति देवी ने भावुक होकर कहा, ऐसे मेरी बहू नहीं, मेरी बेटी है।

रैली में लॉयंस क्लब की 50 से अधिक उम्र की महिलाओं का उत्साह युवाओं से कम नहीं था। 58 वर्षीय मधु शर्मा ने कहा कि रैली में आकर अलग एनर्जी और पावर मिलती है। आउट्रेम लेन से आईं ग्रुप सदस्य ममता ने कहा कि उन्हें महिला होने पर गर्व है। वहीं, पहली बार इस आयोजन का हिस्सा बनी कुसुम अग्रवाल और 67 साल की मधु वर्मा ने बताया कि यहां आकर उन्हें अपनी पहचान मिलती है कि वे भी बहुत कुछ कर सकती हैं।

शाहदरा से आईं कुंती देवी ने कहा कि कुछ रूढ़िवादी लोग महिलाओं को नीचा दिखाना चाहते हैं, लेकिन हर महिला को परिवार और प्रोफेशन में आगे बढ़ना चाहिए। तिलक नगर की मिनी कौर 24 सालों से राइडिंग कर रही हैं। उनका मकसद दूसरी महिलाओं और लड़कियों को अपने सपने पूरे करने के लिए प्रेरित करना था।

शाहदरा की ममता चौहान पेशे से पर्यावरण विश्लेषक हैं। महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ उन्होंने 'रीयूज, रिड्यूस और रिसाइकल' का संदेश दिया। वे अपनी संस्कृति को प्रमोट करने के लिए कुमाऊं की वेशभूषा में आईं। वहीं, हरि नगर से आईं 63 वर्षीय जसबीर कौर 2009 से बाइक चला रही हैं। 2023 में रिटायर हुईं गुरमुखी टीचर जसबीर ने कहा, दुनिया का कोई भी काम मुश्किल नहीं है, ड्राइविंग तो बिल्कुल भी नहीं।

RALSON TYRES Presents NBT ALL WOMEN BIKE RALLY 2026 Powered by AMRITA HOSPITAL

आप बाइक रैली में आए हमें बहुत अच्छा लगा, पर आप को कैसा लगा? हमें बताएं और यह भी जरूर सुझाव दें कि बाइक रैली को कैसे और बेहतर बना सकते हैं। अपनी राय और सुझाव हमें 9220747220 पर वट्सऐप करें।

# गाज़ियाबाद में छापेमारी कर अवैध लिंग जांच का किया भंडाफोड़

■ NBT न्यूज, झज्जर : जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी के गाजियाबाद में भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया।

जिला समुचित प्राधिकरण झज्जर को बीते सप्ताह सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के प्रताप नगर में अश्वनी नामक व्यक्ति पैसों के लालच में झज्जर व आसपास के क्षेत्रों से आने वाली गर्भवती महिलाओं के भ्रूण की अवैध रूप से लिंग जांच करवाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. संदीप कुमार (नोडल अधिकारी, पीसी-पीएनडीटी), डॉ. अशोक कुमार दुबे, डॉ. नेहा त्यागी, विनोद कुमार, रजनीश एवं प्रदीप कुमार की एक विशेष टीम गठित की गई।

**झज्जर के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई**

योजना के तहत एक गर्भवती महिला और उसके पति को प्रलोभन ग्राहक बनाया गया। 10 मार्च की सुबह टीम उनको लेकर प्रताप नगर गाजियाबाद पहुंच गई। वहां पति ने एजेंट अश्वनी से मोबाइल से संपर्क किया और 35000 रुपये में लिंग जांच की डील तय की। थोड़ी देर बाद अश्वनी आया और उनसे 35 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद वह गर्भवती को एल ब्लॉक, प्रताप विहार स्थित एक निजी मकान में लेकर गया। इस दौरान टीम ने उनका पीछा किया।

गाजियाबाद से नोडल अधिकारी शानेंद्र कुमार मिश्रा व नायब तहसीलदार उमेश त्यागी ने झज्जर टीम को जॉइन किया थोड़ी देर बाद वहां वसीम और बलवान सिंह नामक दो व्यक्ति पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन लेकर आए। मशीन वसीम की थी और बलवान सिंह ने महिला की पोर्टेबल मशीन से अवैध लिंग जांच की। अश्वनी ने महिला के पति को फोन पर बताया कि गर्भ में लड़का है। इसके बाद बलवान और वसीम घर से निकल कर अपनी कार की ओर जाने लगे।

# ऑक्सिजन सपोर्ट में गड़बड़ी से नवजात की आंखें हो रही डैमेज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : AIIMS में रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी (ROP) के 3-4 मरीज रोज इलाज के लिए रोजाना पहुंच रहे हैं। इस बीमारी के शिकार नवजात बच्चे हो रहे हैं। चिंता की बात यह है कि बीमारी की बड़ी वजह ऑक्सिजन सपोर्ट का सही से मॉनिटर नहीं करना पाया जा रहा है। AIIMS के डॉक्टरों का दावा है कि जब प्रीमेच्योर या लो बर्थ बच्चा पैदा होता है तो उसे न्यू नेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (NICU) में रखा जाता है, जिसमें बच्चे को ऑक्सिजन सपोर्ट दिया जाता है, लेकिन इसी सपोर्ट के दौरान लापरवाही से बच्चा ROP का शिकार हो रहा है। डॉक्टर ने कहा कि औसतन एक OPD में तीन से चार मरीज आते हैं।

# दो छात्रों को लगा करंट, एक की मौत, दूसरा घायल

■ NBT न्यूज, नूंह : नगीना के बड़कली चौक एरिया में दो छात्रों को बिजली का करंट लग गया। एक की मौत हो गई, वहीं दूसरे छात्र का इलाज चल रहा है। घटना बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे की है। मूलथान गांव निवासी साहिद 12वीं में पढ़ता था और 10वीं में पढ़ने वाले अपने दोस्त साहबान के साथ बड़कली चौक पर कार रिपेयरिंग की दुकान पर काम करते थे। बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे दोनों किसी काम से दुकान के पीछे गए थे। इसी दौरान वे वहां पड़े बिजली के तार की चपेट में आ गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। हादसे के दौरान साहिद की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने घायल साहबान को इलाज के लिए नल्हड़ मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

# कंपनी कर्मचारी ने फंदा लगा दी जान

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी : इलाके के गांव सुठाना में एक कंपनी कर्मचारी ने अपने कमरे के पंखे के हुक से फंदा लगाकर जान दे दी। कसौला थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार मधुबनी के चंद्रेश्वर (23) सुठाना में किराये पर रहते थे और बावल की एक कंपनी में काम करते थे। दोस्त भी पास बने कमरों में रहते थे। रात को खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। सुबह जब चंद्रेश्वर बाहर नहीं आए तो दोस्तों ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा अंदर से बंद था।


NAVY CHILDREN SCHOOL
CHANAKYAPURI, NEW DELHI - 110021
(CBSE Affiliation No. 2730025)

Applications are invited for filling up the following posts on Regular and Contractual basis at Navy Children School Delhi:-

| Ser No | Post | Nature of Post | Salary |
|---|---|---|---|
| 1 | Vice Principal | Regular | Rs 56100 - 177500 |
| 2 | PGT (English) | Contractual | Rs 62,000/- |
| 3 | TGT (Social Studies) | | Rs 56,000/- |
| 4 | Skill Instructor - Tourism | | |
| 5 | Accountant | | Rs 45,000/- |

For further details and format of application please visit the school website https://ncsdelhi.nesnavy.in
Last date of submission of applications – 10 Apr 26

सार्वजनिक सूचना
रियल एस्टेट परियोजना के आवंटियों के विशेष ध्यानार्थ अर्थात्
"एआईपीएल जॉय गैलरी"
सेक्टर – 66, गुरुग्राम में स्थित, जिसे विकसित किया जा रहा है मैसर्स एडवांस इंडिया प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा।

1. उपरोक्त परियोजना आरईआरए, गुरुग्राम में पंजीकरण संख्या 20/2020 दिनांक 17.06.2020 के तहत पंजीकृत थी और पंजीकरण 13.05.2025 तक वैध था तथा पंजीकरण के विस्तार को आरईआरए, गुरुग्राम द्वारा 23.06.2025 को अनुमोदित किया गया था जो 12.05.2026 तक वैध है।
2. इसके अतिरिक्त, प्रमोटर ने डीटीसीपी, हरियाणा से 15.01.2026 को संशोधित भवन योजनाओं को अनुमोदित कराया है और पंजीकरण प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए 16.01.2026 को आवेदन किया था जिसे 26.03.2026 को अनुमोदित किया गया।
3. प्रमोटर ने प्राधिकरण से यह अनुरोध करते हुए आवेदन किया है कि पंजीकरण की समाप्ति पर उसे रद्द करने के बजाय, प्राधिकरण आवंटियों के हित में उचित समझे जाने वाले ऐसे शर्तों के निबंधों और शर्तों के अधीन इसे लागू रखने की अनुमति दे सकता है, और ऐसे लगाए गए कोई भी निबंध और शर्तें प्रमोटर पर बाध्यकारी होंगी।
4. प्राधिकरण इस परियोजना के लिए अधिनियम की धारा 7(3) के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र की निरंतरता की अनुमति देने हेतु प्रमोटर के एक आवेदन पर विचार कर रहा है ताकि यह लागू रहे और इसके संबंध में विशेष रूप से आवंटियों और सामान्य रूप से किसी भी अन्य संबंधित व्यक्तियों से आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।
5. ये आपत्तियां प्राधिकरण के रजिस्ट्री में 26.03.2026 से पहले दर्ज की जाएंगी और प्राप्त आपत्तियों पर विचार करने के लिए 30.03.2025 को सुबह 11:00 बजे प्राधिकरण में उपस्थित होंगी, ऐसा न करने पर प्राधिकरण अधिनियम की धारा 7(3) के तहत पंजीकरण की निरंतरता के लिए प्रमोटर आवेदन पर विचार करेगा।

दिनांक 12.03.2026
सचिव
हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम के लिए

दिल्ली नगर निगम
जन हित के लिए
सीएंडडी कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए MCD Malba Pickup App का उपयोग करें।

दिल्ली की सड़कों को साफ रखने और निर्माण एवं विध्वंस (C&D) कचरे (मलबा) के उचित निपटान को सुनिश्चित करने के लिए, दिल्ली नगर निगम ने MCD Malba Pickup App / Delhi Malba Portal लॉन्च किया है।
अब नागरिक इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से मलबे के वैज्ञानिक तरीके से संग्रहण और परिवहन के लिए आसानी से अनुरोध कर सकते हैं।

नागरिकों के लिए/कचरा उत्पन्न करने वाले
यदि आपके पास घर के निर्माण, नवीनीकरण या तोड़-फोड़ का मलबा है, तो इसे सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें।

इसके बजाय:
- MCD मलबा पिकअप ऐप/दिल्ली मलबा पोर्टल का उपयोग करें
- C&D कचरे (निर्माण और विध्वंस मलबे) के लिए अधिकृत पिकअप बुक करें
- निर्धारित C&D रीसाइक्लिंग प्लांट तक सुरक्षित परिवहन और निपटान सुनिश्चित करें

लाभ:
- मलबा उठाने के लिए आसान ऑनलाइन अनुरोध
- घर से मलबा उठाने की सुविधा
- अधिकृत रीसाइक्लिंग प्लांटों में वैज्ञानिक तरीके से निपटान
- दिल्ली को साफ रखने में मदद करना और अवैध डंपिंग को रोकना है

ट्रांसपोर्टर के लिए
एमसीडी ने सी-डी कचरे के परिवहन के लिए ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों को दिल्ली मलबे पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है।

ट्रांसपोर्टरों के लिए लाभ
- MCD (नगर निगम) के साथ आधिकारिक पंजीकरण
- सी एंड डी (C&D) कचरे के लिए नियमित परिवहन कार्य
- पारदर्शी डिजिटल भुगतान प्रणाली
- शहर की स्वच्छता में योगदान देने का अवसर

इच्छुक ट्रांसपोर्टर मलबे की ढुलाई की सेवाएं शुरू करने के लिए पोर्टल/ऐप पर अपने वाहनों और विवरणों का पंजीकरण कर सकते हैं।
*सीएंडडी (निर्माण और विध्वंस) नियम 2025 के अनुसार, मलबे का निपटान केवल प्रोसेसिंग प्लांट में करना अनिवार्य है।
*यदि मलबा 1 मीट्रिक टन (MT) से कम है, तो इसे निःशुल्क (फ्री) उठाया जाएगा।
*यदि मलबा 1 मीट्रिक टन (MT) से अधिक है, तो आपको इसके लिए शुल्क देना होगा।
सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर मलबे का अवैध डंपिंग पर्यावरणीय और स्वच्छता संबंधी समस्याएं पैदा करता है।
नागरिकों से अनुरोध है कि मलबे के उचित निपटान के लिए आधिकारिक MCD Malba Pickup App का उपयोग करें।

आइए, एक स्वच्छ दिल्ली के लिए मिलकर काम करें
आज ही ऐप डाउनलोड करें/पोर्टल पर पंजीकरण करें

अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं:
दिल्ली नगर निगम वेबसाइट/मलबा पोर्टल
दिल्ली नगर निगम
एक स्वच्छ और हरित दिल्ली हेतु नागरिक सेवा में समर्पित
इस QR को स्कैन करें
RO No. 36/DPI/MCD/2025-26

दिल्ली मलबा पोर्टल पर पंजीकरण करें
शहर में हो रहे सभी मलबे के संग्रह के लिए MCD Malba Pickup App का प्रयोग करें
https://delhi.tracewaste360.in/register/transporter
किसी भी समस्या के मामले में, नागरिक एमसीडी टोल फ्री नंबर 155305 पर संपर्क कर सकते हैं।

गर्मी के दिन!
अब घर में चाहिए
कैलास जीवन
मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम



आँखों की जलन
गुनगुने पानीसे चेहरा और आँखें साफ कीजिए. रात को सोते समय कैलास जीवन आँखों की पलकों पर हलकासा लेप लगाकर रुई की पट्टी रखिए. आँखों की जलन से आराम पाइए और शान्त एवम् गहरी निद्रा का अनुभव लिजिए.

कील-मुहाँसे
चेहरा गुनगुने पानीसे सेकने के बाद धोकर नरम मुलायम सूती कपडेसे सुखाकर कैलास जीवन हल्के हाथोंसे चेहरेपर लगाइए. कील-मुहाँसों की तकलीफ से राहत मिलेगी. चेहरा साफ, कांतिमान होकर निखर आएगा.

एडियोंका फटना
पाँव धोकर, कुछ देर तक गुनगुने पानी में रखिए, नरम बनने के बाद मुलायम सुती कपडे से सुखाएँ. फटी एडियों पर कैलास जीवन धीरेसे लगाएँ, मलना नही. कैलास जीवन त्वचामें घुल जाएगा और फटी एडियों पर असर करेगा. एडियाँ और पाँव की त्वचा साफ, मुलायम बन जाएगी.

बवासीर / फिशर्स
एक चम्मच कैलास जीवन में उतनी ही मात्रा पीसी शक्कर मिला कर रोज रात (२१ दिनों तक) सेवन किजिए तथा प्रतिदिन २-३ बार उस जगह पर लगाइए. बवासीर, फिशर्स से राहत मिलेगी. परहेज आवश्यक.

हाथ पाँव और आँखों की जलन, मुहाँसे, मुँह के छाले, एड़ियों का फटना, कटना, जलना, झुलसना, डायपर-नॅपी रॅश आदि के लिए गुणकारी।
विकार अनेक, इलाज एक... आज ही खरीदिए।

Also available on amazon Flipkart netmeds.com
Available in: 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle
Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 | Customer Care: Prashant: 91300 26070 | asumkj@gmail.com | www.asum.com

Distributor: Delhi: Gopal Stores: 9810524934, Noida: Ajay Medical: 0120-2527981
Seelampur: Agarwal Ayurvedic: 9711251291, Saraswati Vihar: Saraswati Ayu: 27058720
Motinagar: Ishar Dass & Sons: 9313519596, Con. Circle: Nath: 9899441605,
Gaziabad - Vaishali: Shri Krishna Ayurved: 9873603747
Khan Market: Preet Medicos: 9899659582, Gurgaon: Vashishth Medical: 9873321179
Faridabad: Laxmi Ayurvedic: 9810083760
Also Available at Chandni Chowk, Bhagirath Palace, Khari Baoli.

## लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकार

# बोलने से कई बार रोका गया: राहुल चर्चा के दौरान विदेश में होते हैं: शाह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव 10 घंटे से ज्यादा वक्त तक चर्चा के बाद 11 मार्च 2026 को ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया। प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आरोप है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता है, लेकिन हकीकत में वह सदन में होते ही नहीं चाहते हैं।

अमित शाह ने कहा कई अहम विधेयक और चर्चाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनमें हिस्सा नहीं लिया। सच ही कहा कि जब भी सत्र चल रहा होता है, राहुल गांधी विदेश में होते हैं।

**शाह बोले- स्पीकर की निष्ठा पर सवाल उठाना निंदनीय:** अमित शाह ने कहा कि स्पीकर किसी दल के नहीं होते। स्पीकर की निष्ठा पर सवाल उठाना निंदनीय है। सदन में सबको नियमों से बोलना होता है। संविधान ने आपको अधिकार दिया है, विशेषाधिकार नहीं। जो लोग विशेषाधिकार के मुगालते में जीते हैं उन्हें, उनकी पार्टी को जनता भी संरक्षण नहीं देती है, इसलिए छोटे होते जा रहे हैं। हमने कभी विपक्ष की आवाज दबाने का काम नहीं किया। वह 1975 में हुआ था जब विपक्ष को जेल में बंद किया गया था।

**रविशंकर ने कहा: अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया था प्रस्ताव:** चर्चा में हिस्सा लेते हुए बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष द्वारा लाया गया प्रस्ताव उनके सिर्फ अहंकार की संतुष्टि के लिए लाया गया है। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष पर सदन के नियमों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए तंज कसा। उन्होंने कहा, 'मोबी (फियर ऑफ मिसिंग आउट) गांधी को सुर्खियों में रहने का डर तो नहीं लगता है?' यह सदन 'रूल बुक' (नियमों) से चलेगा, (अमेरिकी निवेशक जॉर्ज) सोरोस के 'टूल किट' से नहीं चलेगा।

टीडीपी के कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने कहा कि मैं किसी व्यक्ति के पक्ष में नहीं, बल्कि इस सदन के सम्मान में बोल रहा हूं। मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक असहमति के नाम पर संस्था को नुकसान पहुंचाना नुकसानदेह है।



विपक्ष की नारेबाजी के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी बात पूरी की।

Photos: PTI

### सदन एक पार्टी का नहीं है: राहुल गांधी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि सदन में उन्हें बोलने से कई बार रोका गया है और देश के इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया गया। यह सदन देश की जनता की अभिव्यक्ति के लिए है। यह एक पार्टी का नहीं है, यह पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।



राहुल बोले- देश में पहली बार विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया गया।

### 'सरकार ने बांध दिए हैं बिरला के हाथ'

कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने लोकसभा में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अध्यक्ष ओम बिरला के हाथ बांध दिए हैं जिससे उन्हें स्वतंत्र रूप से दल की इच्छा के अनुसार काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

तृणमूल कांग्रेस की सांसद सायनी घोष ने कहा कि सरकार ने देश के नीति निर्माण के मंच को अपना विज्ञापन पोर्टल बना दिया है और वे लोकसभा अध्यक्ष के पद का इस्तेमाल विपक्ष और सदन को खामोश करने के लिए कर रहे हैं। घोष ने कहा कि वह स्पष्ट करना चाहती हैं कि व्यक्तिगत तौर पर बिरला जी के प्रति उनका कोई आक्रोश या विरोध नहीं है लेकिन लोकसभा अध्यक्ष के पद से निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है, जो इसके कामकाज का अभिन्न हिस्सा है।

एसपी सांसद आनंद भदौरिया ने बुधवार को सरकार पर अमेरिका के सामने झुकने का आरोप लगाते हुए कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका के आगे घुटने नहीं टेके, बल्कि शहादत को गले लगाया।

## छत्तीसगढ़ में 108 नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ **भाषा, जगदलपुर (छत्तीसगढ़):** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने कुल 3.95 करोड़ रुपये के इनाम वाले 108 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

## AAP सांसद की मांग- रिचार्ज भूलने पर भी आती रहे कॉल

■ **भाषा, नई दिल्ली:** मोबाइल फोन के प्री-पेड प्लान की रिचार्ज अवधि समाप्त होने पर आउटगोइंग कॉल के साथ इनकमिंग कॉल भी बंद होने पर चिंता जाहिर करते हुए AAP के सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि एक रिचार्ज भूलने पर मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट नहीं होना चाहिए और इनकमिंग कॉल की सुविधा की गारंटी होनी चाहिए।




राघव चड्ढा

चड्ढा ने शून्यकाल में कहा कि देश में मोबाइल फोन के 125 करोड़ उपभोक्ता हैं, जिनमें से 90% लोग 'प्री पेड प्लान' के उपभोक्ता हैं। अगर इस प्लान की रिचार्ज वैलिडिटी समाप्त हो जाती है तो आउटगोइंग कॉल सुविधा बंद हो जाती है, लेकिन इनकमिंग कॉल सुविधा भी बंद हो जाती है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। चड्ढा ने कहा कि आज हमारा मोबाइल फोन हमारी डिजिटल पहचान बन चुका है और कई महत्वपूर्ण सुविधाएं इनकमिंग कॉल के जरिए होती हैं। रिचार्ज भूलने पर इनकमिंग कॉल सुविधा की गारंटी होनी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में अवैध धर्मांतरण पर सख्त सज़ा का प्रावधान

■ **NBT रिपोर्ट:** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक 2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है। सरकार का कहना है कि इस कानून का मकसद जबरन, लालच या धोखे से कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाना और लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। सरकार इस विधेयक को जल्द ही विधानसभा के बजट सत्र में पेश करने की तैयारी कर रही है।




CM विष्णु देव

कैबिनेट ने धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक को दी मंजूरी।

विधेयक के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो उसे तय कानूनी प्रक्रिया के तहत पहले जिला मैजिस्ट्रेट या संबंधित अधिकारी को सूचना देनी होगी। इसके बाद धर्म परिवर्तन की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति 30 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सके। सामूहिक धर्मांतरण के मामले में 10 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

## केंद्रीय मंत्री को सौंपी गई छत्तीसगढ़ के तीर्थ की DPR



गजेंद्र सिंह (बाएं) और प्रतिनिधिमंडल।

■ **NBT रिपोर्ट:** छत्तीसगढ़ के पावन तीर्थ शिवरीनारायण के विकास के लिए प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर उनको DPR सौंपी। प्रतिनिधिमंडल में शिवरीनारायण की नगर पंचायत के अध्यक्ष राहुल थवाईत और बीजेपी नेता संजय अग्रवाल शामिल थे। इसी तीर्थ में माता शबरी ने श्रीराम को जूठे बेर खिलाए थे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना संख्या: 05-2026-GSU-BKN ... [illegible] ... www.ireps.gov.in ... E-Office File No.: NWR-BKN0ENGG (WRKF)/20/2026 (Computer No. 258126) Dated: 09.03.2026 345-PM/26

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**
ई-निविदा सूचना
निविदा संख्या: EL/TRD/58/2x25/EPC-PSI/01, दिनांक: 10.03.2026. कार्य का नाम: Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132/55KV Scott Connected Traction Substation and Switching Posts for 2x25KV feeding system between Godhra-Ratlam section of Ratlam Division of Western Railway. अनुमानित लागत: रु. 146,06,00,000/-. बयाना राशि: रु. 74,53,000/-. समापन अवधि: 24 Months. निविदा दस्तावेज़ की राशि: Nil. ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय: 25.03.2026 upto 15:00 hrs ... 10.04.2026 upto 15:00 hrs ... 06.04.2026 upto 15:30 hrs ... 21.04.2026 upto 15:30 hrs ... 180 days from the date of opening. वेबसाइट: www.ireps.gov.in ... DE/13/1/503
facebook.com/WesternRly

**पूर्वोत्तर रेलवे**
खुली ई-निविदा सूचना
[illegible] ई-निविदा सं.: NER-LJN-2026-45 ... www.ireps.gov.in ... मंडल रेल प्रबंधक / इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ ... ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**IREL (India) Limited**
(A Government of India Undertaking)
निविदा सूचना
[illegible]
CBC 48129/12/0007/2526

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
स्ट्रेस्ड एसेट्स मैनेजमेंट ब्रांच, अहमदाबाद-380006
वाणिज्यिक प्लॉट, एस भी खाली रोड, अडाजन, सूरत में बिक्री के लिए (सरफेसी के तहत)
आरक्षित मूल्य: 76.15 करोड़ रुपये
[illegible]
फोन नंबर: 9824275526, 9440780127
प्राधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

**महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि.**
(भारत सरकार और महाराष्ट्र सरकार का संयुक्त उपक्रम)
पुणे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट
www.punemetrorail.org
EOI Notice No. P1PD-53/2026 दिनांक: 12/03/2026
... इच्छुक निविदाकार पुणे मेट्रो रेल वेबसाइट www.punemetrorail.org पर इस ईओआई सूचना को देख सकते हैं और पुणे मेट्रो रेल वेबसाइट www.punemetrorail.org से 26.02.2026 को 17:00 बजे से 25.03.2026 को 16:00 बजे तक ईओआई दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं तथा ईओआई से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
महाप्रबंधक (टीपी एवं प्रोक्योरमेंट -पीडी)
महाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पुणे मेट्रो: शहर का परिवहन समाधान

**Delhi International Airport Limited** GMR
NOTICE INVITING TENDER (NIT)
Delhi International Airport Ltd (DIAL) invites tender for "OPERATION & MAINTENANCE OF TERMINAL-3 ELECTRICAL SYSTEM AND OPERATION & MAINTENANCE OF MEP SYSTEM OF ASB, ACB, IGI AIRPORT, NEW DELHI".
For details, the interested parties may download the Tender document free of charge from www.newdelhiairport.in between 12.03.26 to 20.03.26 and submit their bid on 30.03.26 as prescribed in Tender document.

**उत्तर मध्य रेलवे**
L. No.:- Dy.CEE/PU/AGC/25-26 Dt: 11.03.2026
सार्वजनिक अधिसूचना
उत्तर मध्य रेलवे के छाता रेलवे स्टेशन के पास नीचे दिये गये खंड में 2x25 के.वी. छाता/टी.एस.एस. दिनांक 15/03/2026 या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से 2x25 के.वी. छाता/टी.एस.एस. को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।
ऊर्जीकृत करने की तिथि 15.03.2026 को या उसके बाद

| खण्ड/कार्य का नाम | किलोमीटर/लाकेशन/चैनेज से | किलोमीटर/लाकेशन/चैनेज तक |
|---|---|---|
| उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा नई दिल्ली-मुंबई रूट पर पलवल-मथुरा के बीच एसपी/एसएसपी के साथ 132/2x25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटा 200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी छाता / टी.एस.एस. का ऊर्जीकरण। | छाता कि.मी. 1427 /21 (चैनेज 1427/507.80) | छाता कि.मी. 1427 /29 (चैनेज 1427/640.80) |

547/26 (AS)
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/परियोजना
उत्तर मध्य रेलवे, आगरा

**pmbi** फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई)
(फार्मास्यूटिकल्स विभाग, भारत सरकार के तहत स्थापित)
बी-500, टावर-बी, ... वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
टेलीफोन: 011-49431800 | वेबसाइट: janaushadhi.gov.in
अधिवक्ताओं के पैनल में सम्मिलन हेतु सूचना
विज्ञापन संख्या पीएमबीआई / कानूनी / 01 / 2026
फार्मास्यूटिकल्स एवं मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) (औषधि विभाग, भारत सरकार के अधीन स्थापित) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का कार्यान्वयन करने वाली संस्था है। पीएमबीआई, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय एवं उसके अधीनस्थ न्यायालयों में पीएमबीआई की ओर से वाद-विवाद संचालित करने हेतु 03 अधिवक्ताओं के पैनल में सम्मिलन के लिए केंद्रीय सरकार के अधिवक्ताओं (जो माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय एवं उसके अधीनस्थ न्यायालयों के लिए सूचीबद्ध / एम्पैनल्ड हों) से आवेदन आमंत्रित करता है। यह पैनल में सम्मिलन पूर्णतः "कार्य-आधारित" (आवश्यकतानुसार) होगा तथा पारिश्रमिक विधि कार्य विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी प्रचलित शुल्क संरचना के अनुसार देय होगा।
इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रपत्र को विधिवत पूर्ण कर आवश्यक संलग्न दस्तावेजों सहित स्कैन प्रति इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर (अपराह्न 16:00 बजे तक) ईमेल के माध्यम से recruitment@janaushadhi.gov.in पर प्रेषित कर सकते हैं। विस्तृत विज्ञापन संस्था की आधिकारिक वेबसाइट www.janaushadhi.gov.in पर उपलब्ध है।
हस्ता / -
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

**IDBI BANK** Website: www.idbibank.in
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं दिल्ली में कार्यालय परिसर वांछित
बैंक दीर्घावधि के लिए कमर्शियल रूप से बैंकिंग कार्यकलाप के लिए अनुमोदित कार्यालयीन परिसर लेने को इच्छुक है। उपयुक्त परिसर रखनेवाले इस प्रकार की इच्छुक पार्टियां क्षेत्रीय प्रमुख को 10 दिन के भीतर (विज्ञापन की तारीख को छोड़कर) आवेदन करें। केवल 26 मार्च, 2026 की शाम 6.00 बजे तक प्राप्त प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा। प्रोफार्मा व अन्य विवरण हमारी वेबसाइट www.idbibank.in से Notices & Tenders से सीधा डाउनलोड किए जा सकते हैं अथवा हमारी किसी भी शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं।
दिनांक: 12.03.2026 हस्ता./-
स्थान: नई दिल्ली मुख्य महाप्रबंधक - दिल्ली जोनल

**सार्वजनिक सूचना**
प्लॉट नं. ए-2 साउथ साइड, जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र, गाज़ियाबाद, यूपी
सभी को ज्ञात हो कि टेक्स वर्ल्ड रिसाइक्लर्स एलएलपी (एलएलपीआईएन एएजेड-8850), जिसका पंजीकृत कार्यालय आर-2/221, राज नगर, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011 में है और इसके साझेदार अर्थात (1) श्री परमजीत गांधी पुत्र स्वर्गीय मोहन सिंह गांधी निवासी आर-2/221, राज नगर, गाज़ियाबाद 201002, (2) श्री ... [illegible]
नामांकन संख्या: डी / 1682 / 2025, सेक्स इंडिया लॉ ऑफिस, एच-75, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1, नई दिल्ली-110049
दिनांक: 12.03.2026

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)
निविदा सूचना
[illegible]
न्यायालय सूचना
CIVIL JUDGE SENIOR DIVISION ARVI ... IN THE COURT OF ... Civil Judge Senior Division Arvi ... SUMMONS TO APPEAR IN PERSON ... [illegible] ... Take notice that, in default of your appearance of the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence. Given under my hand and the seal of the Court, this 30-01-2026
Civil Judge Senior Division Arvi

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
शिक्षक
SMPS St. Matthew's Public Sch, P. Vhr Regs PRT-TGT-PGT (all subjct), Spl Edu, Nurse, Accountant. Intrw 15.3.26 9am-1pm, Esmpschool@gmail.com
स्वास्थ्य (फिटनेस)
जिम प्रशिक्षक
REQ Lady Trainer for Gym at GVI Club, Gurjinder Vihar AWHO Greater Noida. Apply by 20th March 2026 at gvaiawho@gmail.com Contact: 8287504382
MISSION ADMISSION
SCHOLARSHIP MODERN SCHOOL
"The Modernites Trust" financially supports at least two meritorious students, from financially weak families having annual income below Rs. 9 lakhs, admitted in class VI in Modern School, Barakhamba Road, with Scholarship till class XII.
Contact school for application & apply before 23rd March, 2026

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
मैं, पूर्व में कामिनी पुत्री धनपाल, निवासी WZ-308, जाट चौपाल, राधा कृष्ण मंदिर के पास, पालम गांव, नई दिल्ली- 110045, ने शपथपत्र दिनांक 18.02.2026, नई दिल्ली के माध्यम से अपना नाम कामिनी से बदलकर कामिनी नरवाला तथा अपने पिता का नाम धनपाल से बदलकर धर्मपाल नरवाला कर लिया है। अब से मुझे कामिनी नरवाला पुत्री धर्मपाल नरवाला के नाम से जाना जाए।
I Maya Tiwari w/o Mithu Lal Tiwari R/o H.No. A-845 G. No.-14, Part -2, Mukund Pur, Delhi-110042 has change my name from Maya Devi to Maya Tiwari for all future purposes.
I, Ruby, D/o ZULFIQUAR ALI & W/o Naushad Ali & , R/o F-B/4, Flat-123, 4th Floor Shaheen Bagh Jamia Nagar Okhla, New Delhi 110025, have changed my name to Ruby Naushad.
I, Prashant Goyal R/O 39-FF, Jaipuria Enclave, Kaushambi, Ghaziabad, UP have changed my minor daughter name from Shreya to Shreya Goyal. Henceforth she would be known by the name of Shreya Goyal for future purpose.
मैं, ईशान अग्निहोत्री पुत्र अनिल कुमार अग्निहोत्री, फ्लैट नं. 803, टावर-बी, जालंधर हाइट-1, 66 फीट रोड, जालंधर-144022, पंजाब के निवासी, नाबालिग अयान (जन्म तिथि 27/08/2022) के पिता, उसके नाम को अयान से अयान भागचन्दानी अग्निहोत्री परिवर्तित कर चुका हूं, शपथ पत्र दिनांक 06.03.2026 के अनुसार जो सोम कुमारी, अधिवक्ता पंजीकृत संख्या 9790, जालंधर के समक्ष सत्यापित है। सभी संबंधित कृपया संज्ञान लें।
I, Aanchal D/o Sita Ram R/o B-103, Harinagar Extension Part-II, Mithapur, Badarpur, New Delhi have changed my name to Anchal Semalti for all purposes.
खोया एवं पाया
I, Chandni Sharma, R/o H-128 Parsvnath Prestige, Sec-93A Noida, inform that Original GPA of DDA LIG Flat No.104-B, Pocket-A1, Mayur Vihar Phase-III, Delhi, Regn No.5183 dated 16.08.2001 at East Delhi, has been Lost/misplaced. Finder please inform within 15 days at Mob 8447000464

सामान्य
DONT'T Miss it. Must Watch. WHY SMART PEOPLE MAKE POOR DECISIONS? Watch at 9 PM on 12th March. On YouTube Channel: Cerebral Pursuits
HEALTH & WELLNESS
निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा. आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
बदरपुर दरियागंज भजनपुरा छतरपुर
82, CDR Chowk, Chhatarpur Delhi
9817469817

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

TIMES interact SPECIAL
EGG Evergreen Global
Loan Starts from 1Cr - 100Cr
• Secured Loan • Unsecured Loan • Take over Loan • Project Loan • NPA Release
RATE OF INTEREST 7.25% (Onwards & Competitive)
1Crore & above
DSA Agencies & Consultant - Welcome | 78450 74199
info@evergreenglobal.in | www.evergreenglobal.in

real estate
मुंबई के प्राइम हाई स्ट्रीट रिटेल शोरूम में निवेश करें
अंधेरी । बांद्रा । साउथ मुंबई
उच्च किराया आय
बेहतरीन रीसेल एप्रिसिएशन
MINT SPACES
Mint Spaces 9892066210 9819072569 www.mintspaces.in

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL PROPERTY BUSINESS RECRUITMENT, EDUCATION CHANGE OF NAME, LOST & FOUND SHOPPING TENDER, PUBLIC NOTICE SERVICES, VEHICLES, TRAVEL BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

BOOK YOUR BUSINESS ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 03-11-2026 19:57 Color:



# उद्योगों के विकास को रफ्तार देने के लिए पंजाब सरकार ने लॉन्च की नई औद्योगिक एवं व्यवसाय विकास नीति

**7 मार्च को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा घोषित इंडस्ट्रियल एंड बिज़नेस डेवलपमेंट पॉलिसी 2026 का उद्देश्य राज्य को देश का प्रमुख निवेश गंतव्य बनाना है।**



यह नीति पंजाब में औद्योगिक प्रोत्साहनों की व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव दर्शाती है। भारत के अधिकांश राज्यों में निवेशकों को तय प्रोत्साहनों की एक सूची दी जाती है और कहा जाता है कि इसे स्वीकार करें या छोड़ दें, लेकिन पंजाब ने इस व्यवस्था को बदल दिया है। अब निवेशक अपनी व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार अधिकतम 20 प्रोत्साहनों का चयन कर सकते हैं और अपने बिजनेस मॉडल के अनुरूप प्रोत्साहनों का पैकेज तैयार कर सकते हैं।

–भगवंत सिंह मान, मुख्यमंत्री, पंजाब

एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 7 मार्च को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इंडस्ट्रियल एंड बिज़नेस डेवलपमेंट पॉलिसी 2026 का अनावरण किया। यह व्यापक नीति ढांचा राज्य में औद्योगिक विकास को तेज करने, बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

यह नीति लुधियाना में लॉन्च की गई, जो 13 से 15 मार्च तक मोहाली स्थित प्लाक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 से पहले पेश की गई। नई नीति में एक लचीला प्रोत्साहन ढांचा दिया गया है, जिसके तहत निवेशक अपने सेक्टर और प्रोजेक्ट के आकार के अनुसार प्रोत्साहन पैकेज तय कर सकेंगे।

करीब 200 उद्योगपतियों और उद्योग जगत के नेताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब को अधिक प्रतिस्पर्धी और निवेशकों के लिए अनुकूल बनाने के लिए औद्योगिक नीति में व्यापक बदलाव किए हैं।






## क्षेत्रीय और सेक्टर आधारित बढ़ावा

नौ प्रमुख थ्रस्ट सेक्टर के लिए 25 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन

सीमावर्ती और कंडी क्षेत्रों में उद्योगों के लिए बढ़े हुए प्रोत्साहन

मुख्य जिलों में पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और फाजिल्का शामिल

*As on February

पंजाब में निवेश का माहौल भी लगातार मजबूत हो रहा है। वर्ष 2022 से अब तक राज्य को करीब 1.55 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से पिछले एक वर्ष में ही 55,000 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं। इस दौरान टाटा ग्रुप, इंफोसिस, वर्धमान ग्रुप, ट्राइडेंट ग्रुप, एचएमईएल और फोर्टिस हेल्थकेयर जैसी कई बड़ी कंपनियों ने राज्य में नए प्रोजेक्ट की घोषणा की है या अपने निवेश का विस्तार किया है।

### निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार प्रोत्साहन चुनने की सुविधा

पंजाब ने देश की सबसे प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों में से एक लागू की है, जिसमें निवेशकों को अपने व्यवसाय मॉडल के अनुरूप प्रोत्साहन चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इस निवेशक आधारित प्रोत्साहन ढांचे के तहत कंपनियां 20 तक प्रोत्साहनों में से चयन कर अपने व्यवसाय की जरूरतों के अनुसार अनुकूलित पैकेज तैयार कर सकती हैं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दृष्टिकोण इस तथ्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है कि अलग-अलग क्षेत्रों की लागत संरचना और निवेश चक्र अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रिक वाहन, कपड़े और डेटा सेंटर जैसे उद्योगों को अलग-अलग प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होती है। नई नीति के तहत कंपनियां अपने संचालन आवश्यकताओं और निवेश के पैमाने के अनुसार प्रोत्साहनों का सर्वोत्तम उपयोग कर सकेंगी।

नीति के तहत एक और बड़ा सुधार पूंजी सब्सिडी (कैपिटल सब्सिडी) की शुरुआत है। यह पहली बार है जब पंजाब उद्योगों को इस प्रकार की सहायता प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही नीति में उन मौजूदा औद्योगिक इकाइयों को भी प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया गया है जो आधुनिकीकरण, विस्तार या उत्पादन क्षमता बढ़ाने का काम कर रही हैं। पहले की नीतियां मुख्य रूप से नए निवेशकों को आकर्षित करने पर केंद्रित थीं।

इस कदम से लुधियाना, जालंधर, बटाला और गोबिंदगढ़ जैसे शहरों के विनिर्माण क्लस्टरों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जहां बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम उद्योग संचालित होते हैं।

दीर्घकालिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने प्रोत्साहन समर्थन की अवधि 15 वर्ष तक बढ़ा दी है, जबकि कई अन्य राज्यों में यह अवधि आमतौर पर 5 से 10 वर्ष होती है। यह विशेष रूप से सेमीकंडक्टर, फार्मास्युटिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और डेटा सेंटर जैसे पूंजी-गहन क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां परियोजनाओं की तैयारी और संचालन में अधिक समय लगता है।

नीति में फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट की परिभाषा का भी विस्तार किया गया है, जो प्रोत्साहनों की गणना का आधार होती है। अब भूमि, श्रमिक आवास, अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं, इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सिस्टम जैसे निवेश भी इसमें शामिल किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इससे कंपनियों को सतत और पर्यावरण-अनुकूल बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

पंजाब ने सीमा और कंडी क्षेत्रों में निवेश के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन भी शुरू किए हैं, जहां ऐतिहासिक रूप से औद्योगिक निवेश कम रहा है। पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, फिरोजपुर और फाजिल्का जैसे जिलों में नई परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए विशेष सहायता दी जाएगी।

कार्यक्रम में बोलते हुए पंजाब के बिजली, उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री संजीव अरोड़ा ने देश और दुनिया के निवेशकों को प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। इस सम्मेलन में राज्य नई निवेश संभावनाओं और अपने विकसित होते औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करेगा।

### समर्पित नीतियों के साथ प्रमुख सेक्टरों पर है फोकस

आईटी और आईटीईएस, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम, डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, फिल्म निर्माण और पर्यटन उद्योग

### पंजाब में निवेश की रफ्तार

2022 से अब तक 1.55 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

पिछले एक वर्ष में 55,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित

### छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए रोजगार सृजन सब्सिडी की पात्रता सीमा घटाकर 25 करोड़ रुपये निवेश और 50 कर्मचारियों तक की गई

निवेशक अपनी जरूरत के अनुसार 20 तक प्रोत्साहनों का चयन कर अनुकूलित प्रोत्साहन पैकेज बना सकते हैं




## प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 औद्योगिक विकास को देगा अभूतपूर्व गति

**देश-विदेश के शीर्ष औद्योगिक दिग्गज निवेश को अंतिम रूप देने के लिए समिट में शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे**

पंजाब अपने इतिहास के सबसे बड़े निवेश सम्मेलन का गवाह बनने जा रहा है। 13 से 15 मार्च 2026 तक मोहाली स्थित प्लाक्षा यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाला प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स' समिट (PPIS) 2026 वैश्विक और घरेलू निवेशकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं और नवोन्मेषकों को एक मंच पर लाएगा। इस समिट में मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और इंडस्ट्रियल पार्क जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा होगी।

यह सम्मेलन राज्य में औद्योगिक विकास को और तेज करने के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित होने की उम्मीद है, क्योंकि पंजाब पहले ही निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। प्लेनरी सेशंस, सेक्टर-विशेष चर्चाओं, बीटूबी और जीटूबी बैठकों तथा प्रदर्शनी के माध्यम से यह कार्यक्रम पंजाब की बदलती आर्थिक तस्वीर और नए निवेश अवसरों को प्रस्तुत करेगा।

इस पहल का उद्देश्य पंजाब को उत्तर भारत में एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना भी है, जहां अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे कृषि पर निर्भरता से उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग आधारित मॉडल की ओर ले जाने पर जोर दिया जा रहा है। समिट में उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी-बीपीएम, एग्रो-प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को विशेष रूप से रेखांकित किए जाने की संभावना है।

समिट से पहले राज्य सरकार ने 7 मार्च 2026 को इंडस्ट्रियल एंड बिज़नेस डेवलपमेंट पॉलिसी लॉन्च कर औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम भी उठाया है।


INVEST PUNJAB INDIA BUSINESS FIRST

समिट से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए 0172-5256401 पर कॉल करें या ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

## प्रगतिशील पंजाब के लिए एक ऐतिहासिक नीति

निवेश को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक प्रोत्साहन

विस्तृत पात्रता से बढ़ेगा औद्योगिक प्रभाव




Pics and Data by Punjab DPR. Infographics Generated by AI.

## पंजाब के निवासियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर आधारित नीति

पंजाब सरकार की औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति 2026 में राज्य के निवासियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके तहत रोजगार से जुड़े प्रोत्साहनों की पहुंच को व्यापक बनाया गया है। संशोधित व्यवस्था में रोजगार सृजन अनुदान योजना (ईजीएस) का लाभ लेने के लिए पात्रता मानदंडों को काफी सरल किया गया है।

अब न्यूनतम स्थिर पूंजी निवेश (एफसीआई) की सीमा 250 करोड़ रुपये से घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दी गई है, जबकि कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या 1,000 से घटाकर 50 कर दी गई है। यह अनुदान केवल पंजाब के निवासियों के लिए उपलब्ध होगा, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

इस योजना के तहत कंपनियों को प्रति पुरुष कर्मचारी पर 3,000 रुपये प्रति माह और प्रति महिला कर्मचारी पर 4,000 रुपये प्रति माह का रोजगार अनुदान दिया जाएगा।

ज्ञान-आधारित क्षेत्रों के लिए अधिक सहायता का प्रावधान किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी इकाइयों को प्रति कर्मचारी 5,000 रुपये प्रति माह व वैश्विक क्षमता केंद्रों को प्रति कर्मचारी 7,500 रुपये प्रति माह का अनुदान मिलेगा। राज्य सरकार को उम्मीद है कि इस विस्तारित अनुदान ढांचे से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग इस प्रोत्साहन व्यवस्था में शामिल होंगे और स्थानीय लोगों के लिए अधिक औपचारिक रोजगार अवसर पैदा होंगे।

### महिला-केंद्रित औद्योगिक प्रोत्साहन

- महिला कर्मचारियों के लिए 4,000 रुपये प्रति माह का अधिक रोजगार अनुदान
- नियोक्ताओं द्वारा अनिवार्य सुरक्षा प्रावधानों के साथ महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति

## कारोबार करने में आसानी और जल्द मंजूरी

नई नीति राज्य में व्यवसाय करने में सुगमता को मजबूत करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन को तेज करने के लिए कई सुधार लेकर आई है।

सरकार ने नए श्रम संहिताएं अपनाई हैं, जिससे अनुपालन प्रक्रियाएं सरल होंगी और उद्योगों पर नियामकीय बोझ कम होगा।

नीति के तहत एक सुव्यवस्थित मंजूरी प्रणाली लागू की गई है, जिसके अंतर्गत स्व-घोषणा के आधार पर 5 से 15 दिनों के भीतर सैद्धांतिक मंजूरी दी जा सकेगी। इससे परियोजनाओं की शुरुआत तेजी से हो सकेगी।

देरी कम करने के लिए स्वीकृति मानी जाने की व्यवस्था भी लागू की गई है, जिसके तहत निर्धारित समय सीमा में मंजूरी न मिलने पर प्रस्ताव स्वतः आगे बढ़ सकेगा।

इसके अलावा निर्माण उपविधियों में ढील दी गई है ताकि भूमि का बेहतर उपयोग हो सके और औद्योगिक परियोजनाओं की योजना अधिक प्रभावी ढंग से बनाई जा सके। इन सुधारों का उद्देश्य निवेशकों के लिए अधिक पारदर्शी और व्यवसाय-अनुकूल वातावरण तैयार करना है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के कुशल नेतृत्व में पंजाब तेजी से विकास और औद्योगीकरण की ओर बढ़ रहा है।

## स्टार्टअप आधारित उद्यमों को मिल रहा प्रोत्साहन

पंजाब सरकार की औद्योगिक एवं व्यापार विकास नीति 2026 के अंतर्गत राज्य के स्टार्टअप आधारित उद्यम तंत्र को मजबूत करने और नवाचार आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इस पहल के तहत सरकार ने प्रारंभिक चरण के नवप्रवर्तन आधारित उद्यमों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाई है और उद्यमशील गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है।

- प्रारंभिक चरण के नवप्रवर्तन आधारित उद्यमों के लिए सीड फंडिंग 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया।
- निरंतर सहायता के लिए 10 लाख रुपये की दूसरी किस्त का प्रावधान किया गया।
- राज्य समर्थित नवप्रवर्तन आधारित उद्यमों को सरकारी साझेदारी में प्राथमिकता देने की व्यवस्था की गई।
- कलकट भवन को पंजाब सरकार के नवप्रवर्तन उद्यम केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।

### मेगा निवेशों के लिए अनुकूलित प्रोत्साहन पैकेज

- 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए विशेष रूप से तैयार प्रोत्साहन पैकेज उपलब्ध कराए जाएंगे।
- सूचना प्रौद्योगिकी और इससे संबंधित सेवाओं के क्षेत्र में निवेश के लिए अनुकूलित पैकेज की सीमा 250 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

### पर्यावरणीय स्थिरता पर विशेष ध्यान

- शून्य तरल अपशिष्ट संयंत्रों के लिए 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान।
- धान के भूसे आधारित बॉयलर स्थापित करने के लिए 5 करोड़ रुपये तक का पूंजी अनुदान।

### नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा

- स्व-उपयोग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के बैंकिंग की सीमा 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी गई है।
- नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन में प्राथमिकता।

### औद्योगिक भूमि भंडार का विस्तार

- औद्योगिक भूमि की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नई निजी औद्योगिक पार्क नीति अधिसूचित की गई है।
- औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए पारदर्शी इलेक्ट्रॉनिक नीलामी प्रणाली लागू की गई है।

### ऊर्जा क्षेत्र में सुधार

- लघु विद्युत श्रेणी की सीमा 20 किलोवाट से बढ़ाकर 50 किलोवाट कर दी गई है, जिससे लगभग 90 प्रतिशत उद्योगों की लागत कम होगी।
- समय-आधारित बिजली दर छूट को गैर-व्यस्त घंटों में 1 रुपये से बढ़ाकर 2 रुपये कर दिया गया है।

## पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए औद्योगिक अर्थव्यवस्था का निर्माण

**ऊर्जा की प्रचुर उपलब्धता, मजबूत परिवहन-लॉजिस्टिक ढांचा और सतत शासन सुधार पंजाब के निवेश परिदृश्य को नया स्वरूप दे रहे हैं।**

संरचनात्मक बदलावों के माध्यम से पंजाब की निवेश संभावनाओं को नए सिरे से परिभाषित किया जा रहा है। "एडवांटेज पंजाब" अब ऐसे विकास मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है, जो शासन सुधार, मजबूत बुनियादी ढांचे और उत्पादन कारकों की दक्षता पर आधारित प्रतिस्पर्धात्मक वृद्धि को बढ़ावा देता है।

### डिजिटल शासन व तेज मंजूरी

फास्टट्रैक डिजिटल तंत्र के माध्यम से निवेशकों को एकल-खिड़की, एकल-प्रवेश और एकल-निकास प्रणाली का लाभ मिलता है। यह व्यवस्था स्वतः स्वीकृति, उन्नत डिजिटल कार्यप्रवाह और जिला से राज्य स्तर तक बहु-स्तरीय निगरानी से समर्थित है।

यह ढांचा तेज निर्णय-प्रक्रिया, अधिक पारदर्शिता और अनुपालन से जुड़ी जटिलताओं में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित करता है, जिससे आधुनिक निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप वातावरण तैयार होता है।

### ऊर्जा की विश्वसनीयता और लागत प्रतिस्पर्धा

पंजाब एक ऊर्जा अधिशेष राज्य बना हुआ है, जिसकी स्थापित क्षमता 14,613 मेगावाट से अधिक है। इसमें नवीकरणीय और जलविद्युत स्रोतों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इसने पंजाब को मजबूती प्रदान की है।

सालभर भरोसेमंद बिजली आपूर्ति, राष्ट्रीय औसत से कम प्रसारण हानि और लगभग 5.83 रुपये प्रति यूनिट की प्रतिस्पर्धी औद्योगिक दरें विनिर्माण, डेटा-आधारित उद्योगों और निरंतर संचालन वाले उद्यमों के लिए लागत स्थिरता प्रदान करती हैं।

### परिवहन-लॉजिस्टिक क्षमता और बाजार संपर्क

उच्च सड़क घनत्व, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तृत नेटवर्क और पूर्वी तथा पश्चिमी समर्पित माल गलियारों तक पहुंच से पंजाब की परिवहन-लॉजिस्टिक प्रतिस्पर्धा मजबूत हुई है।

हवाई संपर्क शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से उपलब्ध है। इसके साथ आंतरिक कंटेनर डिपो, बहु-माध्यम परिवहन-लॉजिस्टिक पार्क और वायु माल परिसर राज्य को उत्तर भारत के प्रमुख वितरण केंद्र के रूप में सुदृढ़ करते हैं।

### उच्च प्रभाव वाले विकास कारक

- रणनीतिक भौगोलिक स्थिति
- भारत का प्रमुख अनाज भंडार
- सफल पंजाबी प्रवासी समुदाय
- समृद्ध और शहरीकृत राज्य
- उद्यमशील प्रतिभा
- व्यवसाय करने में सुगमता और शासन सुधार
- बिजली की उपलब्धता और लागत प्रतिस्पर्धा
- मजबूत परिवहन-लॉजिस्टिक और संपर्क
- डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचा
- कार्यबल और श्रम वातावरण

### बुनियादी ढांचा और कार्यबल की बढ़त

डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे का विस्तार साथ-साथ हो रहा है। मजबूत ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वस्तुओं के इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों को समर्थन प्रदान करता है।

राज्य की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है, जो कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों का बड़ा समूह उपलब्ध कराती है। प्रतिस्पर्धी वेतन संरचना और स्थिर औद्योगिक संबंध निवेशकों के लिए अतिरिक्त आकर्षण का कारण हैं।

SPOTLIGHT

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 12-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP8 User: cci Time: 03-11-2026 22:01 Color:





नेता के कानों में हमेशा जनता की आवाज गूंजती रहनी चाहिए।
*- वुड्रो विल्सन, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति*

## मदद का वादा

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक रैली में कहा कि सरकार खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीयों तक हरसंभव सहायता पहुंचाएगी, उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं, युद्ध की वजह से पैदा हुए ऊर्जा संकट का हवाला देते हुए बताया कि इसलिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इस तरह से मौजूदा संकट में सरकार ने लोगों में भरोसा जताने और भविष्य की तैयारी का संदेश दिया है।

**सरकार का भरोसा** | सरकार लगातार कह रही है कि देश में तेल-गैस की कमी नहीं है। लेकिन, रसोई गैस को लेकर चिंता तो फैल ही चुकी है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ जैसे महानगरों में होटल-रेस्तरां ने गैस सप्लाई में रुकावट की शिकायत की है। कमर्शल LPG की सप्लाई कई जगह रुक गई है। हालांकि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि घरों में पहले की तरह ही गैस आपूर्ति की जा रही है और घबराने की जरूरत नहीं।



गैस को लेकर चिंता

**परीक्षा का समय** | सरकार ने LPG उत्पादन 25% बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसी तरह, रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदा गया है। चूंकि होर्मुज स्ट्रेट बंद है, तो दूसरे रास्तों से तेल मंगाया जा रहा है। तेल-गैस की आपूर्ति सुचारु रखने के लिए ये सारे कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन, यह बात भी समझने वाली है कि युद्ध जिस स्तर पर फैल चुका है, इसका असर किसी न किसी रूप में तो पड़ेगा ही। भारत जैसे देशों के लिए, जो अपनी जरूरत का ज्यादातर पेट्रोलियम आयात करते हैं, यह परीक्षा का समय है।

**आत्मनिर्भरता की ओर** | संकट के मौके सबक भी लेकर आते हैं। तो भारत के लिए सबक क्या है? पीएम ने आत्मनिर्भरता की बात कही। भारत की जरूरत और घरेलू उत्पादन को देखते हुए तेल-गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर होना तो मुश्किल होगा, लेकिन आयात पर अति-निर्भरता जरूर कम की जा सकती है। सौर और पवन जैसी Renewable Energy को ज्यादा तेजी से प्रमोट करने का वक्त है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना होगा। इससे पेट्रोल-डीजल का बिल तो कम होगा ही, पर्यावरण में भी सुधार होगा।

**ज्यादा रिजर्व** | एक और जरूरी कदम है स्ट्रैटिजिक ऑयल रिजर्व को बढ़ाना। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले दिनों बताया था कि भारत का पेट्रोलियम रिजर्व 74 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है। वैसे इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक 90 दिनों का रिजर्व होना चाहिए। यह मामला देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा से भी जुड़ा है। पश्चिम एशिया का इतिहास रहा है अस्थिरता। भारत को स्थिरता के लिए खुद रास्ते बनाने होंगे।

### तेहरान के साथ पड़ोसी मुस्लिम देश भी नहीं, भारत का रुख बिल्कुल सही

# ईरान पर भारत का ना बोलना ही अच्छा



अवधेश कुमार

**कांग्रेस समेत** ज्यादातर विपक्षी दल सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि उसने अमेरिकी दबाव के आगे झुककर भारत की पारंपरिक विदेश नीति से दूरी बना ली है। विपक्ष का तर्क यह है कि भारत को ईरान के समर्थन में खुलकर खड़ा होना चाहिए था। उनके मुताबिक भारत भले ही युद्ध को तटस्थ बता रहा हो, लेकिन उसका रुख कहीं न कहीं अमेरिका और इस्राइल के पक्ष में झुका हुआ दिखाई दे रहा है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक अंग्रेजी अखबार में आर्टिकल लिखा कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की हत्या पर केंद्र सरकार का मौन तटस्थता नहीं, जिम्मेदारी से पीछे हटना है। क्या युद्ध में भारत की भूमिका वाकई गलत है?

**OIC की चुप्पी** | कुछ बुनियादी तथ्यों पर नजर डालना जरूरी है। ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (OIC) में 56 मुस्लिम देश हैं, लेकिन इनमें से कोई भी ईरान के पक्ष में नहीं आया। खाड़ी सहयोग परिषद ने भी कोई टिप्पणी नहीं की। यहां तक कि ईरान के पड़ोसी मुस्लिम देश भी उसके समर्थन में खड़े नहीं दिखे। इसके पीछे कुछ तो कारण होगा। इस मुद्दे पर तीखा आंतरिक विरोध मुख्य रूप से दो देशों में दिख रहा है - पाकिस्तान और भारत। पाकिस्तान में विरोध के दौरान हिंसा हुई, लोग मारे गए और कई शहरों में इंटरनेट व सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना पड़ा। भारत में ऐसी स्थिति नहीं बनी।

**खाड़ी पर हमला** | जवाबी कार्रवाई में ईरान ने सिर्फ इस्राइल ही नहीं, सऊदी अरब, कतर, UAE, ओमान, कुवैत, बहरीन, जॉर्डन और साइप्रस पर भी हमले किए। रूस की सलाह पर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कुछ पड़ोसी देशों से माफी मांगी और आगे हमला न करने की बात कही, पर ऐसा हुआ नहीं। ईरान फिर आसमान सिर पर उठाने वाले क्या चाहते हैं कि भारत को अमेरिका-इस्राइल के खिलाफ मोर्चा लेना चाहिए?

**युद्ध में सब जायज** | चीन और रूस ने हमले का विरोध जरूर किया, पर इससे ज्यादा समर्थन देने को वे भी तैयार नहीं हैं। अमेरिका ने हिंद महासागर में ईरान के युद्धपोत को नष्ट किया। कुछ लोगों ने इसे भारत के लिए शर्मनाक बताया, पर वे जानते हैं कि यह सही नहीं है। पोत श्रीलंका की समुद्री सीमाओं से भी बाहर चला गया था। युद्ध की स्थिति में ईरान के पोत और विमान जहां भी होंगे निशाना बनेंगे। ईरान भी अपनी शक्ति पर यही कर रहा है। उसका एक पोत और क्रू कोच्चि बंदरगाह पर सुरक्षित है।




**इंडिया फर्स्ट**
- खाड़ी के दूसरे देशों के साथ भारत के अच्छे रिश्ते
- इस्राइल अहम सहयोगी, मुश्किलों में दिया है साथ
- चीन और रूस का समर्थन भी बस बयानों तक ही

**खोखले सिद्धांत** | आज ईरान के लिए आवाज उठाने वालों ने 7 अक्टूबर 2023 को उत्सव मनाते इस्राइलियों पर हमास के बर्बर हमले के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोला था। यह कैसे सिद्धांत हैं? क्या तब नहीं सोचा गया कि इससे भारत-इस्राइल के रिश्तों पर असर पड़ेगा और यह देश के हित के खिलाफ होगा?

**मददगार दोस्त** | विदेश और रक्षा नीति राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित होती है। इस पर समय और परिस्थितियों का असर पड़ता है। मान लीजिए कि ईरान के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे थे, लेकिन क्या इस्राइल के साथ खराब हैं? लगभग हर मुश्किल घड़ी में इस्राइल ने भारत का साथ दिया है। 1962 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के आग्रह पर उसने बिना मार्क लगाए हथियारों की खेप भेजी थी। आज उसके साथ सामरिक सहयोग उस सीमा तक पहुंच चुका है, जहां दोनों देश एक-दूसरे के रक्षा लॉजिस्टिक्स तक का उपयोग कर सकते हैं।

**आतंकियों को समर्थन** | ईरान पहले भी पूरे क्षेत्र में मिसाइलें दागता रहा है। हिजबुल्लाह, हूती और हमास जैसे आतंकवादी संगठनों को पालने वाला देश शांतिवादी नहीं हो सकता। बलूचिस्तान के एक हिस्से पर उसका कब्जा है। वहां के मुक्ति आंदोलन को पाकिस्तान की तरह दबाता रहा है। इस्लामी क्रांति के बाद उसका पहला युद्ध इराक से हुआ। उसके मुताबिक इस्राइल को धरती पर रहने का अधिकार नहीं और पड़ोसी देशों को सैन्य ताकत से डराता रहता है। ऐसे ईरानी शासन का साथ देने का तुक नहीं।

**सही रास्ता चुने ईरान** | भारत के सभी अरब देशों के साथ संबंध अच्छे हैं। अगर हम ईरान के साथ खुलकर खड़े होते हैं, तो सऊदी अरब, UAE, बहरीन, ओमान और कुवैत जैसे देशों को सही संदेश नहीं जाएगा। सही तो यही होगा कि ईरान आतंकवादी समूहों को समर्थन देना बंद करे, इस्राइल का अस्तित्व स्वीकारे और परमाणु हथियार बनाने की सोच छोड़ दे। भारत कभी युद्ध के साथ नहीं हो सकता, पर जिन घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं, उसमें कुछ नहीं कर सकते।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। ये उनके निजी विचार हैं)*

## कांटे की बात

भारत दुनिया में तेल की कीमतों को स्थिर बनाए रखने में अहम साझेदार रहा है। अमेरिका मानता है कि रूस से तेल की चल रही खरीदारी भी इसी प्रयास का हिस्सा है। दोनों देशों का इसके लिए मिलकर काम करना जरूरी है।



**सर्जियो गोर,** *भारत में अमेरिका के राजदूत*

## असंभव संवाद

# आमिर को कोई उनका भविष्य बताएगा!

*पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज हैं मोहम्मद आमिर। फिक्सिंग, फिटनेस और बोर्ड संग फाइट की वजह से करियर छोटा हो गया। T20 विश्व कप के दौरान वह लगातार टीम इंडिया की हार की भविष्यवाणी करते रहे। उनसे मिलने आई हैं बुल्गारिया की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा।*



AI Image

**बाबा वेंगा** ने हाथों से आमिर को छूकर देखा, 'तुम तो अभी जवान हो, बतौर भविष्यवक्ता पकने में अभी थोड़ा टाइम लगेगा। वैसे, तुम्हारी चर्चा नास्त्रेदमस भी कर रहे थे।' आमिर ने विनम्रता दिखाने की कोशिश की, 'बस थोड़ा-सा चूक गया। अगर वो वाला कैच न होता और वो वाला कैच हो जाता, तो मेरा कहा पूरा हो जाता।' 'कोई नहीं बेटा, पहली बार है न। अब तुम ध्यान लगाओ कि अगले ICC इवेंट में पाकिस्तान का क्या होगा।' 'जी, अच्छा आप आ ही गई हैं तो क्या बता देंगी कि इंग्लैंड की T20 लीग में मुझे कोई खरीदेगा या नहीं? टीवी वाली कमाई अब रुक गई है तो बड़ी टेंशन हो रही है।' बाबा वेंगा ने गहरी सांस ली, 'सब धुंधला-धुंधला है। वैसे तुम्हें क्या टेंशन, खेल न पाओ तो पेशनगोई शुरू कर देना।'

**- शैलेंद्र पांडेय**

## जनता जंक्शन

इरफान




## गुस्ताख़ी माफ़

# गैस का पक्का इलाज

'गैस की प्रॉब्लम हो गई है भाई साब! कोई उपाय नहीं सूझ रहा। ऐसे ही रहा तो खाना-पीना बंद हो जाएगा।' अपन मॉर्निंग वॉक के लिए पार्क में पहुंचे थे। श्रीमान क मिलते ही ऐसे शुरू हुए, जैसे महीनों से कब्ज से परेशान हों।



**अखिलेश प्रताप सिंह**

'छोटी हरड़, जीरा, अजवाइन और सौंफ ले लीजिए। सबको बराबर मात्रा में मिलाकर चूरन बना लीजिए। अपने हिसाब से काला नमक मिलाकर सुबह-शाम गुनगुने पानी के साथ लीजिए।' मैंने एक सांस में उन्हें पूरा नुस्खा बता दिया। 'और हां, रात को पानी में मेथी दाना भिगोकर रख दें और सुबह सबसे पहले वही पानी पी लें।' मैंने यह टुकड़ा भी जोड़ दिया कि कोई कोर कसर बाकी न रह जाए।

श्रीमान क भड़क गए। कहने लगे कि इस गैस की नहीं, वो दूसरी वाली कुकिंग गैस की समस्या है। मुझे तुरंत अपनी गलती का अहसास हुआ। उन्हें समझाया कि गैस की कोई किल्लत नहीं है, 50 दिन तक तो कोई समस्या ही नहीं है। मस्त रहना है, चिंता की कोई बात नहीं है।

श्रीमान क इतना सुनते ही झुंझलाकर बोले, 'भाई साब, कंपनी के कॉल सेंटर पर फोन मिलाओ तो जवाब आता है कि यह नंबर सेवा में नहीं है। हॉकर को मिलाओ तो कहता है कि वह खुद लाइन में लगा है, पीछे से माल आए तो ले आएगा। चार-पांच दिन ऐसे ही रहा तो चूल्हे-चौके का डमरू बज जाएगा।'


पूरी कॉलोनी में श्रीमान क की तुकबंदी का डंका बजता है। मैंने भी मन ही मन प्रशंसा की। उन्होंने होरमुज जलडमरूमध्य से डमरू की तुक भिड़ा दी थी। लेकिन मामला समस्या का तोड़ निकालने का था। गोबर। मुझे तुरंत खयाल आया। 'देखिए, हर चौराहे पर अपन कूड़ा डालते रहते हैं। पशु वहां जुटते हैं। अपन सवेरे-सवेरे गोबर इकट्ठा करेंगे और पार्क में उपले बना लेंगे। खाना पकाएंगे, बचा हुआ खाना चौराहे पर डाल देंगे। वहां से फिर गोबर लाएंगे। हो गया गैस का पक्का इलाज।' लेकिन इतना सुनते ही श्रीमान क ने मुझे दौड़ा लिया।

## एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

# काम का जुनून

**बात उन** दिनों की है जब फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट अमेरिका के राष्ट्रपति थे। एक बार एक विदेशी राजदूत उनसे मिलने आया। रूजवेल्ट के व्यक्तित्व से वह इतना प्रभावित हुआ कि जाते-जाते



Subrata Dhar

उसने विनम्रता से कहा, 'यदि अनुमति दें तो मैं एक निजी प्रश्न पूछना चाहता हूं।' रूजवेल्ट मुस्कुराए और बोले, 'निस्संकोच पूछिए।' राजदूत ने पूछा, 'क्या आप भी किसी असाधारण योग्यता के कारण इस पद तक पहुंचे हैं, या साधारण व्यक्ति भी असाधारण सफलता प्राप्त कर सकता है?' रूजवेल्ट बोले, 'मेरे विचार में सफलता के दो रास्ते होते हैं। पहला, असाधारण प्रतिभा वाले लोग अपनी बुद्धि और कौशल से कठिन से कठिन समस्याएं हल कर लेते हैं और महान बन जाते हैं। यह मार्ग सबके लिए आसान नहीं होता, लेकिन दूसरा रास्ता हर व्यक्ति के लिए खुला है। यदि कोई साधारण व्यक्ति भी पूरे मन, लगन और एकाग्रता से काम करे, तो कठिन से कठिन काम भी सरल हो जाता है। लेकिन लोग अक्सर आलस्य के कारण प्रयास नहीं करते।' फिर उन्होंने कहा, 'मुझमें भी कोई असाधारण प्रतिभा नहीं है। बस काम करने का जुनून है।' राजदूत उनके इस सरल और प्रेरणाप्रद उत्तर से पूरी तरह संतुष्ट हो गया।

# जामा मस्जिद ने संभाली है शिया परंपरा

## साड्डी दिल्ली

**कश्मीरी गेट** की भीड़भाड़ वाली गलियों में इतिहास आज भी महसूस होता है। बुलंद जामा मस्जिद के पास ही शिया जामा मस्जिद है।



**विवेक शुक्ला**

यह मस्जिद 1841–42 में नवाब हामिद अली खान ने बनवाई थी, जो मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर के प्रधानमंत्री थे। यह मस्जिद अपने बड़े आकार के लिए नहीं, बल्कि अपने इतिहास और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। इसमें तीन गुंबद और दो मीनारें हैं। इसका निर्माण इंडो-पर्शियन शैली में हुआ है, जिसमें मेहराबदार दरवाजे, नक्काशीदार खंभे और फूलों की सुंदर सजावट है। मस्जिद का मुख्य प्रवेश मोरी गेट की ओर से है।

**शांति का माहौल** | रमजान में जामा मस्जिद और आसपास के बाजारों में भीड़ रहती है, लेकिन शिया जामा मस्जिद में शांति। यहां लोग खामोशी से इबादत करते हैं। रमजान में रोजा रखना, तरावीह की नमाज पढ़ना और इबादत करना खास होता है। इफ्तार के वक्त सभी रोजेदार साथ बैठकर खाते हैं, बातें करते हैं



और खुशी बांटते हैं। यह महीना अनुशासन, धैर्य और भाईचारे का संदेश देता है।

**धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान** | शिया जामा मस्जिद में अजान के वक्त लाउडस्पीकर की आवाज काफी कम रहती है। कारण कि आसपास अब बहुत कम शिया हैं और वे खुद ही नमाज के लिए आ जाते हैं। जुमे की नमाज में 600-700 लोग बारा हिंदू राव, शास्त्री पार्क और नोएडा से भी आते हैं। 1947 से पहले यहां शिया समुदाय बड़ा और समृद्ध था, लेकिन बंटवारे के बाद कई परिवार पाकिस्तान चले गए और बाकी दिल्ली-NCR के दूसरे इलाकों में बस गए। फिर भी यह मस्जिद आज भी शिया समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है।

**खजूर वाली मस्जिद** | हैमिल्टन रोड, कृष्णा गली, चाबी गंज और पंजा शरीफ में भी कई शिया मस्जिदें हैं। कृष्णा गली की खजूर वाली मस्जिद भी काफी मशहूर है। इसी गली में मौलवी मोहम्मद बाकर रहते थे, जो दिल्ली उर्दू अखबार के संपादक थे। यह उत्तर भारत के शुरुआती उर्दू अखबारों में से एक था। 1857 की क्रांति के समय उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लिखा। अंग्रेजों ने 16 सितंबर 1857 को उन्हें गिरफ्तार कर 18 सितंबर को गोली मारकर शहीद कर दिया।

**अली की याद** | रमजान में कश्मीरी गेट की शिया मस्जिदों में खजूर बांटा जाता है और हजरत अली की याद में मातम होता है। मस्जिदों में दरी बिछाकर सेवइयां, खीर, शीर खुरमा, फल आदि दिया जाता है। रमजान यहां सिर्फ इबादत का समय नहीं, मिलने-जुलने और भाईचारे का महीना भी है। कश्मीरी गेट की ये मस्जिदें और गलियां आज भी इतिहास और शिया समुदाय की परंपराओं को संभाले हुए हैं।

# जन्मदर में सिक्किम का हाल जापान से बुरा

**अभिषेक मिश्र**

**देश कम** फर्टिलिटी दर को लेकर परेशान है। इसका बड़ा कारण है कि भारत की जनसंख्या 2050 तक तेजी से बूढ़ी हो जाएगी। तब 60 साल से अधिक उम्र वालों की तादाद कुल जनसंख्या का लगभग 20% पहुंच सकती है। आजादी के 100वें साल तक देश में बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग हो जाएंगे। सबसे बड़ी चुनौती सिक्किम में है। यहां जापान से भी बच्चे कम पैदा हो रहे हैं। सरकार करीब 4 बरस से प्रयास कर रही है, पर हालात नहीं सुधर रहे।

**TFR कम** | पूरे देश का टोटल फर्टिलिटी रेट (TFR) जितना होना चाहिए, उतना नहीं है। स्थिर जनसंख्या के लिए TFR चाहिए 2.1, लेकिन भारत में है 1.9 से 2.0 के बीच। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (NFHS-5) के मुताबिक, सिक्किम का TFR 2025-26 में 1.1 हो गया यानी औसतन एक महिला 1.1 बच्चे को जन्म दे रही है। 2005-06 में यह 2.0 थी, लेकिन 2015-16 में 1.2 हो गई थी।

**प्रोत्साहन से बढ़ावा** | सिक्किम को लगा कि प्रदेश में कम जन्म दर का एक कारण बांझपन भी हो सकता है। इसलिए सरकार ने 2022 में वात्सल्य योजना शुरू की। इसका उद्देश्य उन दंपतियों की मदद करना था, जिन्हें कंसीव करने में दिक्कत हो रही हो। इसके तहत इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) जैसे महंगे इलाज के लिए हर दंपती को 3 लाख रुपये की

## टाइम मशीन



AI Image

आर्थिक सहायता दी गई। सरकार का उद्देश्य पूरा होता भी दिखा, क्योंकि योजना शुरू होते ही 38 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। इससे लगा कि प्रेग्नेंसी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं भी कम TFR का एक कारण हो सकती हैं।

**वेतन वृद्धि** | सिक्किम ने बच्चों के जन्म को बढ़ावा देने के लिए और भी कई काम किए। सरकारी कर्मियों की वेतन वृद्धि को बच्चों के जन्म से जोड़ा। इसके लिए जनवरी 2023 में नियम लागू किए। दूसरा बच्चा होने पर कर्मचारियों का वेतन एक बार और बढ़ाया गया। इसी तरह, तीसरे बच्चे पर दो बार वेतन वृद्धि का लाभ मिला। महिला कर्मियों की मैटरनिटी लीव एक साल की गई और पुरुषों को पैटरनिटी लीव दी गई। सरकारी कर्मियों के बच्चों की देखभाल के लिए सरकार ने अटेंडेंट रखे। निजी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को दूसरा बच्चा होने पर एक साल तक हर महीने 5,000 रुपये और तीसरा बच्चा होने पर 10,000 रुपये देने का प्रावधान किया गया।

**कई देश परेशान** | हालांकि, इनका ज्यादा फायदा नहीं मिला। अब सरकार नैशनल रिसर्च इंस्टीट्यूशन के साथ साझेदारी कर यह समझने की कोशिश कर रही है कि फर्टिलिटी क्यों कम हो रही है। सिक्किम जैसी स्थिति दुनिया के कई देशों की है। वहां भी लाभ देकर TFR बढ़ाने की कोशिश हुई, मगर कुछ खास हासिल नहीं हुआ। सिंगापुर में TFR 1.0 के आसपास है। दशकों से वहां सरकार बेबी बोनस, टैक्स रिबेट, सस्ती चाइल्ड केयर और हाउसिंग इन्सेंटिव जैसी योजनाएं चला रही है। इसके बावजूद जन्म दर बहुत कम है।

**हंगरी सफल** | दक्षिण कोरिया की स्थिति और भी गंभीर है। वहां 2023-24 में TFR लगभग 0.7 तक गिर गया। सरकार ने बच्चों के लिए नकद सहायता, चाइल्ड केयर सब्सिडी और लंबी पेरेंटल लीव जैसी योजनाओं पर भारी खर्च किया है, लेकिन असर नहीं दिखा। जापान का TFR 1.3 है। हालांकि, हंगरी को थोड़ी सफलता मिली है। 2011 में वहां TFR 1.23 था। सरकार ने हाउसिंग सब्सिडी, कम ब्याज पर कर्ज और चार या उससे अधिक बच्चों वाली महिलाओं के लिए आयकर छूट जैसी नीतियां शुरू कीं। 10 साल बाद वहां TFR 1.5 हो गया। वैसे यह भी रिप्लेसमेंट लेवल से काफी कम है।

# रास्ते में सांड मिल जाए तो पीछे हटने में ही भलाई

**जैन मुनिश्री तरुणसागर जी**

गली संकरी है। कोई राजा उससे निकल रहा हो और अचानक सामने से दौड़ता हुआ सांड आ जाए तो अब राजा क्या करेगा? क्या वह कहेगा, 'ऐ सांड! तू हट जा। यह मेरी गली है। मैं यहां का राजा हूं।' तो सांड कहेगा, 'तू राजा, मैं महाराजा, आ जा।' राजा की समझदारी इसी में है कि या तो वह चबूतरे पर चढ़ जाए या पीछे हट जाए। दिनभर में हमें कई सांड मिलते हैं, पर हमें किसी से टकराना नहीं है, क्योंकि टकराव बिखराव का कारण है।

पिता ने सोचा- गरीबी क्या होती है, बेटे को दिखाना चाहिए। बेटे को लेकर वह गांव गया, दो दिन गरीबों के बीच रहा। पूछा, 'बेटे! गांव में गरीबों को देखकर क्या सीखा?' बेटा बोला, 'पिताजी! हमारे पास एक कुत्ता है और उनके पास चार कुत्ते हैं, वे हमसे कितने अमीर हैं। हम हर चीज बाजार से लाकर खाते हैं, वे खुद उगाते हैं, वे हमसे कितने अमीर हैं। हमें एसी में भी नींद नहीं आती, वे कहीं भी सो जाते हैं, वे हमसे कितने अमीर हैं।' दुनिया में चार तरह के लोग हैं। एक वे, जिनका मानना है कि मेरा तो मेरा है ही, तेरा भी मेरा है। यह मिथ्यादृष्टि है। दूसरे वे, जिनका मानना है कि भाई! मेरा, मेरा है और तेरा, तेरा है। यह सम्यक दृष्टि है। तीसरे वे, जिनका मानना है कि भाई! तेरा, तेरा ही है और मेरा भी तेरा है। यह संत-दृष्टि है और चौथे वे, जिनका मानना है कि न मेरा है और न तेरा है, यह सब एक झमेला है- यह हंस दृष्टि है। इन चारों में आप कौन हैं? क्रोध की कई किस्में हैं। एक 'बेहद क्रोध' है, जो पत्थर पर खींची गई रेखा के समान होता है। दूसरा 'बहुत क्रोध' है, जो ईंट की रेखा के समान होता है। क्रोध की तीसरी किस्म 'मामूली क्रोध' कहलाती है। यह क्रोध रेत पर खींची गई रेखा के जैसा हल्का होता है। क्रोध की चौथी किस्म है 'मीना-क्रोध', जो कि जल पर खींची रेखा के समान क्षणिक होता है। गृहस्थ जीवन में सिर्फ मामूली-क्रोध और मीना-क्रोध ग्राह्य है। बेहद-क्रोध और बहुत-क्रोध हर हाल में त्याज्य है।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

कड़वे प्रवचन

*(आभार : डायमंड बुक्स)*

## रीडर्स मेल

### विकल्प चाहिए

11 मार्च का संपादकीय 'गहराता संकट' पढ़ा। ईरान-अमेरिका युद्ध का असर दुनिया में होना ही था। सरकार लोगों को लाख दिलासा दिलाए कि पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं, पर जनता में चिंता बढ़ जा रही है। गैस की बुकिंग में अब अंतर 25 दिनों का हो गया है। हालांकि यह गैप बहुत ज्यादा है। बड़े परिवारों में ईंधन की खपत अधिक होती है। इस फैसले से उनके लिए परेशानी बढ़ सकती है। संपादकीय पढ़कर पता चला कि सरकार वैकल्पिक कदम उठा रही है, इसमें तेजी लाई जानी चाहिए।

**इन्द्र सिंह धिगान, किंग्जवे कैंप**

## CAPF में 93 हजार पद खाली

■ पीटीआई, नई दिल्ली: गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में करीब 93,000 पद खाली हैं। भर्ती प्रक्रिया जारी है और यूपीएससी व एसएससी के माध्यम से नियुक्तियां की जा रही हैं। चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल और अन्य सुधार लागू किए गए हैं।

## हैदराबाद से जा रहे विमान का पहिया टूटा

■ भाषा, मुंबई: हैदराबाद से थाईलैंड के फुकेट जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान की बुधवार को फुकेट एयरपोर्ट पर हार्ड लैंडिंग हुई, जिससे आगे के पहिये टूट गए। डीजीसीए ने बताया, हार्ड लैंडिंग के कारण विमान रनवे पर उछल गया था। सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। विमान के रनवे पर फंस जाने के कारण एयरपोर्ट का संचालन कुछ देर रोकना पड़ा। विमान को खींचकर वे तक ले जाया गया। प्रवक्ता ने बताया, विमान के आगे के पहिये में खराबी आने के बाद चालक दल ने सभी मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। डीजीसीए के अनुसार, पहिये निर्माण खराबस्था के तहत आठ मार्च को ही बदले गए थे।



*थाईलैंड के फुकेट में हार्ड लैंडिंग*

### क्या है हार्ड लैंडिंग?

जब विमान उतरते समय बहुत जोर से या तेज झटके के साथ रनवे पर टकराता है, तो उसे हार्ड लैंडिंग कहते हैं। इससे विमान के पहियों या लैंडिंग गियर को नुकसान हो सकता है। आमतौर पर तकनीकी दिक्कतों से ये परेशानी होती है।

## क्रिप्टो स्कैमः नौवीं पास ने 2000 लोगों को लगाया चूना, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई पुलिस ने 'BitxStaking' नाम से चल रहे क्रिप्टो निवेश घोटाले का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सुजीत शंकरराव जाधव (48) को छत्रपति संभाजीनगर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, महज नौवीं पास आरोपी थाईलैंड भागने की कोशिश में था। मामले में अब तक 2000 से अधिक लोगों से करीब 6.5 करोड़ रुपये की ठगी की बात सामने आई है। गिरोह के 8 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, जाधव ने 'SJAB Digital Solution LLP' नाम से कंपनी बनाकर 'BitxStaking.com' प्लेटफॉर्म शुरू किया था। इसके जरिए लोगों को क्रिप्टो में निवेश पर जल्द और अधिक मुनाफे का लालच दिया जाता था।



AI image

www.timesascent.com
TIMES ascent
Catapult your career
To book your Ad logon to: ads.timesofindia.com
ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE
For advertising queries: Call 18001205474

# नई जॉब में ऐसे बनाएं अपनी जगह

**नई जॉब शुरू करना अक्सर उत्साह और घबराहट दोनो साथ लेकर आता है। एक तरफ नई जिम्मेदारियो को लेकर उत्साह होता है, तो दूसरी तरफ यह सोच भी रहती है कि नया माहौल कैसा होगा और लोग कैसे होंगे। अगर आपने हाल ही मे नई जॉब जॉइन की है तो ये आसान टिप्स आपको नए वर्कप्लेस पर माहौल मे जल्दी ढलने मे मदद करेंगे:**

नई जॉब के पहले कुछ हफ्ते बहुत अहम माने जाते हैं। इन्ही दिनो मे लोग आपको पहचानने लगते हैं और आपके काम करने की शैली के बारे मे राय बनाते हैं। इसलिए शुरुआत के कुछ दिन जल्दबाजी करने के बजाय माहौल को समझने मे लगाना बेहतर होता है।



**बातचीत शुरू करना भी जरूरी**
नए ऑफिस मे घुलने-मिलने के लिए कभी-कभी खुद पहल करनी पड़ती है। अगर आप हमेशा चुपचाप अपने काम मे लगे रहेंगे, तो लोगो को आपको समझने मे समय लगेगा। इसलिए मौका मिले तो टीम के लोगो से हल्की-फुल्की बातचीत जरूर करें। लंच के समय साथ बैठना, चाय ब्रेक के दौरान बातचीत करना या किसी प्रोजेक्ट पर साथ काम करना रिश्ते बनाने का अच्छा तरीका होता है। जब लोग आपको खुलकर बात करते देखते हैं, तो वे भी सहज महसूस करते हैं। इससे धीरे-धीरे एक भरोसे वाला माहौल बनता है।

**पॉजिटिव बातचीत रखें**
हर ऑफिस मे कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें दूसरो की बाते करने मे मजा आता है। वे अक्सर सहकर्मियो या बॉस के बारे मे चर्चा करते रहते हैं। शुरुआत मे ऐसे माहौल मे शामिल होना आसान लग सकता है, लेकिन इससे आपकी इमेज पर असर पड़ सकता है। इसलिए कोशिश करें कि बातचीत का विषय हमेशा पॉजिटिव रहे। काम से जुड़ी बाते, नए आइडियाज या सामान्य अनुभवो पर चर्चा करना बेहतर रहता है।

**मदद करें, पर संतुलन बनाए रखें**
ऑफिस मे काम अक्सर टीम के साथ मिलकर किया जाता है। अगर किसी सहकर्मी को किसी काम मे मदद की जरूरत हो और आप मदद कर सकते हो, तो जरूर करें। लेकिन हर चीज मे खुद को शामिल करना भी सही नही होता। कुछ लोग अपनी जिम्मेदारी खुद निभाना पसंद करते हैं। इसलिए मदद करते समय यह समझना जरूरी है कि कहा तक आगे बढ़ना ठीक है। सहयोग और व्यक्तिगत सीमा के बीच संतुलन बनाए रखना ही समझदारी है।


**खराब सोच वाले लोगों से दूरी रखें**
किसी भी वर्कप्लेस पर कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हर बात मे कमी निकालते हैं। उन्हें काम मे भी समस्या दिखती है और लोगो मे भी। अगर आप ऐसे लोगो के साथ ज्यादा समय बिताने लगते हैं, तो धीरे-धीरे वही सोच आपके काम और मन पर असर डाल सकती है। इसलिए बेहतर है कि ऐसे माहौल से खुद को थोड़ा दूर रखें।

**गलतफहमी को बात करके सुलझाएं**
कभी-कभी काम के दौरान ऐसा भी होता है कि किसी सहकर्मी का व्यवहार थोड़ा रूखा लग सकता है या वह बार-बार आपकी गलती की ओर ध्यान दिला सकता है। ऐसी स्थिति मे तुरंत गुस्सा करने या प्रतिक्रिया देने से बात बिगड़ सकती है। अगर आपको किसी बात से असहज महसूस हो रहा है, तो शांत तरीके से बातचीत करना बेहतर होता है। आप सामने वाले से यह कह सकते हैं कि उनके कहने के तरीके से आपको थोड़ा असहज लगा।

**फीडबैक को सीखने का मौका समझें**
नई नौकरी मे बहुत-सी चीजें नई होती हैं। ऐसे मे गलतियां होना स्वाभाविक है। अगर कोई सीनियर या सहकर्मी आपके काम के बारे मे सुझाव देता है, तो उसे आलोचना के रूप मे देखने के बजाय सीखने का मौका समझें।

**सीमाओं को समझें**
ऑफिस मे दोस्ताना माहौल होना अच्छी बात है, लेकिन हर रिश्ता अपनी एक सीमा मे ही अच्छा लगता है। शुरुआत मे ही अपनी निजी जिंदगी की हर बात साझा करना जरूरी नही होता। धीरे-धीरे जब लोगो से भरोसा बनता है, तो रिश्ते भी अपने आप गहरे होते जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि शुरुआत मे पेशेवर दूरी बनाए रखें और समय के साथ रिश्तों को स्वाभाविक रूप से बढ़ने दें।

## जॉब्स अलर्ट



**GSSC**
संस्थान: गोवा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन
पद: पुलिस डिपार्टमेंट में ग्रुप सी पद
पदों की संख्या: 722
आखिरी तारीख: कल
वेबसाइट: gssc.goa.gov.in

**MCL**
संस्थान: महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
पद का नाम: जूनियर ओवरमैन, माइनिंग सरदार, सर्वेयर
पदों की संख्या: 667
आवेदन कब से कब तक: 16 मार्च से 6 अप्रैल
वेबसाइट: mahanadicoal.in

**BPSC**
संस्थान: बिहार लोक सेवा आयोग
पद का नाम: सिविल जज
पदों की संख्या: 173
आखिरी तारीख: 18 मार्च
वेबसाइट: bpsc.bihar.gov.in

**PNRD**
संस्थान: पंचायत एवं ग्रामीण विकास आयुक्तालय, असम
पद का नाम: इंजीनियर, ग्राम रोजगार सहायक, कंप्यूटर असिस्टेंट, ग्राम पंचायत कोऑर्डिनेटर
पदों की संख्या: 1508
आखिरी तारीख: 22 मार्च
वेबसाइट: rural.assam.gov.in

**एजुकेशन**
संस्थान: राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय
पद का नाम: प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर
पदों की संख्या: 8
आखिरी तारीख: 15 मार्च
वेबसाइट: curaj.ac.in

**Indian Navy**
संस्थान: भारतीय नौसेना
पद का नाम: एसएसआर मेडिकल
आवेदन कब से कब तक: 14 मार्च-6 अप्रैल
वेबसाइट: joinindiannavy.gov.in

**BARC**
संस्थान: भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
पद का नाम: जूनियर रिसर्च फेलोशिप
पदों की संख्या: 105
आखिरी तारीख: 31 मार्च
वेबसाइट: barc.gov.in

**BEL**
संस्थान: भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
पद का नाम: हवलदार (सुरक्षा बल) और ड्राइवर ग्रेड ग्रुप-III
पदों की संख्या: 6
आखिरी तारीख: 15 मार्च
वेबसाइट: bel-india.in

**AWBI**
संस्थान: एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया
पद का नाम: मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS)
पदों की संख्या: 3
आखिरी तारीख: 31 मार्च
वेबसाइट: awbi.gov.in

**NIT**
संस्थान: नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलजी
पद का नाम: असिस्टेंट रजिस्ट्रार, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, टेक्नीशियन, टेक्निकल असिस्टेंट, जूनियर असिस्टेंट, सुपरिंटेंडेंट
पदों की संख्या: 38
आखिरी तारीख: 24 मार्च
वेबसाइट: mis.nitp.ac.in


## Montfort World School, Karnal
Hiring for CBSE & Cambridge School

Montfort World School Karnal, a school of Holistic international Education following CBSE / Cambridge curriculums invites applications for following posts:

| CBSE School | Cambridge School |
|---|---|
| 1) Transport Manager | 1) Cambridge Principal |
| 2) Librarian | 2) Cambridge Headmistress |
| 3) Admin Officer | 3) Teachers teaching Cambridge programme |
| 4) Estate Officer | 4) Librarian |
| 5) Maintenance supervisor | |
| 6) TGT & PGT Teachers | |

Salary & perks best in industry. Accomodation provided by school for family.
Experienced candidates can apply on
md@montfortworld.com | Website: www.montfortworld.com

## बी ई एम एल लिमिटेड BEML LIMITED
(A Govt. of India Undertaking)
(Schedule 'A' Company under the Ministry of Defence)
Regd. Office : BEML Soudha, 23/1, 4th Main, Sampangirama Nagar, Bengaluru-560 027, INDIA

BEML Limited, India's leading multi-technology company under the Ministry of Defence has successfully spearheaded with its realm of producing world-class products over the last six decades, in the core sectors - Defence & Aerospace, Rail, Power, Mining & Construction. BEML invites result-oriented aspirants to partner in its journey towards excellence.

| Sl No | Position | No of Vacancy | Advt. No |
|---|---|---|---|
| 1 | ED (Gr X) / CGM (Gr IX) for FPI&IC | 1 | KP/S/02/2026 Dt.11.03.2026 |
| 2 | AGM (Gr-VI) for Maritime Business | 1 | |
| 3 | Engineer (Gr II) / Asst. Manager (Gr III) & Manager (Gr IV) for SBU Aerospace | 6 | |
| 4 | Engineer (Gr II) for Sustenance (Rail & Metro) | 5 | |

Motivated & Result oriented professionals seeking challenging roles may please visit the career page on BEML website "www.bemlindia.in" for detailed advertisement and application process.

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
राष्ट्र की रक्षा के लिए बेहतरीन तकनीकी समाधान
(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
CIN: L32309KA1954GOI000787

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी तथा भारत की अग्रणी पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी को बेंगलुरु कॉम्प्लेक्स के लिए निम्नलिखित पेशेवरों की आवश्यकता है।

| पद / ग्रेड | अर्हता | यथा दिनांक 01.03.2026 को अर्हतोत्तर अनुभव | पदों की सं. |
|---|---|---|---|
| स्थायी आधार पर: | | | |
| सहायक प्रबंधक (कानून)/ ई-III | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से कानून (एलएलबी/बीएल) में स्नातक की डिग्री। एलएलएम के साथ अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | 4 से 5 वर्षों का संगत अनुभव | 01 |
| उप प्रबंधक (कानून)/ ई-IV | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय से कानून (एलएलबी/बीएल) में स्नातक की डिग्री। एलएलएम के साथ अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। | 8 से 9 वर्षों का संगत अनुभव | |
| नियत अवधि के आधार पर (5 साल की अवधि): | | | |
| उप अभियंता / (ई-II) | बी.ई./बी.टेक /बी.एससी अभियांत्रिकी – सिविल | शून्य | 28 |
| | बी आर्क | शून्य | 04 |
| | एमसीए (बागवानी) | शून्य | 03 |

विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.bel-india.in की "Careers" भाग को देखें।
'हर एक काम देश के नाम'

## CHILDREN COLLEGE & SCHOOLS
AZAMGARH (U.P.)
Phone No- 7607013694, 9129198409
Email id-childrencollegeazm@gmail.com
(Affiliated to C.I.S.C.E. New Delhi, C.B.S.E. New Delhi)

"WANTED FOLLOWING STAFF (EITHER SEX)"
STRICTLY ENGLISH MEDIUM

**PRINCIPAL FOR C.I.S.C.E. COLLEGE** - Post Graduate & Trained, Teaching experience 10 yrs. PGT & 05 year experience as a Vice Principal in +2 CISCE schools PREFERENCE WILL BE GIVEN TO FULL FLEDGED PRINCIPAL.
**HEADMISTRESS FOR C.B.S.E. & CAMBRIDGE SCHOOLS** - Post Graduate, Trained & experienced.
**VICE PRINCIPALS** - Post Graduate & Trained, Teaching experience 08 yrs. PGT & 03 yrs as a Vice Principal in CISCE & CBSE Boards.
**COORDINATORS** - For Primary, Junior & Senior Classes: Qualifications- As Per The C.I.S.C.E. & C.B.S.E. Norms.
**PGT** - Physics, Chemistry, Biology, Mathematics, Computer Science (MCA, Expert in JAVA, Distance Education N.A.), Economics, Physical Education.
**QUALIFICATION**- Post Graduate & trained, Preference will be given to experienced.
**TGT** - English, Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Geography, History-Civics, Hindi, Computer Science (B.C.A./PGDCA, Distance Education N.A.) and Physical Education (Expert in Athletics).
**PRT** - English, Mathematics, Science, History-Civics, Geography, Hindi, Computer Science (B.C.A./ PGDCA) Vocal Music & Dance Teacher (LADIES).
**PREP & NURSERY TEACHERS.**
Qualification for TGT, PRT, Prep & Nursery Teacher- Graduate & Trained, Preference will be given to experienced.
**NODAL SECURITY OFFICERS** - Preference will be given to experienced/Defence Personnel.
**CLERKS**- Twelve/Graduate. Expert in Computer.
**ACCOUNTANTS**- Graduate, Knowledge of Accounts & Tally.
**SALARY** - **Principal** - 01.50 Lacs To 03.00 Lacs P.M., **Headmistress** - 75,000 to 01.00 Lac P.M., **V. Principal** - 70,000 To 01 Lac P.M., **PGT** - 70,000 To 90,000 P.M., **TGT** - 45,000 To 60,000 P.M., **PRT** - 25,000 To 45,000 P.M., **Prep & Nursery Teacher** - 20,000 To 35,000 P.M, **Nodal Security Officer & Accountant** - 40,000 To 60,000 P.M., **Clerk** - 25,000 To 50,000 P.M.,

Note :- If selected, you may get more salary than mentioned above. If you produce salary proof, getting more than the above.

Facilities: Free Accommodation, Education to Staff Children, E.P.F. and other Facilities Available.

APPLY in handwritten application with full particulars, all years mark sheets and certificates self attested with latest passport size photograph through registered post so as to reach within 15 days from the date of advertisement to THE MANAGER, CHILDREN COLLEGE & SCHOOLS, AZAMGARH -276001 (UP).

ATTEND INTERVIEW as follows :-
• T.G.T., P.R.T., Prep & Nursery Teacher on 28.03.2026 at 10:00 a.m.
• Principal, Headmistress, P.G.T., Nodal Security Officer, Accountant and Clerk on 29.03.2026 at 10:00 a.m.
Interview Address:- Children Sr. Secondary School (CBSE Board), Near Belaisa Flyover, Azamgarh, U.P.
MANAGER

## IDBI BANK
Bank Aisa Dost Jaisa
CIN: L65190MH2004GOI148838
पंजीकृत कार्यालय : आईडीबीआई बैंक लि. आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005
टेलीफोन: 022-66553355
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
भर्ती हेतु विज्ञापन सं. 6 & 7/2025-26

सहायक प्रबन्धक - ग्रेड 'ए'
कनिष्ठ सहायक प्रबन्धक - ग्रेड 'ओ'
2026-27

आईडीबीआई बैंक लि. निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है

| क्रमांक | पद | संभावित रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबन्धक - ग्रेड 'ए' | 200 |
| 2. | कनिष्ठ सहायक प्रबन्धक - ग्रेड 'ओ' (जेएएम) | 1100 |

पात्रता मानदंड (आयु, योग्यता, आदि), अपेक्षित शुल्क और अन्य विवरण हेतु कृपया बैंक की वेबसाइट www.idbi.bank.in के 'कैरियर' खंड पर विज़िट करें।
ऑनलाइन पंजीकरण - मार्च 8, 2026 से मार्च 19, 2026 तक
नोट: [illegible]
स्थान: मुंबई — महाप्रबंधक-एचआरएम

## Dr. Rajendra Prasad National Law University, Prayagraj
(Established by the U.P. Act No. 26 of 2020)
Date of Advertisement- 06.03.2026

Recruitment Notification for the Post of Assistant Professors in Law
(Advt. No. RPNLUP/Faculty/03/2026)

Dr. Rajendra Prasad National Law University, Prayagraj invites applications for the following regular positions -

| Sl No | Subject | Number of Positions | Category | Pay Scale (As per the Revised Matrix) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Law | 05 | Unreserved | Rs. 15,600-39,000 Level- 10 Academic Grade Pay- 6,000 |
| 2. | | 04 | OBC-NCL of UP | |
| 3. | | 02 | SC of UP | |
| 4. | | 01 | EWS of UP | |

* Last date for submitting application form is **06th April 2024.**
* Details are available at the University's website i.e. https://www.rpnlup.ac.in. Interested candidates may apply by downloading the application form from there.
Registrar

## Shashi Madan Public School
शशि मदन पब्लिक स्कूल
(AN INSTITUTION OF M. P. SINGH FOUNDATION)

Established in 2023, Shashi Madan public School is dedicated to providing quality education and holistic development for the students. Affiliated with the Central Board of Secondary Education (CBSE), the school adheres to the highest educational standards. Shashi Madan Public School, Chandausi inviting applications for various positions for the upcoming academic session 2026-27. The available positions are:

WE'RE HIRING
Note
• Competitive salary package offered
• Accommodation available for outstation candidates

1. Post Graduate Teachers (PGT)
• Languages: English, Hindi
• Science: Physics, Chemistry, Biology
• Commerce: Accounts, Business Studies, Economics
• Humanities: Sociology, Political Science, History, Fine Art
• Others: Mathematics, Computer Science, Physical Education
2. Trained Graduate Teachers (TGT)
• Languages: Hindi, English, Sanskrit
• Core: Mathematics, Science, Social Science, Computer Science
3. Primary & Nursery (PRT/NTT)
• PRT: Hindi, English, Mathematics, EVS, Computer Science
• NTT: Nursery Trained Teachers
4. Activity & Specialized Staff
• Arts: Music, Dance, Art & Craft
• Support: Special Educator, Librarian, PTI (Physical Training)
5. Administration & Support
• Office: Accountant, Receptionist
• Labs: Lab Attendants (Science & Computer)

Qualifications: All candidates must meet the qualifications as per CBSE norms.
Application process: Interested candidates should send their applications along with a CV & recent passport-sized photograph to the school's email: smps.mpsf@gmail.com
Shiv Shakti Nagar, NH 509, Near Venus Sugar Ltd. Chandausi, District : Sambhal, UP (India)
9258159506/9258159507

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(रेल मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक उपक्रम)
पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लेट-ए, 6वीं मंजिल, कार्यालय ब्लॉक-2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023
वेबसाइट: www.railtel.in, CIN: L64202DL2000GOI107905

**रेलटेल कॉर्पोरेशन में सीधी भर्ती के लिए सांकेतिक सूचना- रिक्ति सूचना संख्या: आरसीआईएल/2026/पी एंड ए/44/1**

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड भारत सरकार के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, निम्नलिखित 09 पदों के लिए भारतीय नागरिकों से गुरुग्राम और हैदराबाद में इसके डेटा सेंटरों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:
• उप प्रबंधक/तकनीकी (सिस्टम एडमिन) : सीटीसी (लगभग) - रु. 12 लाख+ पीआरपी
• प्रबंधक/तकनीकी (डेटाबेस एडमिन, आईटी): सीटीसी (लगभग) - रु. 15 लाख + पीआरपी
• वरिष्ठ प्रबंधक/तकनीकी ( सिस्टम एडमिन, सुरक्षा, आईटी) : सीटीसी (लगभग) - रु. 18 लाख + पीआरपी
निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन इस कार्यालय में डाक द्वारा दिनांक 06.04.2026 तक पहुंच जाना चाहिए।
उपरोक्त रिक्ति सूचना के लिए विस्तृत सूचना और आवेदन पत्र रेलटेल की वेबसाइट https://www.railtel.in/careers.html पर वर्तमान जॉब ओपनिंग्स अनुभाग के अंतर्गत देखा जा सकता है।
कार्यकारी निदेशक / मानव संसाधन

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अगरतला
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY AGARTALA
Barjala, Jirania (W) Tripura - 799046

सं. F.NITA.2(545-Estt)/2022/11450 — दिनांक: 23/02/2026

**संकाय भर्ती सूचना**

एनआईटी अगरतला के विभिन्न शैक्षणिक विभागों में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जमा करने के दो चरण हैं: (1) आवेदकों को संस्थान की वेबसाइट (http://www.nita.ac.in/) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रणाली के माध्यम से आवेदन करना होगा। (2) अगले चरण में, भरे हुए आवेदन की मुद्रित प्रति सभी स्व-सत्यापित दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रार, एनआईटी अगरतला को जमा करनी होगी।
आवेदकों से अनुरोध है कि वे पदों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, अन्य मानदंड और संकाय पदों पर चयन के लिए निर्देश देखें, जो संस्थान की वेबसाइट (http://www.nita.ac.in/) पर उपलब्ध है।
ऑनलाइन पोर्टल की प्रारंभिक तिथि : 01.03.2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31.03.2026
आवेदन की प्रिंटेड कॉपी मिलने की अंतिम तिथि : 15.04.2026
विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण नीति भारत सरकार के नियमों के हिसाब से लागू होगी। अभ्यर्थी को अपने ऑनलाइन आवेदन जमा करने होंगे और उसके बाद ऑनलाइन आवेदन की प्रिंटेड कॉपी सभी सहायक दस्तावेजों के साथ कुलसचिव कार्यालय, एनआईटी अगरतला को भेजनी होगी।
कुलसचिव

## HLL Lifecare Limited
एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड
(A Government of India Enterprise)
CIN: U25193 KL 1966 GOI 002621
Corporate & Regd. Office: Poojappura, Thiruvananthapuram-695 012, Kerala

**WALK-IN SELECTION FOR PHARMACIST**

**HLL Lifecare Limited (HLL)** has set up AMRIT Pharmacies at **AIIMS, Jhajjar, and at various other locations in Gurugram.** Applications are invited from qualified, dynamic, and performance-driven pharmacist professionals for engagement on a **Fixed Term Contract (FTC)** basis for the following positions.

| Sl No. | Position | Qualification & Experience |
|---|---|---|
| 1 | Assistant Pharmacist | D.Pharm/B.Pharm Freshers can apply |
| 2 | Pharmacist Grade IV | D.Pharm/B.Pharm with minimum 2 years post qualification experience in retail pharmacy |
| 3 | Pharmacist Grade III | D.Pharm/B.Pharm with minimum 4 years post qualification experience in retail pharmacy |
| 4 | Pharmacist Grade II | D.Pharm/B.Pharm with minimum 6 years post qualification experience in retail pharmacy |
| 5 | Pharmacist Grade I | D.Pharm/B.Pharm with minimum 8 years post qualification experience in retail pharmacy |

**Date of Walk-In Selection: 18.03.2026**
**Time: 10.00 AM to 12 PM**
**Venue: Quality Inn Gurgaon, Old Delhi Gurugram Rd, Sector 14, Gurugram, Haryana 122007**
**Age Limit:** The maximum age limit is **37 years as of 01.03.2026.**
Submission of a valid Pharmacy Council Registration Certificate of Haryana is mandatory for all Pharmacist positions.
For more details on eligibility criteria and to download the application form, please visit: **www.lifecarehll.com/careers**
Contact No: **9188401559**, Email: **rbdhr@lifecarehll.com**
स्वस्थ पीढ़ियों के लिए नवाचार | Innovating for Healthy Generations

## सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम) (एक नवरत्न कंपनी)
CIN No. U40106DL2011GOI225263

अधिसूचना संख्या. 02/2026
**अनुभवी पेशेवरों के लिए भर्ती**

सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेकी) [illegible]

नियमित पद

| क्र. सं. | पद | ग्रेड | पदों की संख्या | आईडीए पैटर्न में वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महाप्रबंधक (पीपीएंडएम) | ई-8 | 1 (अना.) | ₹1,20,000–2,80,000/- (आईडीए) |
| 2. | प्रबंधक (वित्त) | ई-4 | 1 (अना.) | ₹70,000–2,00,000/- (आईडीए) |
| 3. | वरिष्ठ लेखाकार अधिकारी | ई-2 | 3 (1–ओबीसी-एनसीएल, 1–एससी, 1–ईडब्ल्यूएस) | ₹50,000–1,60,000/- (आईडीए) |
| 4. | कनिष्ठ लेखाकार | एस-1 | 2 (1–एससी, 1–ईडब्ल्यूएस) | ₹22,000–80,000/- (आईडीए) |

संविदा आधार के कार्यकारी पद:

| क्र. सं. | पद | एफटीई ग्रेड | पदों की संख्या | समेकित निश्चित मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ अभियंता (ओएंडएम) | एफटीई: ई-2 | 3 (3–अना.) | ₹50,000/- |

ओबीसी/एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस /दिव्यांग / भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण/छूट / रियायत भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

वरिष्ठ सलाहकार पद:

| क्र. सं. | पद | पदों की संख्या | वेतनमान (प्रत्येक माह) |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ सलाहकार (व्यापार विकास) | 9* | ₹1,25,000/- |

09 पद – प्रत्येक राज्य के लिए 1 पद – राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश।
अधिक विस्तृत सूचना हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.seci.co.in के 'Careers' अनुभाग पर जाएं।
ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 23.02.2026 (प्रातः 11:00 बजे) से आरंभ होगा तथा 23.03.2026 (सायं 5:00 बजे) को बंद हो जाएगा।
स्वच्छ भारत – स्वच्छ ऊर्जा

## मुंबई पत्तन प्राधिकरण

निम्नलिखित श्रेणी-I पद के लिए आवेदन मंगाए गए हैं:

| सं.क्र. | पद का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| i. | सहायक निदेशक (EDP) | 01 अनारक्षित |
| ii. | सहायक निदेशक (अनुसंधान) | 01 अनारक्षित |
| iii. | खानपान अधिकारी | 01 अनारक्षित |
| iv. | सहायक अधिशासी अभियंता (M/E)-(विद्युत) | 01 अनारक्षित |
| v. | अधिशासी अभियंता (विद्युत) | 02 अनारक्षित |
| vi. | अधिशासी अभियंता (यांत्रिकी) | 02 अनारक्षित |
| vii. | उप सचिव | 01 अनारक्षित |
| viii. | वरिष्ठ कल्याण अधिकारी | 03 अनारक्षित {01 PwBD (HH) आरक्षित} |
| ix. | उप प्रबंधक (कल्याण) | 02 अनारक्षित |

सभी विवरण वेबसाइट www.mumbaiport.gov.in (People & Career/ Jobs/ Advertisement Menu) पर उपलब्ध हैं।)
a) ऊपर दिए गए पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ऊपर दी गई वेबसाइट पर दिए गए लिंक के ज़रिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। )
b) ऑनलाइन आवेदन जमा करने और शुल्क अदा करने की आखिरी तारीख 06/04/2026 है।
MbPA-56-2025

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in